राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक-14
लखनऊ, शुक्रवार 30 अगस्त, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



इंडस्ट्रियल-कॉमर्शियल प्लॉट्स के आवंटन का मार्ग प्रशस्त करेगी सरकार 03

एससीओ समिट के लिए पाकिस्तान ने पीएम मोदी को किया आमंत्रित 12

# कांग्रेस के भ्रष्टाचार का स्मारक है कानपुर का लाल इमली : योगी

**घोषणा**

- सीएम योगी ने किया 745 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण
- भ्रष्टाचार का स्मारक बन चुकी लाल इमली का होगा पुनरुद्धार



**कानपुर, समृद्धि न्यूज।**

कानपुर का एक समय था कि यहां कि चिमनियों से बराबर धुआं निकलता था। यहां के उद्योग धंधे पूरे देश में प्रसिद्ध थे। इसीलिए कानपुर को उत्तर पूर्व का मैनचेस्टर कहा जाता था लेकिन कांग्रेस की सरकार की वजह से यहां के उद्योग धंधे धीरे-धीरे बंद हो गए। इससे रोजगार के संकट पैदा हुए हैं और लोग बेरोजगार हो गए। अभी मैं अपने वरिष्ठ मंत्री सुरेश खन्ना के साथ कार से आ रहा था तो रास्ते में लाल इमली मिल देखा कि इतना बड़ा उद्योग धंधा कांग्रेस की नीतियों से कैसे बंद हो गया जो देश ही नहीं विदेश में भी अपना डंका बजवाता था। इस पर हमने तय किया है कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार का स्मारक बन चुकी लाल इमली का पुनरुद्धार कराया जाएगा। यह बातें गुरुवार को 745 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करने कानपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही।

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर पहुंचे और सीसामऊ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को देखते हुए सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज में जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने आठ हजार से अधिक छात्रों को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किया। इसके साथ ही एक हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र प्रदान किया और बाद में 745 करोड़ की विकास योजनाओं का बटन दबाकर शिलान्यास व लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने सुरक्षा, सुशासन और विकास का मॉडल दिया है। जबकि इसके पहले सपा सरकार में उत्तर प्रदेश अपनी पहचान के लिए मोहताज था। गुंडागर्दी और अपराध व दंगे उनकी सरकार में होते थे। जो नौजवान बाहर जाता था, उसे अपनी पहचान का संकट होता था। साढ़े सात वर्ष के कार्यकाल में हमने विकास सुशासन और कानून व्यवस्था कैसी होनी चाहिए, आज उत्तर प्रदेश तय कर रहा है। अभी मैं रास्ते में अपने वरिष्ठ सहयोगी मंत्री सुरेश खन्ना के साथ आ रहा था तो रास्ते में एक इमारत मिली जिसका नाम है लाल इमली। यह लाल इमली जो कभी अपनी पहचान देश ही नहीं विदेशों में बनाई हुई थी। आज कांग्रेस के भ्रष्टाचार का स्मारक बन चुकी है। हमारी सरकार बड़े पैकेज के साथ इसका पुनरुद्धार करवाएगी और एक बार फिर लाल इमली के उत्पाद वैश्विक स्तर पर पहचान बनाएंगे।

### युवाओं को रोजगार देने के लिए उद्योगों को दे रहे बढ़ावा

पूर्ववर्ती सपा सरकार पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सपा के लोग अपने इतिहास की पुनरावृति करने को आतुर हैं। इनकी पहचान गुंडागर्दी अपराध और व्यापारियों को परेशान करना है। इनका दिखावे का चेहरा और है। अंदर का चेहरा और है। आज जो अपने कृत्य से सीसामऊ विधानसभा का विधायक इरफान सोलंकी जेल में बंद है। वह देश के तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जो कानपुर के ही रहने वाले हैं, उनके आगमन पर दंगों की साजिश रच रहा था। अभी हाल ही में इनके तीन कांड सामने आए हैं। अयोध्या में एक निषाद बेटी के साथ इनका नेता बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। दूसरी घटना लखनऊ में इन्हीं के लोगों ने किया। जब बारिश के दौरान पिता बेटी रास्ते से निकल रहे थे और उनके ऊपर पानी फेंका जा रहा था। तीसरी घटना कन्नौज की है जिसे नवाब कांड कहा जाता है। इसमें भी इन्हीं का नेता बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ कर रहा था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारी सरकार में सरकारी नौकरी में किसी को सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ती है। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से होती है। हम लोग युवाओं को रोजगार देने के लिए उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं। 2017 में हमने 20000 करोड़ का लक्ष्य ग्लोबल इन्वेस्टर समिति में रखा था जो अब 40000 करोड़ का हो गया है। आगामी साल में 2 लाख सरकारी नौकरी देने जा रहे हैं। इसमें 60 हजार पुलिस भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस भर्ती की प्रक्रिया भी इस तरह चल रही है कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता एक लाख पुलिस की भर्ती की जाएगी। उसमें 20 फ़ीसदी बेटियों की भर्ती होगी।

### भाजपा सरकार में विकास भी होगा सुरक्षा भी होगी और सुशासन का मॉडल भी होगा

एक करोड़ से अधिक नौजवानों के लिए प्राइवेट क्षेत्र में नौकरी दी जाएगी। 50 लाख नौजवानों को योजनाओं के जरिए स्वत: रोजगार के लिए जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि आज कानपुर मेट्रो सिटी बन चुका है। भाजपा सरकार में विकास भी होगा सुरक्षा भी होगी और सुशासन का मॉडल भी होगा। सीसामऊ सीट से सपा विधायक रहे इरफान के पाप का घड़ा फूट चुका है और वह आज जेल में है। हम सीसामऊ की जनता से अपील करते हैं कि विकास के साथ आएं। भाजपा सरकार में विकास की योजनाओं का लाभ सबको दिया जा रहा है। न किसी की जाति देखी जा रही है न धर्म देखा जा रहा है। अभी जो 745 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण हुआ है, यह सभी के लिए है। हमें उम्मीद है कि अबकी बार उपचुनाव में सीसामऊ की जनता विकास के साथ खड़ी होगी।

# वन विभाग के पिंजड़े में कैद हुआ आदमखोर भेड़िया

- 35 गांवों में बनी हुई है दशहत, अभी दो मिलने बाकी, अब तक आठ मासूम बन चुके हैं निवाला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में लोगों को अपना निशाना बना रहे भेड़िया को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। उसे रेंज कार्यालय लाया जा रहा है। वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजड़े में भेड़िया फंस गया। बहराइच वन प्रभाग के सदर रेंज के कई गांवों में भेड़िया मासूमों के साथ बड़ों को निवाला बना रहा है। अब तक तीन भेड़िया पकड़े जा चुके हैं। वन क्षेत्राधिकारी दीपक सिंह ने बताया कि महसी के सिसैया चूडामडी गांव के कोलैला गांव में जाल और पिंजड़ा लगाया गया था। गुरुवार को सुबह 11.10 बजे भेड़िया जाल में कैद हो गया। इसके बाद उसे पिंजड़े में किया गया। रेंज कार्यालय लाया जा रहा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। भेड़िया पकड़े जाने की सूचना पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पकड़ा गया भेड़िया नर है, उसकी पांच वर्ष से अधिक है।प्रभागीय वनधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि अभी दो और भेड़िए का मूवमेंट कछार में है उसको भी पकड़ने के प्रयास किया जा रहे हैं।

प्रदेश की मुख्य वन संरक्षक रेणु सिंह ने बताया कि आज पकड़े गए नर भेड़िए को हम लोग गोरखपुर जू भेज रहे हैं। आज पकड़े गए भेड़िए को मिलाकर कुल चार भेड़िए पकड़े जा चुके हैं। अभी दो और भेड़िए का इलाके में मूवमेंट है जिसे हम लोग शीघ्र ही पकड़ लेंगे।

### प्रभारी मंत्री ने शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस



प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज निषाद, भाजपा पदाधिकारी रणविजय सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, देवेन्द्र मिश्रा व अन्य पाटी पदाधिकारियों तथा अधिकारियों के साथ तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम रायपुर के मजरा दीवानपुरवा पहुंचकर हिंसक वन्य जीव के हमले में मृतक 6 वर्षीय आयांश पुत्र सजन पासवान के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार, शासन व प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि हिंसक वन्यजीवों के हमलों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी चिन्तित हैं तथा स्थिति पर निगाह रखे हुए हैं।

# रिटायर कर्मचारी के खिलाफ नहीं हो सकती विभागीय जांच कार्यवाही : हाईकोर्ट

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने के बाद वह कर्मचारी नहीं रह जाता। इसलिए सेवानिवृत्ति के बाद उसके खिलाफ नियमानुसार विभागीय जांच नहीं की जा सकती।

इसी के साथ कोर्ट ने राज्य भंडारण निगम फतेहपुर के सेवानिवृत्त कर्मचारी के खिलाफ प्रबंध निदेशक द्वारा 27 लाख 21 हजार 930.26 रूपये की वसूली आदेश रद्द कर दिया और कोर्ट ने कहा विभागीय जांच में कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। याची को साक्ष्य देने व सुनवाई का मौका नहीं दिया गया और एकपक्षीय जांच रिपोर्ट के आधार पर सेवा से हटाकर वसूली आदेश जारी किया गया। कोर्ट ने राज्य भंडारण निगम के वरिष्ठ अधिवक्ता ओ. पी. सिंह के इस तर्क को मानने से इंकार कर दिया कि विभाग को नियमित जांच करने के लिए प्रकरण विभाग में वापस भेजा जाय। क्योंकि विभागीय जांच कार्यवाही याची के सेवानिवृत्त होने से पहले शुरू की गई थी और बाद में दंडित किया गया। श्कोर्ट ने कहा सेवानिवृत्त होने के बाद याची निगम का वो कर्मचारी ही नहीं रहा तो उसके खिलाफ विभागीय जांच कैसे की जा सकती है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने भंडारण सहायक रहे सुंदरलाल की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए दिया है।



**फैसला**

- कोर्ट ने कहा, सेवानिवृत्त होते ही कर्मचारी, कर्मचारी नहीं रह जाता
- राज्य भंडारण निगम के एमडी के याची से 27 लाख 21 हजार की वसूली आदेश रद्द

## आरजी कर कांड : 13 दिनों में 100 घंटे से ज्यादा पूछताछ



**कोलकाता, एजेंसी।** महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में सीबीआई ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष से 13 दिनों में 100 घंटे से ज्यादा पूछताछ की है। गुरुवार को 14वें दिन संदीप घोष एक बार फिर सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई कार्यालय में पूछताछ के लिए पहुंचे हैं। आज भी उनसे गहन पूछताछ की जाएगी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने 15 अगस्त को आरजी कर कांड की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा था। इसके बाद से पिछले 14 दिनों में संदीप घोष को 13 बार पूछताछ के लिए बुलाया गया, जिसमें उन्हें लगभग 103 घंटे तक सीबीआई के सवालों का सामना करना पड़ा। महिला डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म के इस जघन्य मामले के अलावा सीबीआई को आरजी कर अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इन दोनों मामलों में संदीप घोष को मुख्य आरोपित बनाया गया है। सीबीआई की लगातार पूछताछ के बीच इस बात की उम्मीद जताई जा रही है कि मामले में जल्द ही कोई महत्वपूर्ण खुलासा हो सकता है। जांच एजेंसी इस मामले से जुड़े हर पहलू को बारीकी से खंगाल रही है, ताकि सच्चाई को सामने लाया जा सके।

# बृजभूषण शरण सिंह ने दिल्ली हाई कोर्ट का किया रुख

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

महिला पहलवानों के यौन शोषण के मामले के आरोपित और बीजेपी नेता बृजभूषण शरण सिंह ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर और ट्रायल कोर्ट की ओर से आरोप तय करने को चुनौती देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। इस मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट में 26 जुलाई से ट्रायल शुरू हो चुका है। 21 मई को बृजभूषण शरण सिंह और दूसरे सह आरोपित विनोद तोमर ने कोर्ट से कहा था कि वे ट्रायल का सामना करेंगे। दोनों ने मामले में कोर्ट द्वारा तय आरोपों को स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा कि कोई गलती नहीं की है तो मानने का सवाल ही नहीं है।



# लखनऊ के डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगों ने की 48 लाख की ठगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उप्र की राजधानी लखनऊ में डिजिटल अरेस्ट कर लोगों से ठगी करने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक बार फिर ऐसा ही एक मामला सामने आया है। अलीगंज निवासी एक डॉक्टर को जालसाजों ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर 48 लाख की ठगी को अंजाम दिया है। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक अलीगंज में रहने वाले अशोक सोलंकी फिजिशियन डॉक्टर है। उनके पास फेडेक्स कोरियर कंपनी का कर्मचारी बनकर 20 अगस्त को एक साइबर ठग ने फोन किया। ठग ने उनसे कहा कि ईरान से आपके नाम पर एक पार्सल आया है। पार्सल में जाली पासपोर्ट, लैपटॉप, पेन ड्राइव और कुछ मादक पदार्थ हैं। इस मामले में आपके खिलाफ मुंबई क्राइम ब्रांच में मुकदमा दर्ज किया गया है। बकौल डॉक्टर अशोक, इसके बाद ठग ने डॉक्टर की मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बने दूसरे ठग से बात कराकर मामला सुलझाने की बात कही। इस पर डॉक्टर उसकी बातों में आ गए। थोड़ी देर बाद डॉक्टर के पास दूसरे ठग ने स्काइप कॉल किया और खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। उसने कहा कि आपके खाते से करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेनदेन हुए हैं। इसकी जांच की बात कह कर डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट किया। डॉक्टर के खातों की रकम चेक करने के लिए आरबीआई का खाता बताकर एक खाते में रकम ट्रांसफर कराई। चेकिंग के बाद एक घंटे में रकम वापस ट्रांसफर करने का झांसा दिया। आरबीआई का खाता जानकर डॉक्टर सोलंकी ने 48 लाख रुपये उस खाते में ट्रांसफर कर दिए।



## भारत को मिली दूसरी परमाणु पनडुब्बी अरिघाट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट गुरुवार को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हो गई। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के तेजी से बढ़ते कदमों के बीच परमाणु मिसाइलों से लैस पनडुब्बी के मिलने से नौसेना की समुद्री सामरिक क्षमता और मजबूत होगी। साथ ही भारत को पानी के युद्ध में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता मिल जाएगी। पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट को विशाखापट्टनम के जहाज निर्माण केंद्र पर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी वेसल (एटीवी) प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया है।

# गाजियाबाद में चादर गैंग ने चुराई थी तीन करोड़ की घड़ियां

**पर्दाफाश**

- दो आरोपी गिरफ्तार, इण्टरनेशनल ब्राण्ड की 125 घड़ियां बरामद

**गाजियाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्राइम ब्रांच व स्वाट टीम ट्रान्स हिंडन जोन व थाना इन्दिरापुरम पुलिस ने गुरुवार को इन्दिरपुरम इलाके में साँई क्रिएशन शोरूम का शटर उखाड़कर विभिन्न इंटरनेशनल ब्राण्ड की तीन लाख रुपये की घड़ियों की चोरी की घटना का खुलासा करते हुए वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इण्टरनेशनल ब्राण्ड की 125 घड़ियां बरामद हुईं हैं।






# अधिकारियों का दावा, थमी घाघरा की लहरें, माथुरपुर सुरक्षित

- बाढ़ खण्ड के साथ ही तहसील प्रशासन ने की रात-भर निगरानी
- दिन में भी तहसील प्रशासन व बाढ़ के अधिकारी रहे तैनात



**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

धौरहरा तहसील क्षेत्र के सुजानपुर गांव के मजरा माथुरपुर में घाघरा नदी कृषि योग्य भूमि कि कटान कर गांव की ओर बढ़ रही थी।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे तहसील प्रशासन व बाढ़ खण्ड के अधिकारियों ने रात भर बचाव कार्य करवाकर नदी की धारा दूसरी तरफ मोड़ कर राहत की सांस ली। नदी की धारा दूसरी तरफ मुड़ जाने के बाद माथुरपुर गांव के ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली। फिर भी बाढ़ खण्ड के साथ ही तहसील प्रशासन गांव की सतत निगरानी कर रहा है। धौरहरा तहसील क्षेत्र में शारदा व घाघरा नदी प्रति वर्ष बाढ़ व काटान के रुप में तबाही मचाती हैं। जिससे यहां के निवासियों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। बुधवार को घाघरा नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाते हुए कृषि योग्य भूमि का कटान शुरू कर सुजानपुर गांव के माथुरपुर गांव की तरफ बढ़ने लगी। घाघरा नदी का रौद्र रूप देखकर दहशत में आए ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव को बचाने की गुहार लगाई।

जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार रात्रि आठ बजे तहसील प्रशासन और बाढ़ खण्ड के अधिकारियों ने गांव जाकर घाघरा नदी की धारा को मोड़ने कि प्रयास शुरू कर दिया। बाढ़ खण्ड के अधिशाषी अभियंता व एसडीएम राजेश कुमार की देख-रेख में सहायक अभियंता बीडी गौतम , सहायक अभियंता एचआर वर्मा के साथ ही चार जूनियर अभियन्ताओं की टीम ने छः जेसीबी की मदद से परक्यूपाइन व बम्बूक्रेट डालने का काम 200 मज़दूरों से करवाया गया।

> कटान की सूचना मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार रात्रि आठ बजे से ही स्लोप कटिंग, बम्बूक्रेट व परक्यूपाइन डालकर कटान रोधी कार्य किए गए हैं। गांव अब सुरक्षित है फिर भी कटान रोधी काम करवाकर उसपर नजर रखी जा रही है।
> बीडी गौतम सहायक अभियंता बाढ़ खण्ड

> बाढ़ खण्ड द्वारा करवाए गए कटान रोधी काम के बाद घाघरा नदी का कटान थम गया है। फिर भी बाढ़ खण्ड द्वारा करवाए जा रहे काम की मौके पर मौजूद रहकर निगरानी की जा रही है।
> आदित्य विशाल तहसीलदार धौरहरा

अधिकारियों की देख-रेख में बुधवार की शाम आठ बजे शुरू हुआ काम गुरुवार सुबह सात बजे तक चलता रहा उसके बाद नदी का कटान रोका जा सका।

घाघरा नदी का कटान रुकने के बाद अधिकारियों सहित माथुर पुर के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बाढ़ खण्ड के सहायक अभियंता बीडी गौतम व तहसीलदार आदित्य विशाल की देख-रेख में गुरुवार को भी कटाव रोधी कार्य करवाए जाते रहे।

# मुख्यमार्ग पर अतिक्रमण के कारण जल भराव

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खण्ड मितौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कल्लुआ मोती मुख्य मार्ग के समीप बनी नाली को कुछ ग्रामीणों द्वारा अवरुद्ध कर दिये जाने के कारण ग्रामीणों के घरों का गन्दा पानी मुख्य मार्ग पर भरा हुआ है।

ज्ञात हो कि फत्तेपुर वाया ककरहा तक प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत उक्त मार्ग निर्मित है। ग्राम कल्लुआ मोती में नागरिकों द्वारा मुख्यमार्ग पर अतिक्रमण भी कर रखा है। जिसके कारण यातायात में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कस्ता विधान सभा व गोला विधान सभा को जोड़ता है यह मार्ग काफी व्यस्ततम मार्ग है फिर भी ग्राम पंचायत कल्लुआ मोती के दबंग ग्रामीणों द्वारा सड़क के समीप तक अपने मकानों का निर्माण कर रखा है जिससे आये दिन कल्लुआ मोती में दुर्घटनाएं होती रहती है।

ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा विकास कार्यों में कोई रुचि नही ली जा रही है आये दिन दबंग ग्रामीणों द्वारा घरों का गन्दा पानी सड़क के समीप बनी नाली को अवरुद्ध कर दिया जाता है। जिसके कारण घरों का गन्दा पानी सम्पर्क मार्ग पर भर जाता है। इसी क्रम में ग्रामपंचायत कल्लुआ मोती निवासी गौरव मिश्रा द्वारा ग्राम पंचायत कल्लुआ मोती में कराये गये विकास कार्यो ,आवास योजना तथा शौचालय योजना का लाभ प्राप्त करने वाले नागरिकों की पात्रता की जांच कराए जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी खीरी को प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया है। तथा ग्राम पंचायत में कराए गए समस्त विकास कार्यों की भी जांच कराये जाने की मांग की है।

# कंटेनर ने मासूम को मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना मैलानी चौकी क्षेत्र संसारपुर नेशनल हाईवे गोला खुटार निकट धन्जु पेट्रोल पंप के पास 13 वर्षीय साइकिल सवार मासूम बालक को तेज रफ्तार कंटेनर ने सामने से टक्कर मार दी जिससे बच्चा कंटेनर के पहिए में फंस गया और गंभीर घायल हो गया। साइकिल सवार बालक राजेंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल संसारपुर का कक्षा तीन का छात्र था जो अपने घर से विद्यालय साइकिल से जा रहा था, खुटार की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी जिससे साइकिल सवार जैस खां उम्र करीब 13 वर्ष पुत्र अच्छन खां ग्राम अंगदपुर थाना मैलानी जिला खीरी कंटेनर में फस गया और बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे तत्काल इलाज के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिओम मिश्रा ने विद्यालय वाहन से तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची संसारपुर चौकी पुलिस ने कंटेनर व ड्राइवर को हिरासत में लेकर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गोला के डॉक्टर ने बच्चे की स्थिति नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई मौत की खबर सुनकर बच्चे के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# पुरस्कार व ट्रॉफी देकर छात्रों को किया सम्मानित



- हर्षित राज को मैन ऑफ द मैच व विशाल राठौर को मैंन मिली ऑफ़ द सीरीज

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यान चंद्र के जन्मदिन को हम सब राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप मे मानते है। उसी क्रम मे गुरुवार को मितौली कस्बा स्थित केदार सिंह मेमोरियल इंटर कालेज में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच कक्षा 11व कक्षा 10 के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच 10 ,10 ओवर का मैच खेला गया जिसमे कक्षा 11की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया कक्षा 11 की टीम ने पहले बैटिंग करते हुये 125 रन बनाए कक्षा 11 की तरफ से टीम में सर्वाधिक स्कोर प्रकाशचंद्र ने 44 रन 14गेदो पर बनाए जिसमें 6 छक्के शामिल थे। कक्षा 10 की टीम की तरफ से सर्वाधिक विकेट हर्षित पाल ने लिया तीन ओवर में 45 रन खर्च करके 3विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कक्षा 10 की टीम ने 11 बॉल शेष रहते मैच को जीत लिया। जिसमें सर्वाधिक रन हर्षित राज 31 व विवेक यादव 27 रन बनाये कक्षा 11 की टीम में सर्वाधिक विकेट नमन दीक्षित ने लिए कक्षा 10 के हर्षित राज को मैन ऑफ द मैच तथा विशाल राठौर को मैंन ऑफ़ द सीरीज घोषित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक धीरेन्द्र सिंह ने पुरस्कार व ट्रॉफी देकर छात्रों को सम्मानित किया। मैच मे अंपायर की भूमिका अभिषेक वर्मा व दुर्गेश गुप्ता ने निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय मिश्रा, उप प्रधानाचार्य भानू तिवारी व खेल शिक्षक अभिषेक वर्मा, सचिन महेद्रा,दुर्गेश गुप्ता सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाये उपस्थिति रहे।

# मैनुअल स्केवेंजरों, अस्वच्छ शौचालयों की मांगी गई सूचना

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग, उप्र शासन लखनऊ द्वारा उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका में पारित आदेश के अनुपालन में हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुर्नवास अधिनियम -2013 (एमएसएक्ट-2013) के अन्तर्गत मैनुअल स्केवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। यह जानकारी डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दी। डीएम ने बताया कि उक्त के क्रम में जनपद खीरी में सीडीओ ने समस्त ईओ नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को पत्र प्रेषित किया था, जिसकी सूचना शून्य प्राप्त हुई है, उसके उपरान्त भी यदि कोई इस कार्य में संलिप्त शेष रह गया है, तो तत्क्रम में मैनुअल स्कैवेंन्जरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगरीय क्षेत्र में समस्त ईओ नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सम्बन्धित ब्लॉक के एडीओ (पंचायत) एवं सहायक/ग्राम विकास अधिकारी (स.क.) तथा कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) एवं पदेन जिला प्रबन्धक उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि. विकास भवन के समक्ष अपना स्वघोषणा आवेदन-पत्र जमाकर दावा कर सकते हैं। दावा प्रस्तुत करने हेतु अन्तिम तिथि 05 सितंबर 2024 निर्धारित की जाती है।

## इंडियन बैंक शाखा खमरिया परिसर के अंदर से महिला का मोबाइल चोरी

**ईसानगर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र की इंडियन बैंक शाखा खमरिया से चोरी हुआ महिला का मोबाइल कहीं ना कहीं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठता दिखाई देता है। दिनांक 29/08/2024 को सीमा देवी पत्नी श्यामकिशोर से मिली जानकारी के अनुसार अपने पैसे निकालने के वास्ते इंडियन बैंक शाखा खमरिया गई थी, जिसमे विड्रोल भरते वक्त किसी के द्वारा उनका मोबाइल निकाल लिया गया जिसकी जानकारी बैंक शाखा परिसर में उपस्थित अधिकारियो को दी तथा थाना खमरिया में तहरीर देकर इस संबंध में थाना प्रभारी खमरिया विवेक कुमार उपाध्याय को अवगत कराया द्य

थाना प्रभारी ने जांच का आश्वासन देते हुए दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही।

## खबरें एक नजर में

### चोरों ने चोरी का किया प्रयास, पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर



**लखीमपुर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के बसढ़िया गांव में चोरों ने एक घर के पीछे की दीवार में नकब लगाकर चोरी का असफल प्रयास किया, गृह स्वामी के जग जाने के चलते चोर चोरी करने में कामयाब न हो सके और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने खमरिया पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बसढ़िया निवासी हर्षित मिश्रा पुत्र मनोज मिश्रा ने थाना खमरिया में तहरीर देकर अवगत कराया है, कि बुधवार की रात उनके घर के पीछे की दीवार में अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन खटपट की आवाज सुनकर घर के लोगों के जग जाने के कारण वह चोरी करने में असफल रहे। और मौके से भाग गए। पीड़ित ने खमरिया पुलिस को तहरीर देखकर कार्यवाही की मांग की है।

### कस्बा संसारपुर में मनाया गया दही हांडी का उत्सव



**संसारपुर खीरी।** विकासखंड बांकेगंज के कस्बा संसारपुर स्थित भुवनेश्वरी देवी मंदिर मे दही-हांडी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। दही-हांडी का त्योहार भाद्रपद में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के के बाद मनाया जाता है। भुवनेश्वरी देवी प्रांगण में सुबह से दही हांडी की धूम रही। कई फीट ऊंचाई पर फूलों से सजी लटकती दही हांडी (मटकी) को गोविंदा पथक घूमकर उत्साह के साथ फोड़ा दही हांडी फोड़ कर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की उद्घोष किए गए। इस मौके पर देवी मंदिर की मुख्य कार्यकर्ती श्रीमती देवी, वीरेंद्र मिश्रा, प्रधान पुत्र सूरज देवल अमृत विचार संवाददाता सर्वेश गुप्ता राजेश अर्कवंशी ,श्रीपाल अर्कवंशी उत्तम यादव ,प्रशांत चौधरी आदि भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### बुखार से ग्रसित मरीजों का हुआ परीक्षण



**मितौली खीरी।** क्षेत्र में मच्छर जनित रोगों के बढ़ते प्रकोप के चलते ग्रामीण क्षेत्र में नागरिकों को मलेरिया डेंगू बुखार जैसे रोगों की बढ़ती संख्या को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी खीरी व जिलाधिकारी खीरी के निर्देश के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मितौली के अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह द्वारा स्वास्थ शिविर का आयोजन कर बुखार से ग्रसित मरीजों का परिक्षण कराकर दवाओ का निशुल्क वितरण कराया गया।क्षेत्र के ग्राम कचियानी, पियरा ग्रँट कस्तूरबा विद्यालय मितौली में स्वास्थ सिविर में विशेष रूप से सहयोग किया गया साथ ही दवायों का वितरण किया गया । क्षेत्र के ग्राम कचियानी में 155 मरीज देखे गए 55 मरीजो की जांच की गई जिसमे 4 मरीज मलेरिया पॉजिटिव पाए गए तथा 155 मरीजों को दवाएं वितरित की गई । वहीं पियरा ग्रंट में कुल 86 मरीजों को देखा गया,18 मरीजों का परीक्षण किया 86 मरीजों को दवाओ का वितरण किया गया । वहीं मितौली कस्बे के कस्तूरबा विद्यालय में कुल 96 मरीजों का पंजीकरण कराया गया जिसमे 13 मरीजों के सैंपलों की जांच की गई।

# मनमाने ढंग से खुल रहा आंगनवाड़ी केंद्र, इंतजार में बैठे रहते बच्चे




**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ईसानगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत लखपेड़ा मे आंगनवाड़ी केंद्र पर कार्यकत्री तथा सहायिका समय पर नहीं पहुंचती है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लखपेड़ा में आंगनवाड़ी केंद्र पर पदस्त आंगनवाडी कार्यकर्ता केंद्र पर नही पहुंच रही है, केंद्र में ताला लगा रहता है, जिस संबंध में ग्रामीणों ने इसकी लिखित सूचना केंद्र चित्र सहित सीडीपीओ ईसानगर को तथा जिला परियोजना अधिकारी बाल विकास को दी जिस पर ग्रामीणों को सिर्फ कार्यवाही का आश्वासन मिलता रहा। लेकिन अब तक न किसी प्रकार की कार्यवाही हुई और न ही कार्य में सुधार हुआ तथा बच्चो को मिलने वाला राशन तथा खाना, सब जिले से लेकर ब्लॉक तक ही सीमित रहता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 28/08/2024 और 29/08 /2024 को केंद्र नही खुला जिसपर ग्रामीणों ने बच्चो के बयान के साथ उच्च अधिकारियो को पुनः लिखित शिकायत की है।

- ग्रामीणों को सिर्फ कार्यवाही का मिलता रहा आश्वासन

> मेरे द्वारा सीडीपीओ ईसानगर प्रयंका कुमारी को फोन किया गया लेकिन फोन ना उठ सका तब पश्चात डीपीओ खीरी भरता प्रसाद को फोन किया गया उनका भी फोन नही उठा सीडीओ खीरी के सी यू जी नंबर पर समस्याओं से रूबरू कराया गया तथा व्हाट्सएप के माध्यम से संबंधित मामले के छायाचित्र भी साझा किए गए।

> सीडीपीओ ईसानगर को तथा जिला परियोजना अधिकारी बाल विकास को दी जिस पर ग्रामीणों को सिर्फ कार्यवाही का आश्वासन मिलता रहा।

# कस्बे में धूमधाम से निकाली गई दधिकान्धौ की शोभा यात्रा

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को कस्बे में धूमधाम से दधिकान्धौ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में दर्जनों लोग शामिल रहे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बाद कस्बे में दधिकान्धौ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का प्रारंभ रामलीला मैदान शिव मंदिर से हुआ जहां पर मनमोहक रूप से झांकी को सजाया गया। जिसके बाद झांकी को पूरे कस्बे में घुमाया गया।

गाजे-बाजे के साथ कस्बे के शिव मंदिर से शाम चार बजे के लगभग निकली यात्रा बाजार के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए पनाहपुर रोड तक गई। वहां से वापस होते हुए शोभा यात्रा का समापन शिव मंदिर रामलीला मैदान में किया गया। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से अमरीश गुप्ता, डॉक्टर राहुल, शिवम सक्सेना, सुशील प्रजापति, दिलीप सक्सेना, शिवम शरण सक्सेना, आदि सैकड़ो लोग शामिल हुए। सुरक्षा के दृष्टिगत थाना पुलिस मुस्तैद रही शोभा यात्रा के साथ-साथ उप निरीक्षक गिरजेश कुमार, कांस्टेबल विवेक, अमित आदि लोग शामिल रहे।

# बिजुआ क्षेत्र में नहीं थम रहीं वारदातें खेत में लगा पानी का मोटर चोरी

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

चौकी क्षेत्र में आए दिन चोरियां हो रही हैं चारों ओर दहशत का माहौल है पुलिस प्रशासन का खौफ अपराधियों में समाप्त हो चुका है इसी के चलते पिपरा खुर्द गांव में किसान के खेत में लगा पानी का मोटर बुधवार रात चोरों ने चोरी कर लिया।

पीड़ित ने लिखित तहरीर पुलिस में दी है पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बिजुआ चौकी क्षेत्र के गांव पिपरा खुर्द निवासी किसान राजीव शुक्ला उर्फ गिरिजा सरन पुत्र राजेश शुक्ला के खेत मे लगा पानी का मोटर पर बुधवार देर रात चोर खोल ले गए। सुबह जब किसान राजीव शुक्ला खेत को पहुंचे तो देखा कि खेत मे लगा मोटर गायब था। किसान राजीव ने बताया कि दो दिन पहले मोटर चलाया था और फिर बन्द करके मोटर वाले कमरे में ताला लगाकर बन्द किया था।

बृहस्पतिवार सुबह धान में पानी लगाने के लिए पाइप लाइन बिछाई जब मोटर चालू करने गए तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था और मोटर गायब था। पास पड़ोस के लोगों से पता किया तो कोई पता नहीं लग पाया है। पीड़ित ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस जांच में जुट गई है। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना है।

# कमीशन का चढ़ा खुमार, ड्राइवर बना अवैध अस्पताल का मालिक

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोला गोकर्णनाथ में एक दो नही कई दर्जनों की संख्या में मानक विहीन तरीके से अवैध अस्पतालों का संचालन हो रहा है।

इन फर्जी अस्पतालों में डिग्री होल्डर डॉक्टर तो ना के बराबर मिलते हैं लेकिन ऐसे अस्पतालों के बोर्ड पर कई बड़े-बड़े एमबीबीएस डॉक्टर के नाम लिखे होते हैं। यहां तक कि कुछ गिने-चुने एमबीबीएस डॉक्टर के नाम एक नहीं कई अस्पतालों के बोर्ड पर देखने को मिल जाएंगे।

चिकित्सा विभाग की लचर कार्यशैली के साथ साथ फर्जी अस्पताल प्रबंधन और आशा बहू की मजबूत साथ गांठ के चलते इस प्रकार के दर्जनों अस्पताल प्रबंधन फल फूल रहे हैं। आशा बहुओं के साथ सेटिंग कर ऐसे फर्जी अस्पतालों के मालिक अकूत संपत्ति बनाने में पूरी तरह माहिर हो चुके हैं।

**सीज करने पर भी नई बिल्डिंग में संचालित हो जाता अस्पताल**

गोला नगर में आए दिन फर्जी अस्पतालों का संचालन होता रहता है हालांकि चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा ऐसे अस्पतालों पर कार्यवाही भी की जाती है लेकिन कुछ लोग चिकित्सा अधिकारियों की आंखों में भी धूल झोंक कर अस्पताल के सीज होने के बाद दूसरी बिल्डिंग में नाम बदलकर पुनः अस्पताल का संचालन करना शुरू कर देते हैं। बता दे लखीमपुर रोड पर मधु हॉस्पिटल नाम से संचालित अस्पताल इससे पूर्व 2 बार सीज किया जा चुका है फिर भी जगह बदलकर तीसरी बार पुनः संचालित हो रहा है।

**कमीशन का चढ़ा खुमार ड्राइवर बना फर्जी अस्पताल का मालिकः** नगर के कुछ अन्य अस्पताल प्रबंधन के लोगों द्वारा नाम न छापने की शर्त पर बताया गया कि इस अस्पताल का मालिक कभी ड्राइवर हुआ करता था एक दिन ऐसे ही किसी पेशेंट को अपनी चार पहिया गाड़ी से किसी अस्पताल को छोड़ने चला गया।

इसके एवज में इसको 2000 का कमीशन मिल गया उसी दिन से ड्राइवर को पता चल गया कि इस धंधे में काफी लाभ है जिसके चलते ड्राइवरी करते करते धीरे-धीरे सवारियों को लाना ले जाना कम कर दिया और प्रसव के लिए ले जाने वाली प्रसूताओं को अस्पतालों तक ले जाने का काम शुरू कर दिया।

> इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक गोला डॉक्टर गणेश ने बताया कि ऐसे अस्पताल की जानकारी हुई है। जल्द ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

**ड्राइवर को मिला कई अस्पतालों में काम करने का मौका**

ड्राइवर द्वारा महीने में कई प्रसूताओ को अस्पताल तक पहुंचाने का जब काम शुरू कर दिया गया, काम को देखते हुए कई अस्पताल के मालिकों ने उक्त ड्राइवर को अपने अस्पताल में नौकरी भी दी लेकिन ड्राइवर धीरे-धीरे अस्पताल को चलाने का तरीका जान गया देखते ही देखते बन गया फर्जी अस्पताल का मालिक।

# चरने के लिए निकला हाथियों का झुंड हुआ बेकाबू

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



14 अगस्त को सोनारीपुर रेंज दक्षिण वन प्रभाग से विहार के लिए निकले हाथियों का एक झुंड भटक गया। जिसके बाद भटके झुंड ने किसानों की फसलों को भी रौंद डाला। इसके बाद वन महकमे ने कारगर प्रयास करते हुए ड्रोन से निगरानी के साथ झुंड को 29 अगस्त को वापस रेंज की ओर मोडने का सफल प्रयास किया। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया खीरी की दक्षिण सोनारीपुर रेंज के अंर्तगत 14 अगस्त 24 को राजकीय हाथियों को गैण्डा पुर्नवास प्रथम क्षेत्र में विहार के लिए छोडा गया था। जिन्हें काबू करने के लिए महावतों व चाराकटरों ने 15 अगस्त को सुबह से ही प्रयास किया। इसी दौरान राजकीय नर हाथी गजराज बेकाबू होकर जंजीरे व बेडी तोडते हुए चराई क्षेत्र से बाहर चले गए। राजकीय हाथियों की कडाई निगरानी के लिए डा रंगाराजू टी उपनिदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया के कुशल निर्देशन में क्षेत्रीय वन अधिकारी दक्षिण सोनारीपुर रेंज की अगुआई में महावत, चाराकटर व अन्य सहयोगियों ने अथक प्रयास करते हुए ड्रोन कैमरों से निरंतर निगरानी की। तकनीकी कार्य में विश्व प्रकृति निधि भारत की टीम ने विभाग का सहयोग किया। इसके पश्चात राजकीय हाथी गजराज व अन्य छहः मादा हाथियों किरन, कावेरी, सुहेली, पवनकली, चमेली, सुलोचना की 29 अगस्त को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर अभिरक्षा में लिया गया।

रेस्क्यू कार्य में राजपाल सिंह क्षेत्रीय वनाधिकारी दक्षिण सोनारीपुर रेंज व महावत, चाराकटर, आउटरीच प्रोग्राम इंचार्ज संदीप कुमार फार्मासिस्ट सहित विभागीय कर्मी व सहयोगी मौजूद रहे। मामले की सूचना प्रधान वन संरक्षक वन्य जीव उत्तर प्रदेश लखनऊ सहित जिला सूचना अधिकारी लखीमपुर को प्रेषित की गई है।



## हिंसक पशु ने बछिया को बनाया निवाला

**बिजुआ खीरी।** वन रेंज भीरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीबीपुर के आसपास विचरण कर रहे किसी हिंसक पशु ने बुधवार रात एक किसान के पशुबाड़े में बंधी बछिया को अपना निवाला बना लिया। वन विभाग के लचर रवैये के कारण क्षेत्र में हिंसक पशुओं का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। भीरा वन रेंज क्षेत्र के गांव बीबीपुर में बुधवार की रात में किसी हिंसक पशु ने गांव निवासी ईश्वर सिंह के पशु बाड़े में बंधी बछिया को पशुबाड़े से उठा ले गया और अपना निवाला बना लिया। पशु बाडे में बंधी बछिया की रस्सी टूटी हुई थी।पशुपालक पता लगाने के लिए जैसे ही आगे बढ़ा तो देखा कि पास में ही बछिया को किसी जानवर ने खा डाला है। ईश्वर सिंह ने इसकी जानकारी पास पड़ोस के लोगों को दी जहां दर्जनों की संख्या में ग्रामीण डंडा लाठी लेकर हिंसक जानवर की तलाश करने निकल पड़े।

# दो डॉक्टरों समेत पांच पर हत्या का मुकदमा दर्ज

- गलत तरीके से टांके लगाने पर लगातार होता रहा रक्त स्राव

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव छाउछ निवासी एक ग्रामीण ने दो डाक्टरों सहित पांच लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। मामला प्रसव के बाद शिशु की मौत से जुड़ा है।

पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।शहर से सटे गांव छाउछ निवासी कमाल अहमद खान ने बताया कि उसने अपनी पुत्री सालिया खान को प्रसव पीड़ा होने पर 18 अप्रैल 24 की शाम चार बजे उसे महेवागंज के शिफा मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के डॉ. जेड हुसैन और डॉ. तरन्नुम ने पुत्री का स्वास्थ्य परीक्षण कर कई जांचें कराईं। जांच के बाद आई रिपोर्ट में दोनों डॉक्टरों ने पुत्री को बिल्कुल ठीक बताया था। डॉ. जेड हुसैन ने उनसे 15 हजार रुपये ले लिए और लिए गए रुपयों की कोई रसीद नहीं दी। इसके बाद 19 अप्रैल को जब दोबारा अस्पताल पहुंचा तो देखा कि उसकी की तबीयत अधिक खराब थी। पुत्री का आरोप है कि डॉ. जेड हुसैन, डॉ. तरन्नुम, स्टाफ नर्स निशा, सहायिका चेतना व सूफिया के साथ राउंड पर आए और उसकी पुत्री का परीक्षण करते हुए उसे प्रसव कक्ष में ले गए। इसके बाद डॉ. जेड हुसैन ने ऑपरेशन करने की बात कहते हुए 25 हजार रुपयों की मांग की। इसके बाद पीड़ित ने किसी तरफ इंतजाम करते हुए 10 हजार रुपये डॉ. जेड हुसैन को दिए और 15 हजार रुपये बाद में देने की बात कही थी। नर्स शिफा, सहायिका चेतना व सूफिया ने छोटा आपरेशन कर प्रसव करवा दिया। आरोप है कि अस्पताल में कोई भी बालरोग विशेषज्ञ नहीं था। आरोप है- डाक्टरों की लापरवाही के कारण 20 अप्रैल 2024 को नवजात की मौत हो गई। जिसकी शिकायत कमाल अहमद खां ने कोतवाली सदर, पुलिस अधीक्षक खीरी, जिलाधिकारी खीरी से की थी परंतु न्याय न मिल पाने से विवश होकर न्यायालय की शरण ली न्यायालय के आदेश पर पांचों आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।





# इंडस्ट्रियल-कॉमर्शियल प्लॉट्स के आवंटन का मार्ग प्रशस्त करेगी सरकार

- मेगा ई-ऑक्शन के जरिए बड़े स्तर शुरू होगी प्रकिया
- सीएम योगी के विजन अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने शुरू की आवेदन की प्रक्रिया



### 145 स्क्वेयर मीटर से लेकर 19,769.48 स्क्वेयर मीटर के प्लॉट हैं उपलब्ध

यूपीसीडा द्वारा आयोजित कराए जा रहे मेगा ई-ऑक्शन के जरिए जिन 107 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों के आवंटन का मार्ग सुनिश्चित हो रहा है उनमें सबसे छोटा प्लॉट मथुरा के कोसी कोटवन आईआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित है। यह 145 स्क्वेयर मीटर प्रसार क्षेत्र वाला प्लॉट होगा जिसकी रिजर्व प्राइस 5.11 लाख रुपए निर्धारित की गई है। वहीं, ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव में 19,769.48 स्क्वेयर मीटर के प्रसार क्षेत्र वाले प्लॉट की रिजर्व प्राइस 44.91 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इस मेगा ई-ऑक्शन के जरिए सामान्य इंडस्ट्रियल प्लॉट्स, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, दुकानें, प्रिमाइसेस यूज, बैंक्वेट हॉल व होटल जैसी सुविधाओं का विकास हो सकेगा।

### कई औद्योगिक क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की विकास प्रक्रियाओं को बढ़ा रहा यूपीसीडा

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि यूपीसीडा द्वारा प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की विकास प्रक्रियाओं को पूर्ण किया जा रहा है। इस क्रम में, मथुरा के कोसी कोटवन, कोसी कलां, फिरोजाबाद, भोगांव, मैनपुरी, आगरा के सिकंदरा, लखनऊ के कुर्सी रोड, चिनहट व हरदोई के संडिला समेत विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी इंस्टॉलेशन व एनुअल मेंटिनेंस की प्रक्रिया पर कार्य जारी है। इसी प्रकार, उन्नाव के ट्रांस गंगा सिटी में रोड, ड्रेन, कल्वर्ट व साइकिल ट्रैक के निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है। अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन 3.0 के अंतर्गत भी यूपीसीडा द्वारा विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसमें 33/11 केवी पावर फीडर की लाइन व 33/11 (1×10 एमवीए) के सब स्टेशन की गाजियाबाद के टीडीएस सिटी स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में स्थापना की प्रक्रिया को भी गति दी जा रही है।

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने और प्रदेश में औद्योगिक व व्यवसायिक गतिविधियों को गति देने के लिए योगी सरकार सितंबर महीने में मेगा ई-ऑक्शन का आयोजन करने जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने 15 जिलों में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन व 8 जिलों में व्यवसायिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस क्रम में, 4 सितंबर को आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है जबकि मेगा ई-ऑक्शन को 13 सितंबर को ऑनलाइन लिंक के जरिए पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रक्रिया के अंतर्गत जिन 8 जिलों में कॉमर्शियल प्लॉट्स की आवंटन प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा उसमें अमेठी, बरेली, बाराबंकी, जालौन, मुरादाबाद, मथुरा, व प्रयागराज प्रमुख हैं। वहीं, मेगा ई-ऑक्शन के जरिए अमेठी, अमरोहा, बांदा, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, कानपुर देहात, मथुरा, मैनपुरी, मुजफ्फरनगर, संभल, शाहजहांपुर, उन्नाव, सहारनपुर व वाराणसी प्रमुख हैं। इस प्रक्रिया में दोनों ही केटेगरीज के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के प्लॉट्स नीलामी के लिए उपलब्ध हैं। कुल मिलाकर, इस मेगा ई-ऑक्शन के जरिए 107 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों के आवंटन का मार्ग सुनिश्चित हो सकेगा।

## अधिशासी अभियंता निलंबित, जेई बर्खास्त

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उप्र जल निगम ग्रामीण के महानिदेशक (आईएएस) डॉ. राजशेखर ने सीतापुर में ट्रायल के दौरान पानी की टंकी धराशाही होने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने मानक विहीन पानी टंकी बनाए जाने के मामले में अधिशासी अभियंता आलोक पटेल और सहायक अभियंता विनोद को निलंबित कर दिया है। जबकि जेई को बर्खास्त करने की कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जा रही है। ठेकेदार समेत अन्य जिम्मेदारों की लापरवाही के आधार पर कार्यवाही प्रचलित है।

उल्लेखनीय है कि उप्र के सीतापुर जनपद में जल जीवन मिशन के तहत विकासखंड महोली के गांव चितहला में पानी की टंकी का निर्माण किया गया था। इसमें तीन करोड़ 75 लाख रुपये की लागत आई थी। बीते रविवार को पानी की टंकी का पेयजल की सप्लाई को लेकर ट्रायल किया गया। ट्रायल के दौरान ही भरभराकर करोड़ों की लागत से बनी पानी की टंकी जमींदोज हो गई। पानी की टंकी के साथ ही बाउंड्री वॉल भी पूरा गिर गयी। गनीमत यह रही कि थोड़ी दूर पर मौजूद गार्ड इसकी चपेट में नहीं आए वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था। इस मामले में जिला स्तर पर एसडीएम अभिनव यादव ने जांच कर पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी थी। इस रिपोर्ट को जिलाधिकारी द्वारा शासन को भेजा गया था। रिपोर्ट के आधार पर उप्र जल निगम ग्रामीण के महानिदेशक डॉ. राजशेखर ने उक्त कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं।

## खबरें एक नजर में

### डेंटिस्ट ने महिला आईआरएस अधिकारी को धमकाया

**लखनऊ।** गोमतीनगर थाना अंतर्गत एक प्रतिष्ठित होटल से कॉल कर महिला आईआरएस अधिकारी को कॉल पर धमकी दी गई। इसके बाद वह राज भवन किसी काम से गई तो वहां भी कॉल कर धमकाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल किया तो फोनकर्ता शाहजहांपुर जनपद का एक डेंटिस्ट निकला। इसके आधार पर पुलिस ने डेंटिस्ट पर शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी के मुताबिक, गत 18 अगस्त को राजधानी में कार्यरत महिला आईआरएस अधिकारी के पास गोमतीनगर के रेनेसा होटल के लैंडलाइन से कॉल आई। कॉल रिसीव करने पर फोनकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से जारी वारंट पर उन्हें जेल भेजने की धमकी दी। होटल के सीसीटीवी फुटेज से पुष्टि हुई है। इसके आधार पर पुलिस ने शाहजहांपुर जनपद के डेंटिस्ट रचित मेहरोत्रा की गिरफ्तारी की। हालांकि, महिला अधिकारी की तरह से लिखित शिकायत न मिलने के चलते पुलिस ने उस पर शांतिभंग की कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि अभी तक महिला अधिकारी को धमकी देने की वजह साफ नहीं हो सकी है। जबकि, महिला अधिकारी और डेंटिस्ट का कोई भी संपर्क नहीं हैं। फिलहाल, पुलिस डेंटिस्ट के मोबाइल की सीडीआर रिपोर्ट खंगालने में जुटी है। जांच में यह भी सामने आया कि बुधवार को डेंटिस्ट ने राजभवन में लगे एक लैंड लाइन पर कॉलकर फोन रिसीव करने वाले शख्स को धमकाया था। शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आई। जिसके बाद पुलिस ने नंबर को ट्रैक कर आरोपित डेंटिस्ट को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में डेंटिस्ट ने बताया कि वो राहगीरों को इमरजेंसी बताकर उनका मोबाइल मांगता था, फिर किसी को भी कॉल कर धमकी देता था। इसी तरह वह किसी भी होटल में ठहरकर वहां लगे लैंडलाइन नंबर से कॉलकर धमकी देता था। डेंटिस्ट ने बताया कि वह अक्सर रेंडम कॉल किया करता थ, पूर्व में भी उसने कई लोगों को कॉल पर धमकी दी है।

### सिख समाज ने किया फिल्म इमरजेंसी का विरोध

**लखनऊ।** हिमाचल की मंडी सीट से एक्ट्रेस भाजपा सांसद कंगना रनोट की फिल्म इमरजेंसी का लखनऊ सिख समाज के लोगों ने विरोध किया है। कंगना की ये फिल्म पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में लगाई गई इमरजेंसी पर बनाई गई है। जिसमें सिखों को खालिस्तानी बताया गया है। ये फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होनी है। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की बैठक में सिख समाज के लोगों ने पुरजोर तरीके से कंगना निर्देशित फिल्म का विरोध किया। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने ट्रेलर में दिखाए गए दृश्यों पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि इसमें सिखों को गलत तरीके से पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि फिल्म में सिखों को खालिस्तानी बताकर उनकी छवि धूमिल की गई है, जो सिख समाज को कतई बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार को लेटर लिखकर फिल्म की रिलीज रोकने की मांग उठाई है। महामंत्री सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने कहा कि, शनई फिल्म शइमरजेंसीश् में सिखों को गलत तरीके से पेश करने की खबरें सामने आ रही हैं, इससे समाज में शांति और कानून की स्थिति बिगड़ने की आशंका है। अगर इस फिल्म में सिखों को अलगाववादी या आतंकवादी के रूप में दिखाया गया है तो यह एक गहरी साजिश है। उन्होंने कहा कि कंगना को पहले इतिहास की जानकारी लेनी चाहिए। सरदार तेजपाल सिंह ने कहा कि देश में दो प्रतिशत आबादी वाले सिख समाज का 15 वीं शताब्दी से आज तक 90 प्रतिशत बलिदान है। उन्होंने कट्ध्टरवादी महिला पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने कहा कि यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक हमला है, जिस पर सरकार को पहले से ध्यान देकर दूसरे देशों में सिखों के प्रति नफरत भड़काना बंद कर देना चाहिए।श् इस मौके पर डॉक्टर गुरमीत सिंह, लखविंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह, धमन सिंह आदि मौजूद रहे।

### बच्चों की खेल प्रतिभा से अभिभूत हुए अभिभावक

**लखनऊ।** महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अर्शफाबाद द्वारा 'स्पोर्टस डे' का आयोजन आज विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि ओलंपियन एवं एथलीट तथा रेलवे में मण्डलीय मुख्य टिकट निरीक्षक के पद पर कार्यरत् श्री गुलाब चंद एवं विशिष्ट अतिथि व रणजी ट्राफी क्रिकेटर साहब युवराज सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्रों की खेल प्रतिभा देख अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गये। प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न रोचक खेल प्रतियोगिताओं द्वारा इण्डिया फिट एण्ड यंग का सन्देश दिया। खेल समारोह का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना से हुआ एवं इसके उपरान्त खेल की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदकों की जबरदस्त होड़ रही और छात्रों ने अपनी शक्ति, दमखम, प्रतिभा व क्षमता का भरपूर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में कक्षा 3 से 5 के लिए जिग ज़ैग रेस से लेकर कक्षा 2 के लिए पार्टनर रेस और मोंटेसरी के लिए ऑब्सटेकल्स रन शामिल थे। सी.एम.एस. के हेड कम्यूनिकेशन श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि समारोह पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ, जिससे छात्रों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सौहार्द की भावना को बढ़ावा मिला। खेल प्रतिस्पर्धाओं में विजयी छात्रों को सार्टिफिकेट, मैडल व शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सी.एम.एस. अर्शफाबाद की प्रधानाचार्या श्रीमती अनुपमा चेकर ने इस अवसर पर कहा कि छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए शारीरिक विकास का होना अति आवश्यक है और यह खेलों द्वारा ही सम्भव है। अतः इस तरह के आयोजनों से छात्रों में आपसी सहयोग, आत्म विश्वास व जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

## धरोहरों, स्मारकों व किलों के इतिहास को दर्शाते हुए लगाये जाएं शिलालेख : जयवीर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पुरातत्व निदेशालय को निर्देश दिये हैं कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित प्राचीन धरोहरों, स्मारकों, किला एवं भवनों के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक योगदान को पर्यटकों को अवगत कराने के लिए सभी स्थलों पर पूर्ण विवरण के साथ तीन महीने के अंदर शिलालेख लगाया जाए। इस शिलालेख में धरोहर का इतिहास, कहानी तथा किवदंतियों आदि को भी दर्शाया जाए।

पर्यटन मंत्री गुरुवार को गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में राज्य पुरातत्व परामर्शदात्री समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। यूपी प्राचीन एवं ऐतिहासिक धरोहरों से समृद्ध प्रदेश है। यहां कदम-कदम पर प्राचीन स्मारकों के अवशेष तथा ढांचे हैं। पर्यटन की दृष्टि से ऐसे भवनों को पीपीपी मॉडल पर रखरखाव तथा हेरीटेज होटल विकसित करने के लिए इनको संरक्षित किया जाना जरूरी है। स्मारकों के मौलिक स्वरूप से छेड़छाड़ किये बिना इनका निरीक्षण कार्य विशेषज्ञ की देखरेख में कराया जाए। जिन स्थलों को संरक्षित तथा जिन स्थलों को असंरक्षित घोषित किया जाना है, उसके बारे में विस्तार से अध्ययन की आवश्यकता है। जिन जिलों में सर्वेक्षण नहीं हुआ है उनके सर्वेक्षण के लिए ग्लोबल टेण्डर आमंत्रित किये जाए। धरोहरों को संरक्षण में लिये जाने से पूर्व राजस्व अभिलेखों को भी देखा जाए ताकि पता चले कि इसका क्षेत्रफल कितना है। स्मारकों को संरक्षित करने के बाद वहां तक पहुंचने के लिए पहुंच मार्ग तथा सम्पूर्ण सांस्कृतिक इतिहास का शिलापट्ट लगाया जाए।

उन्होंने सर्वेक्षण में विलम्ब के लिए विभागीय अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये बैठक में पुरातत्व निदेशालय लखनऊ एवं क्षेत्रीय पुरातत्व इकाईयों द्वारा असंरक्षण के लिए प्रस्तावित स्मारकों के संबंध में विस्तार से सुझाव लिये गये।

महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों पर बोलीं मायावती

## दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कड़े कदम उठाएं

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



देशभर में महिलाओं के साथ हो रही दुष्कर्म, हत्या और आत्महत्या जैसी घटनाएं हर दिन सामने आती है। बीते दिनों पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हुई डॉक्टर के साथ रेप और फिर हत्या की घटना पर सियासी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है।

इन घटनाओं के बीच अब उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड में भी दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। बरेली में मंगलवार को दुष्कर्म पीड़िता ने आत्महत्या कर अपनी जान दे दी। इसी बीच बसपा प्रमुख मायावती ने गुरुवार को राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वे महिलाओं के साथ अपराध के खिलाफ दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कड़े कदम उठाएं।

मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि देश में कभी बंगाल, कभी महाराष्ट्र के बदलापुर, कभी बिहार तो कभी उत्तर प्रदेश के कन्नौज, आगरा एवं फर्रुखाबाद जिले में मासूम नाबालिग बच्चियों और महिलाओं के साथ खासकर दुष्कर्म, हत्या और आत्महत्या जैसी हो रही घटनाएं अति दुःखद एवं चिंताजनक हैं। इसी के आगे मायावती ने यह भी कहा कि केंद्र व सभी राज्य सरकारें इस मामले में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कदम उठाएं ताकि ऐसी घटनाएं बंद हो, ना कि इसकी आड़ में राजनीति की जाए। यही समय की मांग है तथा यही महिलाओं के हित में भी है।

### उप्र में इनकम टैक्स विभाग के 31 एडिशनल कमिश्नर व ज्वाइंट कमिश्नर का तबादला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उप्र में इनकम टैक्स विभाग के पूर्वी यूपी में एडिशनल कमिश्नर व ज्वाइंट कमिश्नर स्तर के अधिकारियों का तबादला बीती रात बुधवार को किया गया है। राजधानी लखनऊ मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय से जारी सूची में कुल 31 अफसरों का तबादला हुआ है। तबादला सूची में इन्वेस्टिगेशन विंग में तीन नए अधिकारियों की तैनाती की गई है। इनकम टैक्स के पीसीसीआईटी ऑफिस लखनऊ ने जारी आदेश में इन्वेस्टिगेशन विंग में नए अधिकारियों की तैनाती की है लेकिन अपर आयकर निदेशक जांच लखनऊ जयनाथ वर्मा का अचानक तबादला किए जाने से काफी चर्चा है। वर्मा को विंग में आए अभी छह माह भी नहीं हुए थे और उन्हें हटा दिया गया।

## भाजपा के प्रति अपना नजरिया बदलें मुसलमान : नकवी

- भाजपा किसी के विकास में कमी नहीं करती तो उसे वोट में कंजूसी नाजायज़ है

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मुसलमानों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रति अपने नजरिये में बदलाव लाने की अपील की।

पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे की भाजपा सदस्यता अभियान की प्रांतीय कार्यशाला के सम्बोधन श्री नकवी ने गुरुवार को कहा कि दशकों से चले आ रहे मुसलमानों के भाजपा हराओ रिवाज को भाजपा जिताओ मिज़ाज में बदलने के लिए हमें समाज के भय-भ्रम को भरोसे में बदलने के लिए भरसक प्रयास करना होगा, जब भाजपा किसी के विकास में कमी नहीं करती तो उसे वोट में कंजूसी नाजायज़ है।

श्री नकवी ने कहा कि विपक्षी दलों का सेक्युलर सिंडिकेट मुसलमानों को अपने वोटों की जागीरदारी समझ बैठा है जिससे मुसलमानो को सावधान रहने की जरुरत है। उन्होने कहा कि सामन्ती सुल्तानों के तथाकथित सेकुलर सिंडीकेट के दुष्प्रचार से पैदा भ य-भ्रम के चलते एक राष्ट्रीय-राष्ट्रवादी राजनैतिक दल के साथ अस्पृश्यता और असहिष्णुता के रवैये को भरोसे में बदलना ही वक्त की मांग है। कुछ सियासी सामन्ती सूबेदारों के संविधान, लोकतंत्र, सेक्युलरिज़्म और अल्पसंख्यकों पर ख़तरे के भय-भ्रम और भौकाल से देश के अल्पसंख्यकों को प्रगति की राष्ट्रीय धारा से अलग-थलग करने की सोंच और साजिश से सावधान होने का यही समय है सही समय है।

श्री नकवी ने कहा कि भाजपा और मोदी-योगी ने कि तुष्टीकरण के सियासी छल को सशक्तिकरण के समावेशी बल से ध्वस्त कर समावेशी विकास-सर्वस्पर्शी सशक्तिकरण की प्राथमिकता से विकास और विश्वास का पुख्ता माहौल और वैश्विक स्तर पर भारत की धाक-धमक को मजबूत किया है। उन्होने कहा कि जो नेता लोकतंत्र के मंदिर में मत्था टेक संविधान को सीने से लगाकर सुशासन के समावेशी सफ़र को आगे बढ़ा रहे हों उन पर संविधान विरोधी का आरोप झूठ के झाड़ से सच के पहाड़ पर प्रहार से ज्यादा कुछ नहीं है। हमें सोशल नेटवर्किंग साइट्स के साम्प्रदायिक, समाज तोड़क दुष्प्रचारों से भी समाज को सचेत करना होगा, क्योंकि आज हकीक़त से ज्यादा कहीं की ईट कहीं का रोड़ा जोड़कर फ़र्जी फ़साना फैलाने वाले साईबर साजिशों के गुरुघंटाल काफी सक्रिय हैं।

## बूंदों की न टूटे लड़ी का प्रसारण आकाशवाणी एफ.एम. पर प्रारम्भ

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




**लखनऊ।** आकाशवाणी लखनऊ में जी-20 समारोह की कड़ी में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जल के लिए चल वॉकथॉन कार्यक्रम स्थानीय 1090 चौराहे पर आयोजित किया गया।

इसी दौरान रेडियो तरंगों पर मानव श्रृंखला बनाने का अभियान-बूँदों की न टूटे लड़ी का प्रसारण आकाशवाणी एफएम. पर प्रारम्भ हुआ। यह कार्यक्रम तब से लगातार हर दिन गुड मॉर्निंग लखनऊ में प्रसारित हो रहा है और अब एक वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। इस अभियान में देश के सम्मानित जल योद्धाओं, जल मित्रों, जल सखाओं और सखियों, तथा जल क्लब्स के सदस्यों के साक्षात्कार प्रसारित किए जा चुके हैं। बूँदों की न टूटे लड़ी' कार्यक्रम की पहली वर्षगांठ पर आकाशवाणी लखनऊ के सभागार में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत समारोह से हुई, जिसमें कार्यक्रम प्रमुख मीनू खरे ने सभी आगंतुकों का स्वागत बुके और प्रतीक चिन्ह देकर किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसाधारण को जल संरक्षण और जल जागरूकता के प्रति प्रेरित करना और समाज में जागरूकता फैलाना था। आकाशवाणी लखनऊ ने कार्यक्रम की सफलता और इसमें शामिल सभी व्यक्तियों के योगदान के लिए आभार प्रकट किया। समारोह के अवसर पर कल के लिए जल विषय पर एक परिसंवाद का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों और समाजसेवियों ने जल संरक्षण और जल जागरूकता पर अपने विचार साझा किए। आकाशवाणी एफएम. 100.7 मेगाहर्ट्स पर प्रतिदिन प्रसारित 'बूँदों की न टूटे लड़ी' ने कई श्रोताओं को जल क्लब स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 13 जल क्लब के सदस्यों को सम्मानित किया गया। जल जागरूकता में विशेष योगदान के लिए 13 व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया, साथ ही 22 रेडियो जॉकी को जल संरक्षण संबंधी प्रसारण के लिए सराहा गया। समारोह में श्री अजीत चतुर्वेदी, उपनिदेशक, आकाशवाणी लखनऊ ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होते हैं और जल जैसे महत्वपूर्ण संसाधन की महत्ता को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करते हैं।

## अखिलेश से मुलाकात का समय नहीं दे रहे निजी सचिव : लोटन राम

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता राम लोटन निषाद ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निजी सचिव पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वे सपा अध्यक्ष से मिलने के लिए समय मांग रहे हैं लेकिन निजी सचिव दो माह से मुलाकात का समय नहीं दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी की तारीफ की है। उन्होंने अखिलेश यादव से न मिल पाने की भड़ास अपने सोशल मीडिया अकाउंट (एक्स) पर निकालते हुए पोस्ट की है।

सपा नेता लोटन राम निषाद ने लिखा कि सौभाग्य की बात है कि हम अति विपन्न होने के बाद भी पूरे प्रदेश के हर जिले में मेरी वैचारिक हैसियत है कि सैकड़ों विधानसभा क्षेत्रों में 10-5 हजार वोट दायें-बायें करा सकते हैं। हम काम करने वाले हैं, अखिलेश यादव के चाटुकार व दलाल नहीं। हम दो महीने से उनसे नहीं मिल पा रहे हैं। लोटन राम ने लिखा कि अखिलेश यादव के निजी सचिव गंगाराम हैं, इनको अभी तक सैकड़ों पत्र दिये होंगे, पर आज तक एक भी पत्र का जवाब नहीं मिला, जबकि पीएम, सीएम को भेजे हर पत्र का जवाब मिलता है। हमें गर्व है कि हमारे अध्यक्ष तो दूर उनके पीएस के आगे पीएम, सीएम कुछ नहीं। राहुल गांधी से ऑनलाइन बात हो सकती है। उन्होंने आगे अपना दर्द बयां करते हुए लिखा कि खेदजनक है कि प्रदेश के पीडीए के सम्मानित स्वजन हमारी प्रभावशीलता, व्यक्तित्व-कृतित्व व सक्रियता व सपा के प्रति समर्पण को देखकर सोचते हैं कि हम अखिलेश यादव के करीबी हैं, सो मिलने-मिलाने व मेरे माध्यम से पार्टी में शामिल होने व पार्टी फंड में धन देने की अपेक्षा करते हैं। पर हम उन्हें क्या बतायें कि उनके निजी सचिव ही हमें उनसे नहीं मिलने देते।

### सीएमएस छात्र ने जोनल डिक्लमेशन प्रतियोगिता में मारी बाजी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस शाखा के कक्षा-8 के छात्र अभिराज प्रताप सिंह नेगी ने ए.एस.आई.एस.सी. जोनल डिक्लमेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। यह सूचना सी.एम.एस. के हेड कम्यूनिकेशन श्री ऋषि खन्ना ने दी। श्री खन्ना ने बताया कि कई विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसमें अभिराज ने अपनी ओजस्वी वाणी, शक्तिशाली प्रदर्शन व गहरे विचारों से सभी निर्णायकों व उपस्थित लोगों को प्रभावित किया और जोनल चैम्पियन का खिताब व प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। श्री खन्ना ने कहा कि अभिराज की ये उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यन्त गर्व की बात है।

सौगात | दिव्यांगजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने नियमावली में किया संशोधन

## दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिए मिलेंगे अब 15 हजार रुपए

- संशोधन के बाद अनुदान के तहत 10 हजार रुपए की धनराशि को बढ़ाकर किया गया 15 हजार रुपए
- अनुदान राशि में वृद्धि से प्रदेश के दिव्यांगजनों को महंगे कृत्रिम अंग और सहायक उपकरणों का हो सकेगा वितरण

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** योगी सरकार ने दिव्यांगजनों को सशक्त करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिए वित्तीय अनुदान की राशि को 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 15 हजार रुपए कर दिया है। अनुदान राशि में इस वृद्धि से अब प्रदेश के दिव्यांगजनों को महंगे कृत्रिम अंग और सहायक उपकरणों का वितरण भी किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण के लिए वित्तीय अनुदान स्वीकृत करने की नियमावली के तहत अब तक 10 हजार रुपए के अनुदान की व्यवस्था थी। योगी सरकार ने इस नियमावली में संशोधन कर इसे 15 हजार रुपए करने का निर्णय लिया है।

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि प्रदेश में दिव्यांगजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार सभी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिए अनुदान प्रदान करने की नियमावली में संशोधन किया गया है। संशोधन के तहत दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण इत्यादि के वितरण के लिए वित्तीय अनुदान की अधिकतम धनराशि प्रति लाभार्थी वर्तमान सीमा 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपए कर दी गई है। इससे दिव्यांगजनों को महंगे उपकरण वितरण में अतिरिक्त लाभ मिलेगा। नियमावली के तहत यदि किसी दिव्यांगजन को अधिकतम अनुदान की सीमा 15 हजार से अधिक धनराशि के उपकरणों की आवश्यकता है तो इस स्थिति में विभाग द्वारा लाभार्थी को अधिकतम अनुमन्य 15 हजार की धनराशि प्रदान की जाएगी, जबकि अतिरिक्त धनराशि का वहन स्वयं संबंधित दिव्यांगजन के द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के दिव्यांगजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन को उपलब्ध कराई जाने वाली अनुदान की अधिकतम सीमा 15 हजार रुपए के अंतर्गत उसे आवश्यक एक से अधिक उपकरण भी प्रदान किए जाने की अनुमन्यता की आवश्यकता है, जिससे कि दिव्यांगजन को आवश्यक सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग एक साथ उपलब्ध कराया जा सके। वहीं, बहुदिव्यांगता की दशा में या जिन दिव्यांगजन को एक से अधिक सहायक उपकरण की आवश्यकता होती है, उनके लिए एक बार में अधिकतम 15 हजार रुपए तक का वित्तीय अनुदान स्वीकृत किया जाएगा। यह संशोधन वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 से प्रभावी होगा।

## दस कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पर प्राथमिकी प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से की थी झड़प

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम (एएमएस) में बदलाव और स्थायी नौकरी समेत अन्य मांगों के समर्थन में एनएचएम कार्यालय जा रहे सीएचओ कर्मियों (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) बुधवार को की पुलिसकर्मियों से झपड़ हो गई थी।

इस पर प्रमुख सचिव ने सख्त रुख अख्तियार कर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। इसके आधार पर हुसैनगंज पुलिस ने 10 नामजद व अन्य प्रदर्शनकारी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। हुसैनगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक सागर खुराना के मुताबिक एपी सेन रोड पर एसोसिएशन आफ कम्युनिटी हेल्थ आफिसर के कर्मचारियो द्वारा अपनी मांगो को लेकर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन ड्यूटी हेतु वह मौजूद थे। तभी काफी अधिक संख्या में सीएचओ कर्मचारी एपी सेन रोड स्थित एनएचएम कार्यालय के बाहर एकत्र हुए, जिनमे से कुछ बाहर खड़े वाहनो से आये है, जिन्होंने सड़क पर बेतरतीब ढंग से वाहनों को लगा दिया।




जब उन्हें विनम्रता पूर्वक समझाने का प्रयास किया गया, तो वह जबरन एपी सेन रोड स्थित होटल मोहन के पास एकत्र होकर नारेबाजी करने लगे। इसमें एसोसिएशन आफ कम्युनिटी हेल्थ आफिसर के कर्मचारी के प्रदेश अध्यक्ष हिमालय कुमार, उपाध्यक्ष योगेश, अनिल, जनक, नागेश शर्मा, हितेश कुमार, नित्यम विश्वकर्मा, नितिन चौधरी, शिवकांत शर्मा, अनुभव तिवारी और अन्य कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

उपनिरीक्षक का कहना है कि वर्तमान समय में सम्पूर्ण क्षेत्र में धारा 163 बीएनएसएस लागू हैं। साथ ही धरना प्रदर्शन हेतु उच्च न्यायालय के आदेश के अनुक्रम में ईको गार्डन निर्धारित हैं। इसके बाद भी एनएचएम कार्यालय पर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया, जिससे एपी सेन रोड तथा चारबाग तक मार्ग अवरुद्ध हो गया। इसमें एम्बुलेंस, विद्यालय आने जाने वाले छात्र छात्राओं व सरकारी कार्यालय में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों को कार्यालय जाने हेतु कठिनाइयों का सामना करना पडा।

# सीएमओ की जांच में बरी हो रहे अवैध नर्सिंग होम संचालक

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

जिले की स्वास्थ्य विभाग की टीम आए दिन क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे नर्सिंग होम व क्लीनिक और अवैध पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच करते रहते हैं। किस जिले में अवैध रूप से संचालित ना हो पाए और अवैध रूप से संचालित हो रहे लोगों को नोटिस दिया जाता है।

लेकिन अवैध रूप से संचालित हो रहे इन नर्सिंग होम पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के रहमों करम पर क्षेत्र में अवैध रूप से नर्सिंग होम व क्लिनिक संचालन का धंधा खूब फल फूल रहा है।ऐसे चिकित्सकों के यहां इलाज करा कर लोग गंभीर बीमारी का शिकार हो रहे हैं। कभी-कभी तो मरीजों को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है।ऐसे ही अभी कुछ दिन पहले वजीरगंज में एडिशनल सीएमओ के नेतृत्व में वजीरगंज सीएचसी के अंतर्गत बीके मेडिकल स्टोर पर जांच की गई थी और जांच में अनियमिताएं मिली भी थी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई सिर्फ खाना पूर्ति कर दी गई है।



### भ्रष्टाचार के दलदल में डूबा स्वास्थ्य विभाग

वही जिले में स्वास्थ्य विभाग आकंठा भ्रष्टाचार के दल-दल में डूबा हुआ है जिले की मुखिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी रश्मि वर्मा के कार्यकाल में देखा जाए तो अब तक स्वास्थ्य व विभाग की किसी भी जांच में कोई भी दोषी नहीं पाया गया है।यही कारण है की मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रहमों करम पर जिले में सैकड़ो नर्सिंग होम अवैध रूप से संचालित किये जा रहे हैं। जहां आए दिन हंगामा होता रहता है। जिसकी जिला प्रशासन से शिकायत होती है तो जांच सीएमओ के माध्यम से होता है। लेकिन सीएमओ की जांच में किसी भी नर्सिंग होम के संचालक व स्वास्थ्य कर्मी दोषी नहीं पाए जाते हैं। यह बात अलग है कि यदि कोई विभाग का पीड़ित किसी दबंग कर्मी की शिकायत करता है तो पहले तो उसका स्थानांतरण कर दिया जाता है। लेकिन बाद में स्थानांतरण रोककर पीड़ित को ही दोषी मानकर उसका स्थानांतरण कर दिया जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्वयं के कार्य व्यवहार को देखा जाए तो मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश के बावजूद भी जिले की मुख्य चिकित्साअधिकारी वीआईपी कल्चर से दूर रहें लेकिन जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी रश्मि वर्मा स्वयं वीआईपी कल्चर से दूर नहीं है मुख्य चिकित्सा अधिकारी रश्मि वर्मा अपनी गाड़ी में नीली बत्ती और सायरन का उपयोग कर रही है। तो वह अपने अधीनस्थ को किस तरह से सरकारी नियमों का पालन कराएंगी। या फिर ऐसे ही मुख्यमंत्री के आदेश को हवा में उड़ती रहेगी।

# मुस्कान गेस्ट हाउस में युवक का शव मिलने से हड़कंप

- मृतक आश्रित के संबंध में सिंचाई विभाग आया था संदीप

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

नगर कोतवाली क्षेत्र के रोड़ वेज पुलिस चौकी के निकट मुस्कान गेस्ट हॉउस में मिला युवक का शव सरयू नहर खंड-चार के बस्ती में कार्यरत पिता के निधन के बाद मिलनी थी नौकरी देवरिया के बरहज थाना कस्बा निवासी संदीप दो दिनों से था रुका मुस्कान गेस्ट हाउस में था।

सिंचाई विभाग में मृतक आश्रित की नौकरी के लिए दौड़ रहे युवक की संदिग्ध हालात में रोडवेज पुलिस चौकी के निकट मुस्कान गेस्ट हाउस के कमरे में मौत हो गई।देवरिया के बरहज थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी संदीप कुमार (36) दो दिनों से रोडवेज पुलिस चौकी के निकट मुस्कान गेस्ट हाउस में अपने साढ़ू अजय के साथ रुका था।बुधवार की सुबह उसका शव होटल के कमरे में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।वही रोडवेज पुलिस चौकी के निकट मुस्कान गेस्ट हाउस में संदीप कुमार अपने रिश्तेदार अजय निवासी बढ़िया थाना फुलवरिया जिला देवरिया के साथ मंगलवार को आया था। और दोनों मुस्कान गेस्ट हाउस में रुके हुए थे।

लेकिन गेस्ट हाउस के रजिस्टर में सिर्फ संदीप कुमार के नाम से ही एंट्री दर्ज की गई है।बाद में रजिस्टर में काट कर दो व्यक्ति बनाया गया है।मुस्कान गेस्ट हाउस के एंट्री रजिस्टर में एक नाम दर्ज होना यह भी संदेह के घेरे में है। लेकिन वास्तव में उसकी मौत हो चुकी थी। इसकी जानकारी उसने होटल प्रबंधक और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उससे पूछताछ की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मृतक आश्रित नियुक्ति को लेकर परेशान था संदीप

सिंचाई विभाग के सरयू नहर खंड चार में मृतक आश्रित की नियुक्ति का मामला दो महीने से लटका था जिसको लेकर संदीप परेशान था।मंगलवार को जब अधीक्षण अभियंता मनोज साहू से युवक मिला था तो उन्होंने जल्द प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया था।इसके बाद उम्मीद बढ़ गई थी जल्द ही नौकरी मिल जाएगी। अभिलेखों के सत्यापन पूरे होने में ही देरी थी।इससे पहले ही युवक की रोडवेज पुलिस चौकी के निकट मुस्कान गेस्ट हाउस के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाती है।

### प्रक्रिया के लिए बुलाया गया था, सिंचाई विभाग

मृतक आश्रित के प्रकरण का निस्तारण कराने के लिए बुधवार को संदीप कुमार को कार्यालय में बुलाया गया था। अभिलेखों के सत्यापन की प्रक्रिया चल रही थी हस्ताक्षर कराकर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जानी थी। सुबह ही मौत की सूचना मिली। अब परिजनों से वार्ता कर आगे की कार्यवाही पूरी की जाएगी।

**मनोज साहू, अधीक्षण अभियंता, सिंचाई विभाग**

# ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार मासूम की मौत

- करनैलगंज-हुजूरपुर मार्ग पर गड़रियन पुरवा के पास हुआ हादसा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के गड़रियनपुरवा के पास ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार दो मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल पति-पत्नी बदहवास हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी है।

गुरुवार को मरौचा फखरपुर जिला बहराइच निवासी आलोक सिंह अपनी पत्नी सुमन सिंह, बेटा शिवा 3 वर्ष व बेटी आराध्या डेढ़ वर्ष को बाइक से अपने ससुराल काशीपुर करनैलगंज जा रहे थे। तभी हुजूरपुर करनैलगंज मार्ग पर गड़रियन पुरवा के पास एक ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार दंपति के साथ दोनों मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ई-रिक्शा से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया,जहां चिकित्सकों ने दोनों मासूमों को मृत घोषित कर दिया।वहीं हादसे से आहत पति- पत्नी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सीएचसी पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाई में जुट गई। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि घटना संज्ञान में है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# क्षेत्राधिकारी संग ग्रामीणों ने किया वृक्षारोपण धरती को हरा-भरा रखने का आह्वान

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।**

देश की बहु प्रतिष्ठित कंपनियों में अपना अलग स्थान बना चुकी एलएनटी कंपनी द्वारा पर्यावरण संवर्धन व संतुलन हेतु वृहद वृक्षारोपण का अभियान चलाया जा रहा है। मां के नाम एक पेड़ के इस महा अभियान को गति देने के उद्देश्य से क्षेत्रधिकारी कर्नलगंज उमेश्वर प्रभात सिंह ने ग्राम पंचायत कचनापुर (गोकुल पुरवा) पहुंचकर वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लिया और ग्रामीणों को वृक्षों उपयोगिता व मानव जीवन में वृक्षों के योगदान की जानकारी दी तथा धरती को हरा-भरा रखने के लिये लोगों से ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण का आह्वान किया।

इस दौरान एलएनटी कंपनी की टीम द्वारा गांव के किसान देवेंद्र कुमार सिंह की जमीन में 1000 पौधरोपण किया गया। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र में निःशुल्क रूप से पचास हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। बुधवार को कचनापुर में पौधरोपण के पुनीत कार्य में विशेष योगदान देने वालों में मुख्य रूप से क्षेत्रधिकारी कर्नलगंज पुलिस उमेश्वर प्रभात सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील कुमार (टीसी), पीएम मनोज कुमार,प्रकाश सिंह (सेफ्टी) शामिल रहे। इस मौके पर विजय कुमार सिंह, देवेन्द्र कुमार सिंह,महेश कुमार,सुरेंद्र कुमार, शीतला ,आदर्श सिंह, फूलचंद्र, गुलाब चंद्र सहित अन्य कई ग्रामीणों ने दो-दो वृक्ष लगाने का संकल्प लिया।



# बिना टिकट रेल यात्रा करते पकड़े गए 34 यात्री, वसूला 11750 जुर्माना

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

गोरखपुर से लखनऊ रेलमार्ग के बीच चलने वाली इंटरसिटी तथा बरौनी एक्सप्रेस ट्रेनों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे के निर्देश पर गोंडा के प्लेटफार्म निरीक्षक के.एल.यादव के नेतृत्व में ट्रेनों में गहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वालों में खलबली मच गई। इसके तहत बिना टिकट रेलवे में यात्रा करने वालों को चिन्हित कर दंड के साथ फाइन वसूला गया है अभियान के तहत रेलवे स्टेशन पर टिकट की जांच की गईं है इस अभियान के तहत गोंडा इंटरसिटी तथा बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन में बिना टिकट सफर करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई की गई। जिसमें बीते एक दिन में 34 बिना टिकट यात्री के यात्रा करते मिले वही ट्रेन में बिना टिकट रेल यात्रा कर रहे थे।विभाग द्वारा इस अभियान से कुल 11,750 रुपए जुर्माने के रूप में वसूल किए गए है गौरतलब है कि लखनऊ मंडल में विशेष टिकट जांच अभियान विभिन्न ट्रेनो में चलाया जा रहा है जिसमें वाणिज्य विभाग के अधिकारी चेकिंग स्टाफ,वाणिज्य निरीक्षक और रेलवे सुरक्षा बल सक्रिय योगदान दे रहे हैं बिना टिकट सफर करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है ताकि टिकट लेकर यात्रा करने वाले लोगों को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े बिना टिकट यात्रा से एक और जहां टिकट लेकर यात्रा करने वाले लोगों को परेशानी होती है वहीं दूसरी तरफ रेल राजस्व की भी हानि होती है इस दौरान टिकट परीक्षक एस.के.पटेल,माता प्रसाद,व आरपीएफ के जवान आदि मौजूद रहे।



# किसानों की समस्या के लिए संघर्ष करें पदाधिकारी

### भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष केके और महामंत्री बने धर्मराज पांडे

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान संघ की जनपद की जिला इकाई का गठन गुरुवार हुआ। जिसमें प्रदेश मंत्री हरि बहादुर सिंह प्रदेश मंत्री के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष और अन्य पदों पर तैनाती की गई।प्रदेश मंत्री ने जिले के केके सिंह को जिलाध्यक्ष, धर्मराज पांडे को जिला महामंत्री तथा आयुष टंडन को जिला कोषाध्यक्ष सर्व सम्मति से नियुक्त किया।

नियुक्ति के बाद सभी नव नियुक्त पदाधिकारी श्री राम जानकी मंदिर से संघारिणी देवी मंदिर तक पैदल गए और माता के दर्शन प्राप्त करके संगठन को नई ऊंचाई और प्रगति,तथा संगठन को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। जिलाध्यक्ष ने किसानों के हित में पूरे संगठन के साथ अपना सर्वोच्च प्रदान करने का संकल्प लेकर नए कार्यकाल की शुरुआत की। इसके अलावा सभी 14 विकास खण्डों के अध्यक्ष एवं पुरानी जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी गण तथा किसान संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# बबूल के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के ग्राम पंचायत बौंडी में गुरुवार को अज्ञात युवक का शव पेड़ से फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बौंडी में गांव के निकट बबूल के पेड़ से एक युवक का शव लटकता मिला है। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। इसके बाद आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। जिस पर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की उम्र 25 से 30 वर्ष के आसपास है।

# जिलाधिकारी ने कजरीतीज की तैयारियों के दिये निर्देश

- सभी अधिकारी को सारी व्यवस्थाओं को सही करने के निर्देश

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में आगामी 5 सितंबर व 6 सितंबर, 2024 को आयोजित होने वाले कजरीतीज के पावन अवसर पर जलाभिषेक के संबंध में की जा रही तैयारियों के संबंध में कलेक्टर सभागार कक्ष में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की तैनाती की जाय ताकि किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना होने पाये। इसके साथ ही बल्लियों की बैरी केटिंग की व्यवस्था बहुत ही अच्छी होनी चाहिये। इसके साथ ही बाबा पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर के महंत के द्वारा वहां पर चल रही व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सरयू घाट पर नाव की व्यवस्था, गोताखोर की व्यवस्था तथा लाइट व साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं बहुत ही सही से कराया जाये। वहीं बैठक में जिलाधिकारी ने अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय को निर्देश दिये हैं कि रूट डायवर्जन का कार्य पहले से ही करा दिया जाये वहीं बैठक में पीडब्ल्यूडी के सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि सरयू कटरा घाट कर्नलगंज से पृथ्वीनाथ मंदिर व दुःखहरण नाथ मंदिर तक रास्ते पर विशेष ध्यान दिया जाये ताकि श्रद्धालुओं को दिक्कत ना होने पाये। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये हैं कि सरयू घाट करनैलगंज से लेकर शिव मंदिर पृथ्वीनाथ मंदिर, दुःखहरण नाथ मंदिर तक रास्ते में पड़ने वाले सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक शौचालय पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहेंगे।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं पश्चिमी, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, उप जिलाधिकारी करनैलगंज,महंत पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर खरगूपुर, दुःखहरण नाथ मंदिर गोंडा संबंधित थाना क्षेत्र के थानाध्यक्ष सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसकेएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटशंस में खेल सप्ताह समाप्त



- शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य रहने के लिए जीवन में खेलों का महत्व के बारे में दी जानकारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

बहराइच - सीतापुर हाईवे मार्ग के सबलापुर स्थित डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रूप आफ इंस्टीट्यूटशंस में नर्सिंग व पैरामेडकिल के छात्र छात्राओं द्वारा द्वारा शिक्षकों के सहयोग से 23 अगस्त से चल रहे राष्ट्रीय खेल सप्ताह 29 अगस्त को समापन किया गया।

जिसके अंतर्गत बैडमिंटन, शतरंज, टेबल टेनिस,कैरम बोर्ड,खो-खो समेत अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। राष्ट्रीय खेल का समापन चैयरमेन डा. सर्वेश कुमार शुक्ल व डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न खेलों का आयोजन किया।

जिनमें छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। चैयरमेन डा. सर्वेश कुमार शुक्ल ने शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य रहने के लिए जीवन में खेलों का महत्व के बारे में जानकारी दी। निदेशक पल्लवी शुक्ला ने राष्ट्रीय खेल दिवस के बारे में छात्र छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य हरीश नागर ने कहा कि देश में 29 अगस्त के दिन हर वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हाकी के जादूगर स्वर्ण पदक विजेता मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। खेल सप्ताह दिवस पर सभी छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

इस मौके मैनेजर आस्था शुक्ला, शिक्षक सुदेश शर्मा,पीआरओ गौरव पांडेय, कृष्णा,जेपी शुक्ल, सुनिधि शुक्ला,दीक्षा वर्मा, प्रतीक्षा पाठक, आंचल सिंह, सुषमा,फरहत खान, सौम्या समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# असर बहराइची के काव्य संग्रह सरताज खूबा का हुआ विमोचन

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के उस्ताद शायर असर बहराइची के काव्य संग्रह सरताज खूबा का विमोचन शहर के लगन पैलेस हाल में इंटरनेशनल शायर और नाजिमे मुशायरा वासिफ फारूकी की अध्यक्षता में हुआ। इस प्रोग्राम में बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर मेराजुद्दीन असिस्टेंट प्रोफेसर किसान डिग्री कॉलेज और विशिष्ट अतिथि के रूप में सूफी सैयद इजहार अली सज्जादा नशीन खानकाह अब्दुल रहमान चिश्ती सतरिख जिला बाराबंकी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वासिफ फारूकी ने कहा कि देश में नामवर नातगो शायरों में असर बहराइची भी शामिल हैं, जो बुजुर्गी में भी अदबी सेवाएं अंजाम दे रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर मेराजुद्दीन ने अपने संबोधन में कहा कि नातिया शायरी का काम बहुत कठिन है और उसके संग्रह का विमोचन खुशी की बात है।

# सुजौली हरखापुर संपर्क मार्ग पर बह रहा पानी

- पांच फुट गड्ढों के बीच होकर आवागमन कर रहे लोग, हो रहे हादसे का शिकार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के मोतीपुर तहसील क्षेत्र में स्थित सुजौली हरखापुर संपर्क मार्ग बरसात के पानी में बह गया। अभी तक इस सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है।

जिसके चलते राहगीरों का आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मोतीपुर तहसील अंतर्गत त्रिमुहानी गांव से होकर सुजौली हरखापुर संपर्क मार्ग स्थित है। इस मार्ग से लोग कम समय और दूरी में क्षेत्र के गांवों को जाते हैं। लेकिन बरसात के समय बारिश में सड़क मार्ग बह गया। संपर्क मार्ग के कटने के चलते लोगों का आवागमन पूरी तरह से रुक गया है। कुछ लोग उसी सड़क से पांच फुट गहरे गड्ढे और पानी से होकर आवागमन करते हैं। आवागमन में हादसे का शिकार बाइक और साइकिल सवार हो जाते हैं। खराब सड़क के होने से पूरी तरह से आम लोगों का आवागमन प्रभावित है। लेकिन शिकायत के बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने डीएम और एसडीएम के साथ पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को पत्र भेजकर सड़क निर्माण करवाये जाने की मांग की है। इस मामले में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन अमर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सड़क खराब होने की सूचना है। वन विभाग की अनुमति और बजट आने पर उसका मरम्मत करवाया जायेगा।



# किसान को सर्प ने डंसा, झाड़ फूंक के चक्कर मे हालत गंभीर

**बछरावां , रायबरेली समृद्धि न्यूज।** बाछूपुर मजरे नीमटीकर गांव के रहने वाला किसान इंदल पुत्र भाईलाल उम्र लगभग 35 वर्ष गुरुवार दोपहर अपने खेतों में काम कर रहा था । तभी उसका पैर एक विषैले सर्प के ऊपर पड़ गया । सर्प ने उसे डस लिया । चीख पुकार पर मौजूद अन्य किसानों ने घटना की सूचना परिजनों को दी । परिजनों के द्वारा पहले तो झाड़फूंक के लिए लेकर रसूलपुर गांव लेकर जाया गया। जहां हालत ज्यादा बिगड़ने लगी।

तो उसे एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# रामादल का प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

### बंगाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर दिया धरना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

रामादल ट्रस्ट के तत्वाधान में बंगाल राज्य सरकार बर्खास्त कर राष्ट्रहित मे राष्ट्रपति शासन एवं रोहिंग्या बांग्लादेशी आतंकियों को बलपूर्वक भारत की सीमा से बाहर निकालने की मांग करते हुए 27 दिवसीय मौन अनशन के बाद पूर्व घोषणा के अनुसार रामादल का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली के जंतर मंतर पहुंचकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन दिया गया। जानकारी देते हुए रामादल उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक चौबे ने बताया कि सनातन समाज और मानवता के लिए नरक बन चुके बंगाल राज्य के गौरवशाली इतिहास को कलंकित करने वाली मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पाप का घड़ा अब भर गया है जो किसी भी समय फूट सकता है। अपने ही राज्य की हिंसक घटनाओं को लेकर धरना प्रदर्शन करना यह सिद्ध करता है कि बंगाल राज्य की मुख्यमंत्री ने रोहिंग्या बांग्लादेशी आतंकियों के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया है।

बंगाल में कभी भी राष्ट्रपति शासन लग सकता है। इस मौके पर राजेश शुक्ला, आकाश धवन रामादल ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित कल्कि राम श्री धाम अयोध्या साथ में मौजूद रहें।



# डॉ. संजय कुमार निषाद ने दीवानपुरवा का किया भ्रमण

- शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज निषाद, भाजपा पदाधिकारी रणविजय सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, देवेन्द्र मिश्रा व अन्य पाटी पदाधिकारियों तथा अधिकारियों के साथ तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम रायपुर के मजरा दीवानपुरवा पहुंचकर हिंसक वन्य जीव के हमले में मृतक 6 वर्षीय आयांश पुत्र सजन पासवान के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार, शासन व प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी।इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि हिंसक वन्यजीवों के हमलों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी चिन्तित हैं तथा स्थिति पर निगाह रखे हुए हैं।

डॉ. निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वन्य राज्य मंत्री ने बुधवार को प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण भी किया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी विभाग अपनी ओर हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्हें आशा है कि शीघ्र ही सभी हिंसक जीव शीघ्र ही पकड़ लिये जायेंगे। प्रभारी मंत्री ने अपील की कि सभी ग्रामवासी भी अपने स्तर पर सर्तकता बनाये रखें तथा घर के बाहर कदापि न सोये। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि इस सर्च आपरेशन में जिला प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह, सीओ महसी रूपेन्द्र गौड़, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ जितेन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी महसी हेमन्त यादव, एसडीओ वन नानपारा अशोक कुमार व अन्य अधिकारी, भाजपा व निषाद पार्टी के पदाधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।



राहुल गांधी ने सीएम योगी को लिखा पत्र

# दलित युवक के हत्यारोपी को गिरफ्तार करने की मांग



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली में थाना नसीराबाद के पिछवारिया गांव में दलित युवक अर्जुन पासी की हत्या के मामले में अभी तक मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामले को लेकर राजनीति भी तेज हो गई है। रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने इस मामले पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। उन्होंने इस पत्र के जरिए हत्यारोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है इसी वजह से हत्या के दो हफ्ते बाद भी गिरफ्तार नहीं हो सकी। राहुल गांधी ने लिखा कि कोई कार्रवाई न होने के कारण दलित समाज डरा हुआ है।

### राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने का आरोप

राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा कि, पिछले सप्ताह जब मैं पीड़ित परिजनों के घर संवेदना व्यक्त करने पहुंचा था, वहां परिवार के सदस्यों ने घटनाक्रम से अवगत कराते हुए बताया कि घटना से संबंधित सात नामजद अभियुक्तों में से छह अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है, परंतु घटना के मुख्य अभियुक्त विशाल को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। परिवार के सदस्यों एवं अन्य ग्रामवासियों द्वारा मेरे संज्ञान में यह भी लाया गया कि विशाल सिंह को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिस कारण उसकी गिरफ्तारी नहीं हो रही है।

### दलित समाज में डर का माहौल

बता दें कि राहुल गांधी ने 20 अगस्त को मृतक के परिजनों से मुलाकात की थी। पत्र में आगे लिखा गया कि पीड़ित परिजनों से मिलने के बाद उसी दिन मैंने स्थानीय जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर घटना के संबंध में बातचीत की और उन्हें मामले की गंभीरता से भी अवगत कराया था। घटना के दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परिवार एवं स्थानीय दलित समाज डर और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। साथ ही, एक अत्यंत गरीब, शोषित, दलित परिवार को न्याय से वंचित रखा जा रहा है।

### 11 अगस्त को हुई थी हत्या

नसीराबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले बेचू लाल के 21 वर्षीय पुत्र अर्जुन पासी की नवीन सिंह से नागपंचमी के दिन कुछ विवाद हुआ था। इसी को लेकर 11 अगस्त की देर रात नवीन सिंह ने साथियों समेत गांव के रहने वाले राजाराम पासी के घर के पास पहुंचकर अर्जुन पासी को बुलवाया था। अर्जुन पासी जैसे ही राजाराम के घर के पास पहुंचा वहीं असलहे से लैस नवीन सिंह ने उसपर फायर कर दिया। गोली लगने से अर्जुन सरोज की मौके पर ही मौत हो गई। नवीन सिंह फायरिंग के बाद साथियों समेत मौके से फरार हो गया।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**सरेनी, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



गुरुवार को थाना क्षेत्र के एक गांव में समर्सिबल पंप के स्टार्टर में उतरे करंट की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया परिजन उसे सीएचसी लालगंज ले गए जहां के चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत्यु घोषित कर दिया इससे कोहराम मच गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

▸ करंट की चपेट में आकर युवक झुलसा

थाना क्षेत्र के सब्जी बबुरा गांव के रहने वाले ब्रजेश उर्फ गोलू उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र छोटू आज सुबह करीब 10:00 बजे सबमर्सिबल पंप चालू करने खेत गया था जैसे ही उसने स्टार्टर पर हाथ रखा तो करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया इससे हड़कंप मच गया साथियों ने उसे करंट से मुक्त कराया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए जहां के चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया इससे कोहराम मच गया घटना से मां हंसा देवी पिता छोटू बहन फूलमती खेलमती व भाई विजय पाल गुलशन का रो रो कर बुरा हाल है पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है कोतवाल शिव शंकर सिंह का कहना है की करंट से युवक की मौत हुई है पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# आंगनबाड़ी कर्मचारी-सहायिका संगठन ने किया प्रदर्शन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली में बेसिक शिक्षा विभाग कार्यालय के सामने आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की महिलाओं व पुरुषों ने सर में काली पट्टी बांधकर शासन की विज्ञप्ति जलाते हुए विरोध प्रदर्शन किया है।

आपको बता दे कि जनपद के विकास भवन परिसर में आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका संगठन की महिलाओं व पुरुषों ने सर में काली पट्टी बांधकर कर शासन की विज्ञप्ति की प्रक्रिया जलते हुए धरना प्रदर्शन कर रही आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की रायबरेली प्रदेश मंत्री व जिला अध्यक्ष लीना त्रिपाठी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति निम्न छह मूल कार्यों स्कूल की पूर्व शिक्षा, स्वास्थ्य की जांच, टीकाकरण,अनुपूरक पोषाहार, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा,दिशा निर्देश एवं संदर्भित सेवाओं के लिए की गई है। जिसे निरंतर करती चली आ रही है। साथ-साथ अन्य विभागों के कार्यों को भी। समय-समय पर करते चली आ रहे हैं। महंगाई के इस वर्तमान समय में उक्त 6 सेवा योजनाओं पर कार्य करने पर ,भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा मानदेय के रूप में मात्र 6 000 प्रतिमाह ही दिया जाता है।

कर्मचारियों ने कहा कि परिषदीय स्कूलों में संचालित किया जा रहे को लोकेटेड 10684 आंगनबाड़ी केंद्रों में ईसीसीई एजुकेटर रखे जाएंगे जो आंगनबाड़ी की 6 सेवाओं में से मात्र एक सेवा योजना पर कार्य करेंगे। जिसको रुपया 10313 प्रतिमा भुगतान किया जाएगा।और पीएफ तथा ई यस आई योजना का भी लाभ उन्हें दिया जाना सुनिश्चित किया गया है। जो आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं के लिए खेद विषय है। सरकार द्वारा यह सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। इसीलिए हम सब विरोध प्रदर्शन कर सर में काली पट्टी बांधकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।



# व्यापार मंडल ने बनवाए खाद्य विभाग के लाइसेंस

**लालगंज, रायबरेली।** कृषि उत्पादन मंडी समिति लालगंज में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के तत्वाधान में खाद्य औषधि एवं प्रशासन द्वारा खाद्य विभाग का रजिस्ट्रेशन कराया गया जिसमें मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी तहसील लालगंज उदय राज मौर्य ने खाने पीने की वस्तुएं की दुकानों का पंजीकरण एवं पुराने लाइसेंसों का नवीनीकरण कराया गया। व्यापारियों का समय बयां नहीं होता है ऐसे ही प्रतिवर्ष व्यापार मंडल कैंप लगाकर व्यापारियों के समस्याओं का निराकरण करता है और आने वाले समय में ऐसे ही कार्य व्यापार मंडल के द्वारा कैंप लगाकर व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन कराए जाएंगे आज कैंप के माध्यम से खाद्य विभाग के 65 नए लाइसेंस बने 16 लाइसेंस नवीनीकरण कराए गए और जिला मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने कहां की व्यापार मंडल के निवेदन पर यह कैंप लगवाया गया है जिसमें व्यापारियों को राहत के साथ-साथ छोटे छोटे व्यापारियों की दुकानों के लाइसेंस बन जाएंगे।

# खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद के जीवन कृतित्व से सीख लेने की जरूरत: शांतनु सिंह

▸ राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनी बीएमपीएस में मेजर ध्यानचंद की जयंती

**लालगंज,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में विश्व प्रसिद्ध हाकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विविध प्रकार के खेल हुए। उल्लेखनीय है कि बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चों के बहुमुखी विकास हेतु सभी प्रकार के आयोजन किए जाते रहे हैं। मेजर ध्यानचंद विश्व प्रसिद्ध हॉकी के खिलाड़ी रहे हैं उनकी जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक शांतनु सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए बताया मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर के रूप में जाने जाते रहे हैं इनका जन्म 29 अगस्त 1905 को और मृत्यु 3 दिसंबर 1979 को हुई।इनका वास्तविक नाम ध्यान सिंह था। 16 साल की आयु में भारतीय सेवा में शामिल हुए और 1956 में मेजर के पद से सेवानिवृत हुए। भारतीय हॉकी को बुलंदियों पर ले जाने में इनका विशिष्ट योगदान रहा।सन 1928,1932और 1936 लगातार तीन ओलंपिक खेलों में भारत को हॉकी में स्वर्ण पदक दिलाने में मेजर साहब की विशिष्ट भूमिका रही। अपने 22 साल के खेल करियर में चार सौ से ज्यादा गोल करते हुए एक रिकॉर्ड बनाया।भारत सरकार द्वारा 1956 में इन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया गया।उनकी जयंती को हम सभी राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं।सभी खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद के जीवन कृतित्व से सीख लेनी चाहिए।



## खबरें एक नजर में

### बकरी चराने गई किशोरी की तालाब में डूबने से मौत

**रायबरेली।** बकरी चराने गई किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में डूबने से मौत हो गई घटना से पारिवारिक जनों में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस जांच पड़ताल में जुड़ गई है आपको बता दे की जनपद के भदोखर थाना क्षेत्र के बेला टेकारी गांव में यहां की रहने वाली एक बालिका बाग में बकरी चराने गई थी तभी संदिग्ध परिस्थितियों में वह तालाब मे डूब गई जिससे उसकी मौत हो गई घटना से ग्रामीणों समेत पारिवारिक जनों में हड़कंप मच गया परिजनों की सूचना पर पहुंची बड़ोखर थाने की पुलिस ने किशोरी केशव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनास्थल पर पहुंचे उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव ने बताया कि किशोरी का नाम कोमल पुत्री श्यामलाल है जो ग्राम बेला टेके थाना भदोखर की रहने वाली है किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच पड़ताल की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का मुख्य कारण पता चल पाएगा।

### किसान को सर्प ने डंसा, झाड़ फूंक के चक्कर मे हालत गंभीर

**बछरावां, रायबरेली।** बाछूपुर मजरे नीमटीकर गांव के रहने वाला किसान इंदल पुत्र भाईलाल उम्र लगभग 35 वर्ष गुरुवार दोपहर अपने खेतों में काम कर रहा था। तभी उसका पैर एक विषैले सर्प के ऊपर पड़ गया। सर्प ने उसे डस लिया। चीख पुकार पर मौजूद अन्य किसानों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों के द्वारा पहले तो झाड़फूंक के लिए लेकर रसूलपुर गांव लेकर जाया गया। जहां हालत ज्यादा बिगड़ने लगी। तो उसे एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाई गई मेजर ध्यानचंद की जयंती



**लालगंज,रायबरेली।** शिक्षा के क्षेत्र मे अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर लालगंज में भूतपूर्व हाकी कप्तान मेजर ध्यानचंद जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद एक महान हॉकी खिलाड़ी थे जिन्होंने भारत को कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गौरवान्वित किया। उन्होंने बच्चों को खेलों के महत्व और खेलों में उत्कृष्टता की आवश्यकता पर जोर दिया। विद्वान शिक्षक मयंक त्रिपाठी ने भी छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और हमें खेलों को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए।

# मकान गिरने से मासूम समेत तीन घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भदोखर थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की सुबह एक मकान अचानक भर भराकर गिर पड़ा। हादसे में एक मासूम समेत तीन लोग घायल हो गए।

सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। भदोखर के देदानी गांव निवासी मोहनलाल गुरुवार की सुबह पत्नी ऊषा व तीन वर्षीय पुत्र आदर्श के साथ घर में बैठे थे। बताया जा रहा है कि उनका दूसरा बेटा सुबह स्कूल चला गया था। इसी दौरान अचानक मकान की छत भर भराकर गिर पड़ी। हादसे में मोहनलाल, ऊषा व आदर्श गंभीर रूप से घायल हो गए।

काफी मशक्कत के बाद तीनों को मलबे से निकाला गया छत गिरने की तेज आवाज सुन आसपास के लोग मदद मे लिए दौड़ पड़े। चीख पुकार सुन देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों ने आनन-फानन इसकी सूचना एबुंलेस समेत पुलिस को दी। साथ ही मलबे में दबे लोगों को निकालने का प्रयास शुरू कर दिया। काफी देर की मशक्कत के बाद तीनों घायलों को बाहर निकाला गया।

### घायलों का अस्पताल में चल रहा उपचार

मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। थानाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय का कहना है कि मामले की जानकारी है। पुलिस टीम को मौके पर गई थी। सभी घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है।

# लूट की सूचना देने वाला अपराधी घोषित, थाने का किया घेराव



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

▸ प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

जनपद के गदागंज थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए क्षेत्र के व्यापारियों और ग्रामीणों ने लामबंद होकर प्रदर्शन किया। गदागंज थाना पहुंचे व्यापारियों और ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व धरना दिया। लोगों ने बताया कि जब लूट की सूचना देने वाले को ही पुलिस ने मुख्य आरोपी बना दिया तो इसके चलते व्यापारियों ने अपनी दुकान बंद कर दी और ग्रामीणों के साथ मिलकर थाने का घेराव किया है।

घटना रायबरेली जिले के गदागंज थाना कस्बे की है। 20 अगस्त को जन सुविधा केंद्र संचालक से 8 लाख रुपये की लूट की घटना सामने आई थी। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर माल बरामद करने का दावा किया था। लेकिन इस गिरफ्तारी के तरीके पर सवाल उठे। ग्रामीणों के मुताबिक, आरओ फिल्टर पानी बेचने का काम करने वाले गांव के दीपू और तीन अन्य युवकों ने सड़क पर पड़े रुपयों से भरे बैग को देखा और तुरंत इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी।

### व्यापारियों व ग्रामीणों ने किया विरोध

ग्राम प्रधान ने इस मामले की जानकारी गदागंज थाना अध्यक्ष को दी। जिन्होंने युवकों को थाने बुलाकर रुपयों से भरे बैग को सौंपने को कहा। उस समय पुलिस ने युवकों को छोड़ दिया था लेकिन दो दिन बाद उन्हें वापस थाने बुलाकर गिरफ्तारी दिखाई गई। लूट के आरोप में उन्हें जेल भेज दिया गया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और व्यापारियों ने गुरुवार को थाने का घेराव किया। गदागंज कस्बे के सभी दुकानदारों ने विरोध में अपनी दुकान बंद कर दी और पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल हुए। ग्रामीणों में भी इस मामले को लेकर नाराजगी है।

### दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

इस मामले पर जब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने केवल इतना कहा कि मामला संज्ञान में है। लेकिन कोई ठोस जवाब देने में वह भी असमर्थ रहे। घटना से साफ जाहिर होता है कि रायबरेली पुलिस की कार्यशाली कितनी हास्यास्पद है। ग्रामीण और व्यापारी इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# आयुर्वेदिक अस्पताल का निर्माण अधूरा, कार्यदाई संस्था फरार

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



विकास खण्ड श्रीदत्तगंज का 29 लाख रुपए से बनने वाला आयुर्वेदिक अस्पताल का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। अस्पताल निर्माण करने वाली कार्यदाई संस्था वर्षों से फरार चल रही है।

अस्पताल भवन का निर्माण कार्य पूरा न होने पर एक किराए के मकान में विभाग अस्पताल का संचालन कर रहा है। विकास खण्ड श्रीदत्तगंज में शासन ने आर्युवेदिक अस्पताल के संचालन की मंजूरी देने पर विभाग ने ग्राम पिंपरी कोल्हुई में किराए का मकान लेकर संचालन शुरू किया। इसके बाद अस्पताल के लिए भवन की कमी को देखते हुए शासन ने ग्राम लखमा में 29 लाख रुपए की मंजूरी देते हुए अस्पताल का निर्माण शुरू कराया। ग्राम लखमा में अस्पताल भवन निर्माण बारह वर्ष पहले शुरू हुआ लेकिन कार्यदाई संस्था भवन निर्माण अधूरा ही निर्माण कर पाई। जगह जगह निर्माण अधूरा होने के साथ बाउन्डीवाल का निर्माण नहीं किया। हालत यह है कि इस भवन के चारों ओर बड़े बड़े घास उग आए हैं।

बिजली का कनेक्शन नहीं है। प्लास्टर व फर्श निर्माण अधूरा पड़ा है। इस भवन के निर्माणदाई संस्था वर्षों से निर्माण कार्य अधूरा छोड़कर फरार हो ग ई है। अस्पताल भवन का निर्माण पूरा न होने से किराए के भवन में अस्पताल चल रहा है। सीएमओ आयुर्वेदिक डॉ. दिग्विजय नाथ ने बताया कि आयुर्वेदिक अस्पताल का भवन निर्माण अल्पसंख्यक विभाग लखनऊ की संस्था करा रही थी। भवन निर्माण पूरा होते ही किराए का भवन छोड़कर नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित करा दिया जाएगा।

## श्री अन्न, मिल्टस पुनरोद्धार योजनान्तर्गत कार्यशाला आयोजित

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** शासन के मंशानुरूप मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग द्वारा संचालित श्री अन्न,मिल्टस, पुनरोद्धार योजनान्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बी आर सी रेहरा बाजार परिसर में कराया गया , जिसमें शिक्षा क्षेत्र के 50 पी एस /यूपीएस /कम्पोजिट बिद्यालयो के शिक्षकों ने भाग लिया बी ई ओ रमेश कुमार ,एडीओ एजी रणधीर सिंह ,वस्तुविशेज्ञ अमित पाण्डेय ने बताया कि शासन के मंशानुरूप मोटे अनाज सावा कोदव रामदाना जौ मेडुसा ज्वार बाजारा उत्पादन कर कम लागत में किसान अच्छी आमदनी के साथ ही साथ ये अनाज स्वस्थ्य के लिए भी लाभदायक है।

## भाजपा पदाधिकारियों ने बाल विकास परियोजना कार्यालय का किया निरीक्षण

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** गुरूवार को ब्लाक प्रमुख गैंड़ास बुजुर्ग राकेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों ने बाल विकास परियोजना कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बाल विकास परियोजना कार्यालय पर तमाम चौकाने वाले तथ्य सामने आये।आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को मिलने वाले सामग्रियों में तमाम कमियां मिली।जिसकी शिकायत ब्लाक प्रमुख ने लिखित रूप में जिलाधिकारी बलरामपुर से की। ब्लाक प्रमुख ने मुख्य विकास अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि मेरे साथ तथा भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा को लगातार मिल रही शिकायत पर औचक निरीक्षण किया गया। तो छीतर पारा के लिए जा रहा पुष्टाहार ई रिक्शा से उतार कर जब रजिस्टर से मिलान किया गया तो रिफाइंड तेल 5 पैकेट कम रहा, दलिया की पैकेट में 5पैकेट कम था,चना दाल 5पैकेट कम रहा,यह सारा सामान कार्यकत्री रितिका पत्नी हृदयराम निवासी व आंगनवाड़ी केंद्र छीतरपारा को आवंटित किया गया था।उन्होंने अनुरोध किया कि मेरे विकास खंड में कुल 163 केंद्र हैं इस तरह से कटौती की गई सामग्रियों के भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।


विशेष रेलगाड़ी–2024

शहीद बाबा जीवन सिंह जी की 363वीं जयंती के अवसर पर रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जायेगी:–

04670/04669 अमृतसर-पटना साहिब-अमृतसर विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04670 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04670 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04669 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04669 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 09:40 | अमृतसर | 09:30 | -- |
| 10:00 | – | पटना साहिब | -- | 07:00 |

चलने की तिथि: 04670 अमृतसर से 01.09.2024 (रविवार) को और 04669 पटना साहिब से 06.09.2024 (शुक्रवार) को।

स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव : ब्यास, जलंधर सिटी, ढंडारी कलां, सरहिंद जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, सुल्तानपुर जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. और पटना जं. स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय–सारणी के लिए कृपयारेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
2692/24
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पिपरा राम से महुवा धनी पर पुल न होने से आवागमन बाधित

▸ दशकों से क्षेत्रवासी पुल निर्माण की कर रहे है मांग

**महुआ बाजार, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



कई दसको से प्रधान मंत्री सड़क और एक पुल की मांग करते आ रहे हैं क्षेत्रवासी किंतु आज तक किसी भी जनप्रतिनिधियों को इनकी चिंता नहीं हुई। बात करते हैं पिपरा राम से महुआ धनी मार्ग की, जिस मार्ग पर दर्जनों गांवों का प्रति दिन आना जाना लगा रहता है। पिपरा राम से मुश्किल से 100 मीटर चलने के बाद एक बडा घोला मिलता है जिसमे मामूली बारिश में पानी बहने लगता है, मोटर साइकिल सवार अक्सर उस घोले में गिर पड़ते हैं जिससे जूता कपड़े सब भीग जाते है। रक्षा बंधन के दिन बहने अपने भाईयो के हाथो में रक्षा सूत्र बांधने के लिए आ जा रही थी किंतु पानी में बिना भीगे कोई पार नही हो सका। सड़के पूरी तरह टूट गई है, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने से कई जगह सड़क कट गई है जिससे लोगों को बरसात में चलना किसी जंग लड़ने से कम नहीं लगता। हरकिशन, मंसूर जोत, बढ़नी, नगरिया, तिलखी बढ़या, देवारिया अर्जून, बभनी बुजुर्ग जैसे दर्जनों गांवों के लोगों का आना जाना रहता है भरे हुए गड्ढे को पार करके ही लोग आ जा सकते है।

क्षेत्रवासी बताते हैं कि बरसात के मौसम में सबसे अधिक परेशानी तब होती है जब किसी की तबियत खराब हो जाती है। कई प्रसूता महिलाएं गहरे पानी की वजह से अस्पताल नही पहुंच पाती है बरसात के मौसम में विनोद कुमार, बबलू उपाध्याय, रणधीर मिश्रा, आनंद त्रिपाठी, राधे श्याम यादव बूथ अध्यक्ष भाजपा, राम प्रसाद प्रजापति बूथ अध्यक्ष भाजपा, वीरेंद्र उपाध्याय, शिव सागर यादव, भागवत प्रसाद मिश्र ने गोण्डा लोकसभा के सांसद/केंदीय मंत्री राजा भैय्या से सड़क का उच्चीकरण करवा कर प्रधान मंत्री सड़क और एक पुल की मांग की है।

# टैबलेट पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे



**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

बलरामपुर जिले के अंतर्गत चौधरी लालता प्रसाद सिंह बौद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक विशेष कार्यम आयोजित किया गया, जिसमें 177 बच्चों को लैपटॉप और टैबलेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा नेता चंदन मिश्रा उपस्थित रहे। जो कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य बीएल यादव ने सभी का स्वागत किया और विद्यार्थियों को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यह वितरण सरकार की शिक्षा को डिजिटल बनाने की पहल का हिस्सा है, जो छात्रों को आधुनिक शिक्षा प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर महंत जितेन्द्रवन, थाना अध्यक्ष अनिल कुमार दीक्षित, डॉ राम विलास वर्मा, और मुख्य नियंता सत्य प्रकाश वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित थे। चंदन मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि यह लैपटॉप और टैबलेट विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम जोड़ने का काम करेगा। उन्होंने छात्रों को डिजिटल युग के साथ तालमेल बिठाने और इन उपकरणों का सदुपयोग करने की सलाह दी।

## दुश्वारियों का रास्ता

अमेरिका आदि देशों में सुनहरे सब्जबाग दिखा मोटी रकम वसूलकर युवाओं को जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों पर समय रहते कार्रवाई न होना हमारे शासन-प्रशासन की विफलता ही कही जाएगी। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे ऐसा करके अपनी जान भी जोखिम में डाल रहे हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है। एक दशक से जारी यह गोरखधंधा वर्ष 2023 में तब उजागर हुआ था जब वर्ष 2023 में फ्रांस ने मानव तस्करी के संदेह में दुबई से निकारागुआ जा रहे तीन से अधिक यात्रियों वाले एक चॉर्टर विमान को रोककर उसमें सवार अधिकांश भारतीयों को वापस भारत लौटा दिया था। हाल ही में पंजाब में समाना के चार युवाओं की दर्दनाक कहानी उजागर हुई है, जिन्हें एजेंटों ने मोटी रकम वसूलकर जानलेवा हालातों में धकेल दिया। उनसे दो चरणों में करीब ढाई करोड़ रुपये वसूले गये और घातक परिस्थितियों में धकेल दिया गया। कई दिन जंगलों में उन्हें भूखा रहना पड़ा। फोन व जूते छीन लेने से उन्हें नंगे पैरों पैदल चलना पड़ा। पहले भारतीय एजेंट को प्रति व्यक्ति पैंतीस लाख देकर वे स्पेन पहुंचे, जहां उन्हें लावारिस छोड़ दिया गया। फिर वहां से प्रत्येक युवक ने पच्चीस लाख रुपये चुकाकर अमेरिका जाने की दुर्गम राह पकड़ी। अब इन पीड़ित युवाओं ने हर पंजाबी से अपील की है कि वे कभी भी पश्चिम जाने के लिये अवैध रास्ते को न चुनें। वे खुद को भाग्यवान मानते हैं इस खतरनाक रास्ते में लुटने-पिटने और भूखे रहने के बाद किसी तरह अमेरिका पहुंचे हैं। दरअसल, उनकी बदहाली की वजह वो भ्रष्ट व बेईमान ट्रैवल एजेंट था, जिसने उन्हें मोटी रकम लेकर अमेरिका में कार्य वीजा दिलाने का झांसा दिया था। निस्संदेह, युवाओं का धोखेबाज एजेंटों के जाल में फंसना हमारे तंत्र की विफलता ही है। यदि ऐसे एजेंट कानून व्यवस्था के शिकंजे में फंस गये होते तो युवा ठगी के शिकार न बनते। आखिर हम अपने युवाओं को देश में सम्मानजनक रोजगार क्यों नहीं दे पा रहे हैं? वहीं युवा भी धैर्य व कठिन परिश्रम के बजाय रातोंरात अमीर बनने के सपने सजोने लगते हैं। आखिर क्या वजह है कि मां-बाप जमीन बेचकर व अपने गहने-मकान गिरवी रखकर बच्चों को विदेश भेजने को आतुर हैं? यह जानते हुए कि आये दिन तमाम युवा फर्जी एजेंटों के जाल में फंसकर अपना सबकुछ गवांकर देश लौटते हैं। पिछले दिनों दलालों ने देश के युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर युद्धरत रूस की फौज में भर्ती करवा दिया।

# विहिप के 60 वर्ष... उपलब्धियां और चुनौतियां

विनोद बंसल

देश की राजनीतिक स्वतंत्रता के पश्चात कथित सेक्युलरवाद के नाम पर हिन्दू समाज पर बढ़ते अन्याय तथा ईसाईयों व मुसलमानों के तुष्टिकरण के बीच 1957 में नियोगी कमीशन की रिपोर्ट आई थी। इसमें ईसाई मिशनरियों द्वारा छल, कपट, लोभ, लालच व धोखे से पूरे देश में हिन्दुओं के धर्मांतरण की सच्चाई सामने आने के बावजूद, तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा धर्मांतरण के विरुद्ध केंद्रीय कानून बनाने से स्पष्ट मना कर दिया गया। उधर विदेशों में रहने वाला हिन्दू समाज भी अपनी विविध समस्याओं के समाधान हेतु भारत की ओर ताक तो रहा था किन्तु, उसके प्रति भी केंद्र सरकार के उदासीन रवैए ने निराश ही किया। ऐसे में हिन्दू समाज को संगठित कर धर्म रक्षा करने तथा हिन्दू धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक जीवन मूल्यों की रक्षा हेतु, साठ वर्ष पूर्व, जन्माष्टमी (अंग्रेजी दिनांक अनुसार 29 अगस्त 1964) को विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) की स्थापना हुई।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक और हिन्दुस्थान समाचार के संस्थापक श्री दादासाहेब आप्टे जी के साथ, श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर, पवई, मुम्बई स्थित पूज्य स्वामी चिनमयानन्द जी के आश्रम सांदीपनि साधनालय में पूज्य स्वामी चिनमयानन्द, राष्ट्रसंत तुकडो जी महाराज, सिख सम्प्रदाय से माननीय मास्टर तारा सिंह, जैन सम्प्रदाय से पूज्य सुशील मुनि, गीता प्रेस गोरखपुर से हनुमान प्रसाद पोद्दार, केएम मुंशी तथा पूज्य श्री गुरुजी सहित 40-45 अन्य महानुभाव भी उपस्थित थे। इसी बैठक में (1) हिन्दू समाज को संगठित और जागृत करने, (2) उसके स्वत्वों, मानबिन्दुओं तथा जीवन मूल्यों की रक्षा और संवर्धन करने तथा (3) विदेशस्थ हिन्दुओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें सुदृढ़ बनाने व उनकी सहायता करने सम्बन्धी विश्व हिंदू परिषद के तीन मुख्य उद्देश्य तय किए गए।

हिन्दू की परिभाषा करते हुए कहा गया कि जो व्यक्ति भारत में विकसित हुए जीवन मूल्यों में आस्था रखता है या जो व्यक्ति स्वयं को हिन्दू कहता है वह हिन्दू है। 22 से 24 जनवरी 1966 को कुम्भ के अवसर पर 12 देशों के 25 हजार प्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ प्रथम विश्व हिंदू सम्मेलन प्रयाग में सम्पन्न हुआ। इसमें 300 प्रमुख संतों के साथ पहली बार प्रमुख शंकराचार्य भी एक साथ आए और धर्मांतरण पर रोक व परावर्तन (घरवापसी) का संकल्प लिया गया। मैसूर के महाराज मा. चामराज जी वाडियार को प्रथम अध्यक्ष व दादासाहब आप्टे को पहले महामंत्री के रूप में घोषित कर विहिप की प्रबंध समिति की घोषणा भी हुई। इस सम्मेलन में जहां परावर्तन को मान्यता देने का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित हुआ




**नौ नवम्बर, 1989 में श्रीराम जन्मभूमि का शिलान्यास एक अनुसूचित जाति के कार्यकर्ता कामेश्वर चौपाल द्वारा कराए जाने के अतिरिक्त, देश भर में आयोजित समरसता यज्ञ, समरसता यात्राएं, समरसता गोष्ठियां, हिन्दू परिवार मित्र योजना, अनुसूचित जाति व जन जातियों के लिए छात्रावास इत्यादि अनेक योजनाओं व कार्यक्रमों के माध्यम से हिन्दू समाज के बीच व्याप्त छूआछूत के अभिशाप से मुक्ति हेतु अभूतपूर्व कार्य किए हैं। सन 2003 से लगातार देशभर में भगवान वाल्मीकि, संत रविदास तथा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर इत्यादि महापुरुषों, जिन्होंने देश की समरसता में योगदान दिया, की जयन्तियां व्यापक रूप से मनाई जा रही हैं। इन सब कार्यक्रमों के परिणाम स्वरूप अब संत समाज सहज रूप से वंचित बस्तियों में प्रवास, प्रवचन व सह-भोज सहजता से करते हैं। द्वितीय विश्व हिंदू सम्मेलन भी प्रयाग की पावन धरा पर 27 से 29 जनवरी 1979 को 18 देशों के 60 हज़ार प्रतिनिधियों की सहभागिता से सम्पन्न हुआ।**

वहीं विहिप के बोध वाक्य धर्मो रक्षति रक्षितः और बोध चिह्न अक्षय वटवृक्ष भी तय हुआ। बाबा साहिब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का मत था कि यदि देश के संत महात्मा मिलकर यह घोषित कर दें कि हिन्दू धर्म-शास्त्रों में छुआछूत का कोई स्थान नहीं है तो इस अभिशाप को समाप्त किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए 13-14 दिसम्बर 1969 के उडुपी धर्म संसद में संघ के तत्कालीन सर संघचालक श्री गुरुजी के विशेष प्रयासों के परिणाम स्वरूप, भारत के प्रमुख संतों ने एकस्वर से ÷हिन्दव- सोदरा सर्वे, ना हिन्दू पतितो भवेत्÷ के उद्घोष के साथ सामाजिक समरसता का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया। 1994 में काशी में हुई धर्म संसद का निमंत्रण डोम राजा को देने पूज्य संत ना सिर्फ स्वयं चलकर गए बल्कि उनके घर का प्रसाद ग्रहण किया तथा अगले दिन डोम राजा धर्म संसद के अधिवेशन में संतों के मध्य बैठे और संतों ने उन्हें पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया। इस धर्म संसद में 3500 संत उपस्थित थे। वनवासी, जनजाति, अति पिछड़ी व पिछड़ी जाति के हजारों लोगों को ग्राम पुजारी के रूप में प्रशिक्षण देकर उनका समय समय पर अभिनन्दन व मंदिरों में पुरोहित के रूप में नियुक्ति, विहिप के ग्राम पुजारी प्रशिक्षण अभियान के कारण ही संभव हुई।

नौ नवम्बर, 1989 में श्रीराम जन्मभूमि का शिलान्यास एक अनुसूचित जाति के कार्यकर्ता कामेश्वर चौपाल द्वारा कराए जाने के अतिरिक्त, देश भर में आयोजित समरसता यज्ञ, समरसता यात्राएं, समरसता गोष्ठियां, हिन्दू परिवार मित्र योजना, अनुसूचित जाति व जन जातियों के लिए छात्रावास इत्यादि अनेक योजनाओं व कार्यक्रमों के माध्यम से हिन्दू समाज के बीच व्याप्त छूआछूत के अभिशाप से मुक्ति हेतु अभूतपूर्व कार्य किए हैं। सन 2003 से लगातार देशभर में भगवान वाल्मीकि, संत रविदास तथा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर इत्यादि महापुरुषों, जिन्होंने देश की समरसता में योगदान दिया, की जयन्तियां व्यापक रूप से मनाई जा रही हैं। इन सब कार्यक्रमों के परिणाम स्वरूप अब संत समाज सहज रूप से वंचित बस्तियों में प्रवास, प्रवचन व सह-भोज सहजता से करते हैं। द्वितीय विश्व हिंदू सम्मेलन भी प्रयाग की पावन धरा पर 27 से 29 जनवरी 1979 को 18 देशों के 60 हज़ार प्रतिनिधियों की सहभागिता से सम्पन्न हुआ। इसका उदघाटन पूज्य दलाई लामा जी ने किया। तथा उनका स्वागत ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य जी ने किया। यह भी एक ऐतिहासिक प्रसंग था।देश के वनवासी, गिरिवासी व नगरवासियों के कुम्भ के रूप में असम के जोरहाट में 27 से 29 मार्च 1970 में देश की सभी प्रमुख तीर्थों व 45 नदियों के जल से एकात्म हुए इस सम्मेलन में अनेक पूज्य संत-महात्माओं व पूर्वोत्तर के विचारकों के साथ नागारानी गाइडिन्ल्यु ने यह घोषणा की कि प्रकृति पूजक वनवासी समाज जिसे ईसाई मिशनरियां अपने चंगुल में फंसा रही हैं, हिन्दू समाज का ही अभिन्न अंग है। 1982 में श्री अशोक सिंघल विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी बने। व्यापक जन जागरण के कार्यक्रम होने लगे। 1983 में हुई एकात्मता यात्रा में तो देश के 6 करोड़ लोगों ने सहभाग किया। अप्रैल 1984 में नई दिल्ली में प्रथम धर्म संसद का अधिवेशन संपन्न हुआ। विश्व हिंदू परिषद द्वारा समाज के सहयोग से देश भर में 45 सौ से अधिक सेवा प्रकल्प भी चलाए जा रहे हैं। इनमें 31 प्रांतों के 93 हजार स्थानों पर 840 संस्कार शालाओं में 17 हजार बच्चे पढ़ रहे हैं। इनके अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वावलंबन केंद्र, आवासी छात्रावास, अनाथालय, चिकित्सा केंद्र, कम्प्यूटर, सिलाई, कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र, विवाह केंद्र इत्यादि प्रमुख हैं। गौरक्षा, गौपालन व गौ सम्वर्धन के क्षेत्र में विश्व हिन्दू परिषद् ने अनेक कार्य किए हैं।

विचार

# देश में विद्यार्थियों की आत्महत्या की दर चिंता का विषय

डॉ. निवेदिता शर्मा

आधुनिक समय जैसे-जैसे विकास की अपार संभावनाओं के बीच सतत ऊंचाइयों को छू रहा है। मानवीय समाज में सफलता का दबाव इस कदर हावी होता जा रहा है कि थोड़ी सी असफलता भी कोई स्वीकार्य नहीं करना चाह रहा, जिसके कि परिणाम बहुत भयावह रूप से सामने आ रहे हैं। इसमें दुखद यह है कि बच्चे अपना धैर्य खोते जा रहे हैं और अपने बीच समस्याओं के समाधान के लिए जब वे किसी को नहीं पाते तो आत्महत्या जैसा अनुचित कदम उठा लेते हैं। किंतु अपनी जीवन लीला समार्पित के बाद ऐसे बच्चे अपने अभिभावकों के लिए बहुत बड़ा दर्द पीछे छोड़ जाते हैं, जिसे वे जीते जी, जीवन भर अनुभव करते हैं । इससे जुड़े जो आंकड़े हाल ही में सामने आए हैं आज वे बहुत चिंता पैदा कर रहे हैं। क्योंकि भारत में छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं समग्र आत्महत्या प्रवृत्तियों की दर से भी अधिक हो गई है। पिछले दशक में छात्र आत्महत्याओं में 50 और छात्राओं में 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले पांच वर्षों में दोनों में औसतन 5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो



(एनसीआरबी) के आंकड़ों के आधार पर, छात्र आत्महत्या भरत में फैलती महामारी रिपोर्ट वार्षिक आईसी-3 सम्मेलन में जारी की गई है जो हमारे सभ्य समाज को आज बहुत कुछ विचार करने के लिए विवश कर रही है । देश में आत्महत्या की घटनाओं की संख्या में प्रतिवर्ष दो प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है, जिसमें कि विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामलों में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसी-3 इंस्टीट्यूट की ओर से संकलित यह रिपोर्ट बता रही है कि वर्ष 2022 में कुल छात्र आत्महत्या के मामलों में 53 प्रतिशत पुरुष छात्रों ने खुदकुशी की थी, जबकि इससे पहले के वर्ष में छात्राओं की आत्महत्या में सात प्रतिशत की वृद्धि दिखी। जिसमें कि सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति राज्यवार मुख्य पांच राज्यों को देखें तो महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और झारखण्ड की है। इन प्रदेशों में छात्र सबसे अधिक आत्महत्या कर

**देश में आत्महत्या की घटनाओं की संख्या में प्रतिवर्ष दो प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है, जिसमें कि विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामलों में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसी-3 इंस्टीट्यूट की ओर से संकलित यह रिपोर्ट बता रही है कि वर्ष 2022 में कुल छात्र आत्महत्या के मामलों में 53 प्रतिशत पुरुष छात्रों ने खुदकुशी की थी, जबकि इससे पहले के वर्ष में छात्राओं की आत्महत्या में सात प्रतिशत की वृद्धि दिखी। जिसमें कि सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति राज्यवार मुख्य पांच राज्यों को देखें तो महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और झारखण्ड की है।**

रहे हैं। यानी कि जो आंकड़ा निकलकर सामने आया है, वह देश में होने वाली कुल आत्महत्याओं का एक तिहाई है, कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों से जुड़ा राजस्थान इस सूची में दसवें स्थान पर है। महाराष्ट्र में 2022 के दौरान 1,764, तमिलनाड़ में 1,416, मध्य प्रदेश में 1,340, उत्तर प्रदेश में 1,060 और झारखण्ड में 824 विद्यार्थियों ने अपनी जीवनलीला समाप्त की है।

वास्तव में एनसीआरबी के आंकड़े पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी रिपोर्ट (एफआईआर) पर आधारित है। जो हमें सभ्य समाज के बीच बहुत कुछ सोचने पर विवश कर रही है। क्या हमारे इस सभ्य समाज में आत्महत्या के लिए कोई जगह होनी चाहिए? यदि नहीं तो यह आत्महत्याएं क्यों हो रही हैं? इसका अर्थ हुआ कि हम अपने बच्चों में जीवन की सकारात्मकता के प्रति विश्वास पैदा नहीं कर पा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी ने इसलिए ही परीक्षा पर चर्चा की शुरुआत की है, ताकि बच्चे उसके प्रति सहज हों और उससे बिल्कुल भी घबनाएं नहीं। अभिभावकों को भी चाहिए कि वह अपने बच्चों को सहनशील बनाने एवं धैर्य धारण करने की दिशा में भी प्रशिक्षित करें। इसके साथ ही हमें अपने बच्चों का परिचय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) और राज्य बाल संरक्षण आयोग (एससीपीसीआर) से अवश्य करवाना चाहिए। जो कार्य राष्ट्रीय स्तर पर एनसीपीसीआर का है, वही राज्य स्तर पर एससीपीसीआर करता है।

आयोग के लिए, शून्य से लेकर अट्ठारह वर्ष की आयु वर्ग के सभी बच्चों की सुरक्षा समान महत्व रखता है। आयोग का अपने गठन के पहले दिन से ही यह मानना रहा है कि बाल अधिकार के संरक्षण के हित में एक बड़े वातावरण का निर्माण होना आवश्यक है। अतः इसके लिए जो भी कदम हो सकते हैं, वे सभी बच्चों के हित केंद्र व राज्य सरकारों को उठाने चाहिए। आयोग के लिए, सभी बच्चों के अधिकार समान महत्व के हैं। देशभर में केंद्र व राज्य बाल आयोग संसद के अधिनियम (दिसम्बर 2005) के तहत एक सांवैधानिक निकाय के रूप में आज कार्य कर रहे हैं। इस अधिनियम में आयोग के कार्य ही हैं, बाल अधिकारों की सुरक्षा की जांच तथा समीक्षा करना तथा उनके प्रभावी क्रियांवयन के लिए उपाय की अनुशंसा करना। वस्तुतः इसके लिए आयोग को संसद से अपार शक्तियां भी दी गई हैं। किसी मामले की जांच करने के दौरान आयोग के पास कोड ऑफ सिविल प्रॉसीजर 1908 के तहत विशेषकर निम्न मामलों में व्यवहार न्यायालय द्वारा कार्यवाही करने के सभी अधिकार दिए गए हैं । एससीपीसीआर के पास भारत के किसी भी हिस्से से किसी व्यक्ति को सम्मन जारी करना तथा उसे उपस्थित होने के लिए कहना और शपथ दिलाकर जांच करना है तो वहीं यही अधिकार एससीपीसीआर को उसके राज्य में प्रदत्त हैं। आयोग सरकारों को किसी दस्तावेज की खोज तथा निर्माण करने की आवश्यकता के लिए कह सकता है।

# 2047 तक विकसित भारत के लिए प्रतिस्पर्धा आयोग की क्षमता बढ़ाना जरूरी

राकेश दुबे

सारा विश्व विकास को अर्थव्यवस्था से जोड़ता है हमारे भारत की अर्थव्यवस्था तो नीतिगत बदलाव के मोर्चे पर वह दो बड़े चरणों से गुजर चुकी है। पहली जिसकी चर्चा इन दिनों ज्यादा नहीं होती और वह है अप्रैल 1951 में योजनागत विकास की शुरुआत, जब पहली पंचवर्षीय योजना शुरू की गई थी। दूसरा जुलाई 1991 में शुरू किया गया आर्थिक उदारीकरण था, जिसकी चर्चा ज्यादा होती है। किन्ही अर्थो मद इन दोनों की बदौलत वृद्धि की प्रक्रिया में तेजी आई।

यह अलग बात है दोनों में सरकार की जो भूमिका सोची गई थी, वह काफी अलग है। इन दोनों बदलावों के प्रभाव को अर्थव्यवस्था की वृद्धि, निवेश और व्यापारिक रुझान में देखा जा सकता है। वृद्धि का एक अपेक्षाकृत धीमा चरण 60 के दशक के मध्य से 70 के दशक के अंत तक भी रहा, जब सूखा, नई कृषि वृद्धि नीति और राजनीतिक उथलपुथल से भरा एक दशक सामने था। 1951-52 में उठाए गए कदम के कारण आए बदलाव कुछ कम लग सकते हैं मगर ये बहुत अहम थे क्योंकि आजादी के पहले की एक सदी में 0.5 प्रतिशत रहने वाली औसत वार्षिक वृद्धि दर इसके कारण नौ गुना बढ़ गई। 1951 से 1965 के बीच आर्थिक नीति में सार्वजनिक क्षेत्र के विकास पर ध्यान दिया गया, खास तौर पर भारी उद्योग में। यद्यपि इस दौरान निजी निवेश भी बढ़ा। निर्यात उत्पादन के जरिये होने वाली वृद्धि संभव नहीं थी क्योंकि वैश्विक व्यापार के मूल्य में वृद्धि 60 के दशक के उत्तरार्द्ध से ही शुरू हुई। उच्च वृद्धि का चरण 1980 से शुरू हुआ लेकिन नीतिगत क्षेत्र में सार्वजनिक से निजी निवेश की ओर सफर जुलाई 1991 में उदारीकरण के बाद शुरू हुआ। निवेश और विदेशी व्यापार में सरकारी नियंत्रण कम करने के अलावा एक बड़ा बदलाव था बैंकिंग और म्युचुअल फंड में निजी क्षेत्र को प्रवेश देना। उदारीकरण से पहले के रुख को देखें तो यह वित्तीय उदारीकरण औद्योगिक निवेश को लाइसेंसमुक्त करने की तुलना में ज्यादा बड़ा बदलाव रहा। उदाहरण के लिए हमने गैर सरकारी पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी नई पूंजी में भारी इजाफा देखा और यह 1981-82 में करीब-करीब 600 करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये हो गई। निर्यातोन्मुखी वृद्धि की ओर बदलाव कम दिखता है। 1951 में वैश्विक वस्तु निर्यात में भारत की हिस्सेदरी 1.9 फीसदी थी। पहले परिवर्तनकारी चरण में 1980 तक यह गिरकर 0.4 फीसदी रह गया था। परंतु उसके बाद से ही इसमें स्थिर गति से वृद्धि हुई और 2003 के बाद से आठ वर्षों तक उच्च वृद्धि के दौर के साथ भारत ने वैश्विक विनिर्माण निर्यात में अपनी हिस्सेदारी दोगुनी कर ली है। अब यह 1.8 फीसदी है यानी 1951 के स्तर से कुछ कम। वाणिज्यिक सेवा निर्यात में भारत की वैश्विक हिस्सेदारी 1990 के 0.6 फीसदी से बढ़कर 2023 में 4.3 फीसदी हो गई।

सवाल यह है कि अगर हमें 2047 तक विकसित देश बनना है तो सरकार और कारोबार के रिश्तों में क्या बदलाव लाना होगा? सबसे स्पष्ट बदलाव है सरकार और निजी कारोबारी क्षेत्र के बीच रिश्ते को चुनिंदा कंपनियों को बढ़ावा देने वाली साझेदारी के बजाय ऐसी साझेदारी बनाना, जहां सरकार कारोबार नहीं बाजार के अनुरूप है एवं सभी कंपनियों के साथ उसके संबंध एकदम निरपेक्ष हैं। यह सांठगांठ और भ्रष्टाचार से बचने में ही कारगर नीति नहीं है बल्कि इसलिए भी सही है क्योंकि राजनेता और अफसरशाह तकनीक, उत्पादों, प्रक्रियाओं, बाजार विकास आदि की उतनी जानकारी नहीं रखते, जितनी कंपनियों के अधिकारियों को होती है। उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) की योजना में प्राथमिकता वाली तकनीकों के वास्तविक प्रदर्शन और कड़ी अफसरशाही जांच की आवश्यकता होती है। यह इस बात का उदाहरण है कि किन चीजों में बदलाव की जरूरत है। वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी तथा व्यापार कर नीतियां तय करते समय उत्पादकों के हितों को पूरी तरह दरकिनार करना सरकार को बाजार के अनुकूल निष्पक्ष कारक बनाने की दिशा में अहम कदम होगा। अगर पूरी तरह निष्पक्षता कठिन है तो कम से कम यह सुनिश्चित किया जा सकता है।



## राशिफल

**मेष:-** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**वृषभ:-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मिथुन:-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्क:-** शरीर और मन में बेचौनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद-विवाद से दूर रहें।

**सिंह:-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

**कन्या:-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

**तुला:-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

**वृश्चिक:-** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**धनु:-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

**मकर:-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा।

**कुंभ:-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीन:-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

# वक्फ, विवादों का बोर्ड ! संशोधन होना जरूरी

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

वक्फ बोर्ड बार-बार बेनकाब हो रहा है और इसकी असली मंशा खुलकर सामने आ रही है। फिर भी बेशर्मी इतनी अधिक है कि केंद्र की सरकार इसमें कुछ आमूलचूल परिवर्तन करना चाहती है तो इसका कांग्रेस-इंडी गंठबंधन समेत कई विपक्षी दल तुष्टिकरण के लिए सकारात्मक सुधारों का विरोध कर रहे हैं। क्या किसी भी संपत्ति को बिना जांच के वक्फ की घोषित कर देनी चाहिए ? कम से कम संविधान तो यह अनुमति नहीं देता, किंतु वक्फ के अपने नियम हैं जो संविधान से भी ऊपर दिखाई देते हैं! तभी तो वह अनेक संपत्तियों को हड़पता जा रहा है और अनेकों पर दावा ठोक रहा है। हालांकि कई बार वक्फ बोर्ड को कोर्ट से फटकार भी लगी है, उसके दावों को खारिज भी किया गया, जैसा कि अभी हाल ही में मध्य प्रदेश में हमने बुरहानपुर और भोपाल मामलों में देखा, फिर भी ये वक्फ बोर्ड है कि जमीनों पर कब्?जा करने का कोई मौका छोड़ता नहीं दिखता । अब बिहार की राजधानी पटना के पास स्थित गोविंदपुर गांव में सुन्नी वक्फ बोर्ड के एक फरमान ने फिर से वक्फ की कार्रवाई पर प्रश्न खड़े किए हैं। इस गांव में 90 प्रतिशत से अधिक हिंदू निवास करते हैं, जो कई दशकों से यहां रहते आ




रहे हैं। लेकिन वक्फ बोर्ड का दावा है कि गांव की जमीन उसकी है । गांव वालों को 30 दिनों के भीतर जमीन खाली करने का नोटिस दिया गया है। इस प्रकरण में जूठ और मक्कारी की हद यह है कि 'उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही गांव वालों के पक्ष में फैसला सुनाया जा चुका है, लेकिन वक्फ बोर्ड ने यहां लगा अपना बोर्ड ना हटाते हुए फिर से नोटिस जारी कर दिया।' ग्रामवासियों का कहना है कि गांव के पिछले हिस्से में बने एक ईदगाह को लेकर विवाद है, पर वक्फ बोर्ड कुछ सुनने को तैयार नहीं । स्थानीय पार्षद जीतेंद्र कुमार बताते हैं कि गांव के पूर्व पार्षद जोकि वक्फ बोर्ड के सचिव हैं उन्होंने गांव की आधी बस्ती को वक्फ बोर्ड में डाल दिया है। डीएम जांच कर चुके हैं और उन्होंने भी वक्फ के दावों को निराधार पाया है, फिर यह बोर्ड अपने दावे पर कायम है। इस्लाम के पैदा होने से पहले की भूमि-भवनों पर भी वक्फ बोर्ड कर रहा कब्जा

**गांव वालों को 30 दिनों के भीतर जमीन खाली करने का नोटिस दिया गया है। इस प्रकरण में जूठ और मक्कारी की हद यह है कि 'उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही गांव वालों के पक्ष में फैसला सुनाया जा चुका है, लेकिन वक्फ बोर्ड ने यहां लगा अपना बोर्ड ना हटाते हुए फिर से नोटिस जारी कर दिया।' ग्रामवासियों का कहना है कि गांव के पिछले हिस्से में बने एक ईदगाह को लेकर विवाद है, पर वक्फ बोर्ड कुछ सुनने को तैयार नहीं । स्थानीय पार्षद जीतेंद्र कुमार बताते हैं कि गांव के पूर्व पार्षद जोकि वक्फ बोर्ड के सचिव हैं उन्होंने गांव की आधी बस्ती को वक्फ बोर्ड में डाल दिया है। डीएम जांच कर चुके हैं और उन्होंने भी वक्फ के दावों को निराधार पाया है, फिर यह बोर्ड अपने दावे पर कायम है। इस्लाम के पैदा होने से पहले की भूमि-भवनों पर भी वक्फ बोर्ड कर रहा कब्जा बिहार के इस गांव की तरह ही एक मामला तमिलनाडु से भी इसी प्रकार से सामने आ चुका है, एक पूरा हिंदू गाँव थिरुचेंथुरई, जो तिरुचि जिले में आता है। यहां 1500 साल पुराने मणेडियावल्ली चंद्रशेखर स्वामी मंदिर की जमीन पर वक्फ बोर्ड ने मालिकाना हक का दावा ठोका हुआ है। मंदिर के पास गांव और उसके आसपास 369 एकड़ जमीन है।**

बिहार के इस गांव की तरह ही एक मामला तमिलनाडु से भी इसी प्रकार से सामने आ चुका है, एक पूरा हिंदू गाँव थिरुचेंथुरई, जो तिरुचि जिले में आता है। यहां 1500 साल पुराने मणेडियावल्ली चंद्रशेखर स्वामी मंदिर की जमीन पर वक्फ बोर्ड ने मालिकाना हक का दावा ठोका हुआ है। मंदिर के पास गांव और उसके आसपास 369 एकड़ जमीन है। यहां रहने वाले किसान राजगोपाल जब अपनी जमीन के कुछ भाग को दूसरे को बेचने के लिए विक्रय संबंधी औपचारिकताएं पूरा करने रजिस्ट्रार के दफ्तर पहुंचे तो उन्हें रजिस्ट्रार ने बताया कि तमिलनाडु वक्फ बोर्ड ने डीड्स विभाग को 250 पन्नों का एक पत्र भेजा है, जिसमें कहा गया है कि तिरुचेंदुरई गांव में कोई भी भूमि लेनदेन केवल उसके अनापत्ति प्रमाण-पत्र के बाद ही किया जा सकता है। वर्ष 2022 में सामने आए इस मामले का निराकरण वर्तमान 2024 के अगस्त माह तक भी नहीं किया गया है। भूमि पर वक्फ बोर्ड अपना अधिकार जता रहा है। अब राजगोपाल ही नहीं पूरे ग्रामवासी सकते में हैं, क्योंकि गांव में 1600 साल पुराना हिंदू मंदिर भी वक्फ बोर्ड ने अपना बताया है, जबकि इस्लाम की उत्पत्ति ही सातवीं शताब्दी में हुई। एतिहासिक तथ्य यह है कि 622 ईस्वी में पैगंबर मुहम्मद यतुरिब शहर (मदीना) पहुंचे फिर सन् 630 में मक्का आए, इसके बाद मुस्लिम कबीले इस्लाम को लेकर दूसरे देशों में निकले। 8वीं शताब्दी ईस्वी तक यह सिंधु नदी तक ही आ सका था। उसके बाद वह भारत के अंदर के भाग में आते हुए11000 एवं 1200 ईसवी में वह हिन्दू राजाओं के साथ युद्धरत रहता है। सोचिए; जो इस्लाम पैदा ही 1400 साल पहले हुआ, वह 1600 साल पूर्व भारत के किसी मंदिर पर अपना दावा ठोक रहा है ? तमिलनाडु में वक्फ बोर्ड इतने पर भी नहीं रुका । इस गांव के आसपास उसने अन्य 18 गांवों की जमीन पर भी अपना दावा किया है। क्या तमिलनाडु, बिहार ही वक्फ बोर्ड के निशाने पर है? इसकी तह में जाएं तो दिखाई देता है, देश के प्रत्येक राज्य में वक्फ के भूमि-भवन से जुड़े विवाद चल रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण के धाम द्वारिका में अनेक जगह हो गईं वक्फ प्रॉपर्टी हम सभी ने हाल ही में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बहुत ही श्रद्धा के साथ मनाया है, लेकिन इन इस्लामवादी वक्फ बोर्ड के लोगों की बेशर्मी देखो; इन्होंने भगवान के धाम तक को नहीं छोड़ा। गुजरात के जिस क्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण के साक्षात पद्चिह्न जहां जीवन्त हैं, उस द्वारिका में एक नहीं अनेकों वक्फ संपत्ति घोषित कर दी गई हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# हत्या का खुलासा, मुठभेड़ में तीन हत्यारोपी गिरफ्तार

## कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल, मोटर साइकिल सहित अवैध शस्त्र एवं कारतूस बरामद

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



बीते दिनों थाना अजनर क्षेत्रअन्तर्गत ग्राम इन्द्रहटा के पास 18 अगस्त 2024 को अज्ञात मोटरसाइकल सवार अभियुक्तों द्वारा मुकेश पाल पुत्र रघुवीर पाल उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम भटगोरा, थाना खरगापुर जिला टीकमगढ़ मध्य प्रदेश की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। प्राप्त सूचना पर एसपी अपर्णा गुप्ता ने पुलिस उच्चाधिकारियों एवं फारेंसिक टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी एवं घटना पर वादिया भारती पाल पत्नी विशाल पाल उम्र करीब 25 वर्ष निवासी भटगोरा थाना खरगापुर जनपद टीकमगढ़ मध्य प्रदेश द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना अजनर में मु.अ.सं. 167/24 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

एसपी ने दुस्साहसिक घटना का संज्ञान लेते हुए घटना के सफल अनावरण किये जाने व घटना कारित करने वाले सम्बन्धित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम् व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय स्वॉट/ सर्विलांश प्रभारी स्वाट टीम का गठन किया गया। एसपी के निर्देशन पर गठित टीमों द्वारा थाना अजनर क्षेत्र सहित पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के जनपद टीकमगढ़ में भी मुखबिर तंत्रों को विकसित कर घटना के सम्बन्ध में लगातार सुरागरसी एवं पतारसी की जा रही थी, जिसके क्रम में पुलिस टीमों की सक्रियता के परिणामस्वरुप आज मुखबिर खास ने सूचना दी कि विगत 18 अगस्त को थाना अजनर के इन्द्रहटा में हत्या की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तगण मोटर साइकिल से स्यावन की ओर आ रहे हैं, इस पर थाना अजनर एवं जनपदीय स्वाट की संयुक्त पुलिस टीमों ने गौंड बाबा मन्दिर ग्राम स्यावन के पास पहुंचे, इस दौरान एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखी जिसमें 03 लोग सवार थे, उन लोगो ने पुलिस टीम को सामने देखा तो तेजी से मोटरसाइकिल रोंकी जिससे मो0सा0 फिसल गई और वह लोग वहीं गिर पड़े। पुलिस टीम ने हवाई फायरिंग कर रुकने व आत्मसमर्पण की चेतावनी दी फिर भी उपरोक्त बदमाशों ने पुलिस टीम पर एक और फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में अपराधी को गोली लग गई और वह वहीं पर गिर पड़ा। पास जाकर देखा तो गोली उसके पैर में लगी थी जिसकी जामातलाशी लेते हुए उसका नाम पता पूछा गया उसने अपना नाम पुष्पेन्द्र कुमार उर्फ कल्लू पुत्र मलखान अहिवार उम्र करीब 30 वर्ष निवासी मंगरौलखुर्द थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा बताया जिसकी जामातलाशी से 01 तमंचा 12 बोर, 02 खोखा कारतूस व 01 मिस कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद हुए। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस घटना में थाना अजनर में क्रमशः मु.अ.सं. 176/24 धारा 109/3 (5)/352 बी.एन.एस. (पुलिस मुठभेड़) तथा मु.अ.सं. 177/24, मु.अ.सं. 178/24 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल को 207 एमवी एक्ट के तहत सीज की कार्यवाही की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से आलाकत्ल 01 तमंचा 12 बोर मय 01 खोखा कारतूस 12 बोर 01 खोखा एवं 01मिस कारतूस 12 बोर 01 तमंचा 315 बोर व 01 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बैग में घटित घटना वाले दिन की 01 अभियुक्त की फुल बाह की चेकदार शर्ट जिसपर मृतक के खून के छीटे लगे हुए हैं 02 एण्ड्राइड मोबाइल घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बजाज सीटी100 गाडी एवं 02 हजार रुपये नगद बरामद की गई।

# चोरों ने लाखों की नगदी व जेवरात किये पार

**पीड़ित ने की कोतवाली में शिकायत जांच में जुटी पुलिस**

**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




कोतवाली के मल्हौवा गांव में चोरों ने किसान के घर को निशाना बनाते हुए साढ़े तीन लाख रुपए के जेवरात व हजारों की नकदी पार कर दी है। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

गांव निवासी डालचंद्र ने पुलिस को बताया कि वह खेती किसानी कर परिवार का भरण.पोषण करता है। बुधवार की रात वह परिवार के साथ घर में सो रहा था। तभी रात्रि चोर उसके घर में घुस आए। बताया कि चोर दो सूटकेस ले गए। सूटकेस में सोने का मंगलसूत्र सोने की झुमकी सोने का हार चार सोने की चूड़ी ग्राम चांदी की पायलए ढाई सौ ग्राम चांदी का बिछुआए दो चांदी की अंगूठीए बिछिया और 60 हजार रुपए रखे हुए थे। सुबह जब वह जागा तो घर में सामान बिखरा पड़ा देखा। तभी चोरी की घटना की जानकारी हुई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल की। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि जानकारी हुई है। मौके पर दरोगा को भेजा है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने पुरानी पेंशन रिस्टोर करने पर विचार करने का किया अनुरोध

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** केंद्र सरकार ने कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया लेकिन यह पुरानी पेंशन का विकल्प नहीं अंतिम वेतन आहरण का 50 प्रतिशत पेंशन मिलेगी। 10 साल पर भी 10 हजार पेंशन की व्यवस्था 60 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन भी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। पुरानी पेंशन रिस्टोर करने पर विचार करने का अनुरोध भी किया। सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली की मांग कर रहे थे। सरकार ने पुरानी पेंशन की तर्ज पर ही यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) लागू कर दिया है जिसके अंतर्गत कर्मचारी के अंतिम आहरण का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में देने का निर्णय किया गया है। प्रधानमंत्री का यह निर्णय स्वागत योग्य है लेकिन यह पुरानी पेंशन का विकल्प नहीं है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक ने अवगत कराया है

# बीमा के लिए आज भी भटक रहा किसान, नहीं हो रही सुनवाई

**भारतीय हलधर किसान यूनियन ने ज्ञापन एडीएम को सौंपा**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय हलधर किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी राजस्व/वित्त रामप्रकाश को सौंपा है। यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार ने कहा कि पूर्व में भारतीय हलधर किसान यूनियन महोबा ईकाई ने कई ज्ञापन दिए यहां तक कि अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया परंतु जिम्मेदार अधिकारियों ने कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति कर मामले को निपटा दिया, जिलाध्यक्ष ने मुख्य मंत्री का पत्र के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराते हुए हमारी कुछ महत्वपूर्ण मांगे हैं जिसमे पीसीएफ केंद्र अजनर में हुये घोटाले में एफआईआर दर्ज हो गई थी परंतु आज तक इस मामले में और कितने लोग शामिल थे न उसका पता चला और न ही करोड़ों का हेरफेर करने वाला जेल गया।

13774 कुंतल मसूर आई कहां से, प्रधानमंत्री फसल बीमा में भोले भाले किसानों को छला जा रहा है फर्जी बीमा गेंग सक्रिय हैं प्रधानमंत्री सम्मान निधि से आज भी हजारों किसानों को कोई लाभ नहीं मिल रहा इसकी प्रक्रिया जो इतनी जटिल है उसको सरल करते हुए तीन तीन साल से आवेदन किए किसान बंधुओं को सम्मान निधि नहीं मिल रही उस पर गोर करते हुए तत्काल प्रभाव से समस्या समाधान होनी चाहिए, विधुत विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर ठोस सबूत होने के बाद भी कार्यवाही के नाम पर शुन्य, कबरई उपखंड अधिकारी ने गरीब भोले भाले किसानों से लाखों रुपए लिये बिल उड़ानें के और उड़ाये भी, परंतु राजस्व को क्षति पहुंचाने वाले गरीब किसानों एवं उपभोक्ताओं का मानसिक एवं आर्थिक शौषण करने वाले के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई जनपद में चक रोड़ सरकारी सेक्टरों को आम जनता जनार्दन के लिए अवैध कब्जा मुक्त कराये जाये और प्रशासन इसपर स्वेत पत्र जारी करे। जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार ने कहा कि यदि 7 दिन तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो 9 सितंबर दिन सोमवार समय दस बजे से कलेक्ट्रेट में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जायेगा जो बाद में आमरण अनशन भूख हड़ताल में बदल जायेगा जब-तक इन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ एफआईआर जेल जाने की कार्यवाही नहीं होती भारतीय हलधर किसान यूनियन महोबा ईकाई का धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

# महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के सम्मान में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन



**महोबा।** राजकीय हाई स्कूल पिपरमाफ में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया ।यह दिवस महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के सम्मान में मनाया जाता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वास्थ्य एवं खेल विचार को बढ़ावा देना है प्रधानमंत्री  नरेंद्र मोदी ने कई मंचों से विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य हेतु खेलों की महत्व पर प्रकाश डाला इस विचारधारा को बढ़ाते हुए राजकीय हाईस्कूल पिपरामाफ में आज कबड्डी खेल का आयोजन किया गया खेल में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मयंक त्रिपाठी के द्वारा किया गया उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अनुशासित रहते हुए अपने खेल को खेलना चाहिए एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। कार्यक्रम में सूरज, धीरेंद्र, गौरव देवेंद्र,अनिल, पवन, अंकित आदि छात्रों ने प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।  विद्यालय के शिक्षक राजू श्रीवास्तव ने सभी बच्चों की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा भविष्य में भी अच्छी खेल भावना के साथ उत्कृष्ट खेल खेलने को प्रेरित किया। खेल में निर्णायक की भूमिका में विद्यालय के खेल शिक्षक अमित राजपूत रहे। इस अवसर पर अनिरुद्ध तिवारी, गायत्री देवी व विभिन्न ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### विकास खंड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित

**महोबा।** पनवाड़ी विकासखंड में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत मृदा स्वास्थ्य एवम् फर्टिलिटी के अंतर्गत कृषक जागरूकता कार्यक्रम आत्मा योजनांतर्गत विकास खंड स्तरीय कृषक गोष्ठी, श्री अन्न (मिलेट्स)योजनांतर्गत विकास खंड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि  अंजना प्रकाश अनुरागी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ,खण्ड विकास अधिकारी पनवाड़ी जितेंद्र शुक्ला  प्रयोग शाला प्रभारी महोबा संजय कुमार बीज गोदाम प्रभारी अनिल शीतल महेंद्र, ऋषिकेश सतेंद्र सिंह अशोक कुमार कंप्यूटर प्रोग्राम सुनील रावत एवम् अन्य कर्मचारियों के साथ साथ सैकड़ों किसान भाई उपस्थित रहे, मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमे जितेंद्र कुमार द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड की महत्ता एवम् संस्तुतियों के अनुसार संतुलित खाद वा उर्वरकों के प्रयोग करने हेतु क्रष्को को जागरूक किया गया, शीतल प्रसाद कृषि वैज्ञानिक द्वारा कृषि की नवीनतम तकनीकी भूमि शोधन बीज शोधन इत्यादि की जानकारी दी, अनिल द्वारा अन्न की महत्ता की जानकारी दी।

### किशोरी के साथ गैंगरेप, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**राठ,हमीरपुर।** किशोरी ने तीन युवकों पर खेत में ले जाकर बारी बारी से गैंगरेप करने का आरोप लगाया है। पीड़ित किशोरी की बहन ने कोतवाली में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि बुधवार की रात बुधौलियाना मोहल्ला निवासी शिवम, नवीन महाराज, बजरिया मोहल्ला निवासी अनवार उसकी नाबालिग बहन को बाइक पर बैठा कर जलालपुर रोड पर ले गए। युवको ने उसकी बहन को सरसई गांव के पास खेत में ले गए और जबरदस्ती तीनों ने बारी.बारी से गैंगरेप किया।  बाइक पर सभासद लिखा हुआ था। गैंगरेप करने के बाद  युवक उसकी बहन को खेत में छोड़ कर भाग गए। मौके पर पहुंची पुलिस उसकी बहन को कोतवाली लेकर आईं। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि  शिवम, नवीन महाराज, अनवार के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### युवती की संदिग्ध मौत, पुलिस ने शुरु की जांच



**राठ,हमीरपुर।** कस्बे के दाता गढ़ी सिकंदरपुरा मोहल्ले में एक युवती की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मझगवां थाने के गिरवर गांव निवासी हर प्रसाद प्रजापति ने बताया कि वह कस्बे के दाता गढ़ी सिकंदरपुरा मोहल्ले परिवार सहित किराए के मकान में रहता है। वह मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण.पोषण करता है। बताया कि बुधवार की रात करीब एक बजे उसकी 20 वर्षीय पुत्री शिक्षा की अचानक हालत बिगड़ गई। जिसे इलाज के लिए पनवाड़ी के प्राइवेट अस्पताल में ले गए। जहां से उसे मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया। बताया कि मऊरानीपुर के पास उसकी पुत्री ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता ने बताया कि मोहल्ले में एक व्यक्ति उसकी जमीन पर कब्जा किए हैं। शाम को उसकी पुत्री प्लाट देखकर आईं थीं। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई थी।

### अराजकतत्व स्कूल की संपत्ति को पहुंचा रहे नुकसान

**मौदहा,हमीरपुर।** शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले परिषदीय विद्यालयों में अराजक तत्वो का बोलबाला जहां आए दिन स्कूल  गेट के ताला तोड़कर सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाचार्य ने पुलिस चौकी पर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड के मुटनी गांव में उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजराज ने पुलिस को बताया कि विद्यालय में गांव के कुछ अराजक तत्व ने विद्यालय का कई बार गेट का ताला तोड़कर कर सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाई है इतना ही नहीं यहां दारू पीकर बोतले फेंक देते हैं और गंदगी फैलाते हैं यही नहीं विद्यालय  के टाइल्स एवं नलों की टोंटियां तोड़ देते हैं और ले जाते हैं वृक्षों को नुकसान पहुंचाते हैं जिससे विद्यालय संचालन में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है।

# नाला सफाई न होने से रास्ता जाम, नहीं हो रही सुनवाई



**कुरारा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा कुरारा के वार्ड एक नाला पार मोहल्ले में सफाई व्यवस्था न होने के कारण लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालियों की सफाई व्यवस्था न होने से पानी रास्ते में फैल रहा है। जिससे लोगो को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है मोहाल के लोगो की पीड़ा कोई सुनने वाला नही है। मोहाल के लोगो ने आन्दोलन का मन बना रहे है।

कस्बा कुरारा के वार्ड नं एक में नाला पार करके मोहल्ले में सफाई व्यवस्था बाधित होने से मोहल्ले के लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के निवासी मलखान प्रजापति, रामकिशोर, आदि ने बताया कि एक माह से मोहल्ले में कोई सफाई कर्मचारी नहीं आता है। जिससे सफाई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। नालियों का पानी बहकर रास्ते में भर रहा है।

लोगो को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत नगर पंचायत कर्मचारियों से की गई है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। मोहल्ले के लोगो ने नगर पंचायत प्रशासन से मोहल्ले में सफाई व्यवस्था कराए जाने की मांग की है पानी से होकर मासूम बच्चे स्कूल जाते है जिससे आय दिन बच्चे चोटिल होते है।

मोहल्ले के लोगो का कहना है यदि जल  निकासी की कोई व्यवस्था नही की गयी तो कभी भी कोई घटना हो सकती है। यही नही इससे बीमारी फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है।



### पर्यटन विकास के लिए बैठक हुई आयोजित

**महोबा।** पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली की स्वदेश दर्शन 2.0 की सब स्कीम चैलेंज बेस्ट डेस्टिनेशन डेवलपमेंट योजनांतर्गत कल्चर एवं हेरिटेज कैटेगरी के अंतर्गत चयनित पर्यटन स्थल महोबा के समेकित पर्यटन विकास हेतु मास्टर प्लान / डीपीआर जारी गाइडलाइन के अनुरूप तैयार कराए जाने हेतु जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में जनपद के प्रमुख पर्यटन स्थलों के पर्यटन विकास पर चर्चा की हुई, आर्किटेक्ट ने महोबा के प्रवेश द्वार सहित विभिन्न पर्यटन विंदुओ को बताया, जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन विभाग की अधिकारियों को महोबा पर्यटन स्थलों को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए।

# नये निमय के अनुसार पात्रों का किया जाये चयन : बीडीओ



**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रधान एवं सचिवों की संयुक्त मीटिंग का आयोजन किया गया प्रधानमंत्री आवास से संबंधित पात्रो को सूची मे शामिल कर लाभान्वित करने के बारे विस्तार से चर्चा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर विकास खंड कार्यालय के मीटिंग हॉल में खंड विकास अधिकारी दुर्योधन सिंह की अध्यक्षता में प्रधान सचिवों की सामूहिक मीटिंग का आयोजन कर प्रधानमंत्री आवास योजना में बाइक व तीन पहिया वाहन के लाभार्थी को नए सिरे से गांव.गांव मे सर्वे कर पात्र सूची मे शामिल किया जाएगा  प्रधानमंत्री आवास ओजना में छूटे शेष लाभार्थी के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

# हॉकी प्रतियोगिता में रहमानिया स्पोर्ट्स बनी चैंपियन, कस्बा पहुंचने पर हुआ स्वागत

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेज़र ध्यानचंद्र की जयंती पर जिला खेल ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद की कुल छह टीमों ने प्रतिभाग किया और रहमानिया स्पोर्ट्स मौदहा ने फाइनल मुकाबला अपने नाम दर्ज कर लिया।

बृहस्पतिवार को जिला खेल ग्राउंड में हाकी की जादूगर के नाम से मशहूर मेज़र ध्यानचंद्र के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। जिसमें जनपद की कुल छः टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सभी टीमें आपस में भिड़ती रही अंत में दो टीम निजामी स्पोर्ट्स व रहमानिया स्पोर्ट्स मौदहा फाइनल में पहुंचीं। जिसमें निजामी स्पोर्ट्स की ओर से आरूष ने खेल के पहले हाफ में एक खोल कर बढ़त बना ली वहीं खेल के दूसरे हाफ रहमानिया के मो0 आकिब ने अपने टीम के लिए पहला गोल कर खेल को बराबरी में लाकर खड़ा कर दिया जिससे खेल में रोमांच बढ़ गयाए अंत में दोनों टीमें एक.एक से बराबर रही। जिसके बाद पांच.पांच पैनाल्टी स्टोक किए गए जिसमें रहमानिया ने 3.2 से रायल स्पोर्ट्स को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसी तरह जनपद में होने वाली हाकी प्रतियोगिता में बीते कई वर्षों से मौदहा का दबदबा बना हुआ है जिसको बृहस्पतिवार को पुनः जीत के साथ दबदबा कायम रखा है। विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति एंव विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ल ने पुरूस्कार देकर सम्मानित किया है। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी बृजेश सोनीए रहमानिया इंटर कालेज के क्रीड़ा अध्यापक मुशर्रफ कमालए रहमानिया स्पोर्ट्स मौदहा हाकी टीम के कोंच समीर इमाम सहित जनपद के पूर्व हाकी चौम्पियन खिलाड़ी रहे मौदहा निवासी डॉ इमामुद्दीन जिला स्टेडियम में पहुंच खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए पूरे ग्राउंड में दौड़ते दिखाई दिए।

### एडीआर भवन में तृतीय श्रेणी कर्मचारी के पद के लिए मांगे गए आवेदन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश जेपी यादव के आदेशानुसार कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीआर भवन में तृतीय श्रेणी कर्मचारी (संविदा कनिष्ठ लिपिक) के 1 पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

आवेदन के लिए शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या समकक्ष हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण का ज्ञान व कम्प्यूटर का ज्ञान रखने वाले को वरीयता दी जायेगी। आवेदक की आयु 27 अगस्त 2024 को 18 वर्ष से कम न हो व 35 वर्ष से अधिक न हो। सृजित किये गये पद का कार्यकाल 28 फरवरी 2025 तक होगा।

# उच्च शिक्षा सुधार विषय पर हुई चर्चा

## उप्र स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक संपन्न

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा, विशेष सचिव उच्च शिक्षा, एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक उप्र स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के साथ संपन्न हुई। बैठक में उच्च शिक्षा में सुधार विषय पर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। एसोसिएशन की ओर से स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में शिक्षक चयन प्रक्रिया के सरलीकरण, पूरे प्रदेश में एक समान परीक्षा शुल्क निर्धारित करने, नई शिक्षा नीति-2020 के लागू होने के बाद सेमेस्टर प्रणाली अपनाये जाने के कारण महाविद्यालयों के शिक्षण शुल्क को सेमेस्टर प्रणाली के अनुसार सेमेस्टरवार निर्धारित करने, प्रयोगात्मक एवं मौखिकी परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षकों में से किसी भी परीक्षक को बुलाने का अधिकार महाविद्यालय को देने, महाविद्यालय के आधारभूत संरचनाओं का उपयोग करते हुए दो शिफ्ट में महाविद्यालय संचालन की अनुमति प्रदान करने इत्यादि विषयों पर विस्तार से बातचीत हुई। श्री महेन्द्र कुमार अग्रवाल, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एवं श्री सीपू गिरी, विशेष सचिव उच्च शिक्षा तथा प्रो0 ब्रह्मदेव निदेशक उच्च शिक्षा ने सभी बिंदुओं को बहुत ही ध्यान से सुना और उस पर विचार विमर्श किया तथा आश्वस्त किया कि पन्द्रह दिन के अंदर इन सभी बिंदुओं पर निर्णय लेकर शासनादेश जारी किया जाएगा।

**लापरवाही**

## कोई डिग्री न होने के बाद भी महिलाओं का कराता है गर्भपात

# डिप्टी सीएमओ को देख इलाज कर रहा मेडिकल स्टोर संचालक फरार

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



**जांच अधिकारी ने सीएचसी व कई क्लीनिक व पैथालाजी का किया निरीक्षण,जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौपी**

डिप्टी सीएमओ ने आज मौदहा कस्वा स्थित पैथालाजी व मेडिकल स्टोर का निरीक्षण का औचक निरीक्षण किया जिसमे मेडिकल स्टोर संचालक फटाफट ताला बंद कर भाग गया वही पैथालाजी संचालक को नोटिस दी गयी है,सीएचसी मौदहा मे 48 कर्माचारी कार्यरत है जिसमे ज्यादातर लोग स्थानीय बताये गये है,जांच अधिकारी ने जांच रिपोर्ट डीएम व सीएमओ को दे दी है।

जानकारी के मुताबिक मौदहा कस्वा के सुभाष मेडिकल स्टोर के आसपास के निवासी रमाशंकर गुप्ता व अमित पालीवाल ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि मेडिकल स्टोर के आड़ में संचालक मरीजों का इलाज करता है। कोई डिग्री न होने के बाद भी महिलाओं का गर्भपात कराता है। जिससे आये दिन कोई न कोई घटना होती रहती है डीएम ने यह जांच सीएमओ को दी थी सीएमओ ने मामले की जांच डिप्टी सीएमओ डा. संजय कुमार को दी थी डिप्टी सीएमओ ने आज मौके पर जाकर जैसे ही सुभाष मेडिकल स्टोर पहुचे वैसे ही संचालक दुकान बंद कर भाग निकला। ,इसी प्रकार स्टैंडर्ड पैथालाजी का औचक निरीक्षण किया गया जिसमे पाया गया  ज्यादातर अभिलेख अधूरे थे। पैथालाजी संचालक को नोटिस जारी कर शीघ्र ही कागजात दुरुस्त कराने के आदेश दिये गये है। जांच अधिकारी संजय कुमार सीएचसी मौदहा गये जहां पर निरीक्षण किया और कार्यरत कर्मियों की सूची अधीक्षक  डा.रजत तिवारी से मांगी जिमसे पाया कि चिकित्सालय में 48 कर्मी कार्यरत है जिसमे ज्यादातर लोग स्थानीय है। कस्वा वासियों ने डीएम से शिकायत की थी कि सीएचसी में स्थानीय कर्मियों के कार्यरत होने से आये दिन विवाद होता रहता है जिससे चिकित्सा व्यवस्था लड़खड़ाती जा रही है। इसको लेकर डिप्टी सीएमओ ने जांच की थी। इसी प्रकार मौदहा निवासी रजामोहम्मद, गंगादीन, कल्लू, नासीम,राहुल,लाला,दीपक साहू,इतफान ने शिकायत की थी कि सारा मेडिकल क्लीनिक अवैध संचालित है डाक्टरो के पास डिग्री नही है,मगर जांच अधिकारी ने बताया कि क्लीनक अवैध नही था,आयुर्वेद से पंजीकृत है। केवल आयुर्वेद दवाओ का प्रयोग किया जा रहा है। सन अस्पताल भी जांच में ठीक पाया गया है। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि मामले की जांच रिपोर्ट सीएमओ को दे दी गयी है,जो क्लीनिक व पैथालाजी अवैध संचालित है उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# जल बचाया जा सकता है, बनाया नहीं: सुरेश भाई

- जल साक्षरता अभियान के तहत आयोजित हुई चौमासे की बरसात विषयक संगोष्ठी पर्यावरणविदों ने जल संकट से बचने के बताए उपाय
- धरती की कोख प्यासी, बचाये चौमासे की बरसात का पानी: डॉ अर्जुन पांडेय



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

बाराबंकी जल बिरादरी व बिरजू संस्थान एवं जेबीएस इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में भूगर्भ जल बढ़ाने को लेकर चौमासे की बरसात विषयक संगोष्ठी एवं पर्यावरण रक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में पर्यावरणविदों ने कहा कि कल के लिए जल÷ बचाना बहुत जरूरी है। उत्तरकाशी, उत्तराखंड के पर्यावरणविद सुरेश भाई ने कहा कि जल बचाया जा सकता है, बनाया नही। इसलिए कल के लिए जल बचाएं, जिसकी शुरुआत हिमालय से होनी चाहिए। हमारा रक्षक, जीवनदायी हिमालय ही खतरे में है। दिल्ली के पर्यावरण विद, पानी पत्रकार अरुण तिवारी ने कहा कि जन बढ़ रहे हैं और हमारा वन घट रहा है, वन घटने पर जल की भारी त्रासदी होने की संभावना है इसे रोकने के लिए जलप्रेमियो समाजसेवियों को आगे आना होगा। गांधी पीस फाउंडेशन नई दिल्ली के पूर्व निदेशक रमेश शर्मा ने कहा कि प्रगतिशील समाज ने नदियों की धाराएं मोड़ दी, उनकी गोद मे कंक्रीट बढ़ रहे हैं जो यह नदिया असमय सूख रही हैं वहीं बारिश में तबाही भी लाती हैं। हम सभी नदी को सूखने से बचाएं, उन्हें प्यासी न बनाये। उन्होंने स्कूल कालेजों में जल साक्षरता इकाई गठित किये जाने को कहा। अमेठी जल बिरादरी के अध्यक्ष पर्यावरणविद डॉ अर्जुन पांडेय ने कहा कि धरती की प्यास बुझाओ, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ। यही कृत्य मनुष्य जीवन को बचा सकता है। कार्यक्रम में संघ के जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी ने चौमासे की खेती, चौमासे की बरसात को भारतीय संस्कृति का हिस्सा बताया। वहीं कई विश्वविद्यालयों में कुलसचिव रहे प्रकृति प्रेमी पीएन प्रसाद ने छात्रों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य व उपायुक्त एस राम ने बताया कि धरती पर मात्र तीन प्रतिशत पानी पीने योग्य है, उसका दोहन रोकना होगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ विनय दास ने कहा कि पर्यावरण व जल संकट से जन जीवन पर संकट बढ़ेगा, इसको रोकना होगा। तिलोई डिग्री कालेज के प्रोफेसर डॉ अभिमन्यु पांडेय ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जेबीएस इंस्टीट्यूट की प्रबन्धक श्रीमती पूनम सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया तथा कालेज में छात्रों की जल साक्षरता इकाई को स्थापित करने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन बाराबंकी जल बिरादरी के संयोजक व बिरजू संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में जेबीएस इंस्टीट्यूट तिन्दुवानी के एचओडी सहदेव प्रसाद यादव व सभी प्रोफेसर फैकल्टी सहित बीएड, बीफार्मा डीफार्मा के लगभग 200 छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

### पर्यावरण रक्षक सम्मान से सम्मानित हुए प्रकृति प्रेमी



जल साक्षरता अभियान के इस कार्यक्रम में पर्यावरणविदों के साथ ही बाराबंकी जिले के कई समाजसेवियों, प्रकृति प्रेमियों को सम्मानित किया गया। एक पेड़ माँ नाम पौधरोपण अभियान में सक्रिय रहे साहित्यकार डॉ विनय दास, रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेंद्र सिंह, डॉ भीमराव अम्बेडकर मेमोरियल सेवा समिति के महासचिव राम औतार, जे एल भास्कर, रमेश चौधरी, गुलजार बानो व वरिष्ठ पत्रकार नितिन श्रीवास्तव, सतीश कश्यप, दिलीप श्रीवास्तव, पाटेश्वरी प्रसाद, चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, देव कुमार गुप्ता, पूर्व डीपीआरओ अनिल कुमार श्रीवास्तव, कवि सनत कुमार अनाड़ी सहित तीन दर्जन समाजसेवियों, प्रकृति प्रेमियों को पौधरोपण कार्य मे विशिष्ट योगदान के लिए सम्मान पत्र अंगवस्त्र सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी को औषधीय पौधे भी भेंट किया गया।

## ज्ञान स्थली आवासीय विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुई वालीबाल प्रतियोगिता

इटावा। मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर देश राष्ट्रीय खेल दिवस मना रहा है। हर साल भारत में 29 अगस्त का दिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है इस दिन हॉकी के करिश्माई खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुआ। हॉकी के इस दिग्गज खिलाड़ी को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के मकसद से भारत सरकार ने सन 2012 से उनकी जन्म तिथि पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने की घोषणा की थी। यह उद्गार राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर करवा खेड़ा स्थित ज्ञान स्थली आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्या चंदा श्रीवास्तव ने व्यक्त किए।उन्होंने विद्यालय की सीनियर कक्षाओं के बीच बालीबाल मैच का बाल खेलकर शुभारंभ किया। समारोह की शुरुआत में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती चंदा श्रीवास्तव व उप प्रधानाचार्य राकेश जी ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।इस अवसर पर सीनियर बच्चों के बीच खेले गए वॉलीबॉल मैच में दोनों ही टीम बराबर रहीं।

# विहिप का मनाया गया 60वां स्थापना दिवस

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**




**नगर के** मुख्य चौराहे पर स्थित लोक निर्माण विभाग भवन के परिसर में विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस समारोह विश्व हिंदू परिषद प्रखंड हैदरगढ़ के नेतृत्व एवं राकेश कुमार सिंह मुन्ना अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हनुमानगढ़ी अयोध्या धाम के महंत राजू दास जी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि महंत राजू दास जी महाराज द्वारा प्रभु श्री राम की पूजा एवं दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महंत राजू दास जी महाराज ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना 1964 में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मुंबई के पवई नामक स्थान पर संदीपनी आश्रम में हुई थी। उन्होंने आगे कहा कि विश्व हिंदू परिषद लव जिहाद ,लैंड जिहाद आदि पर रोक लगाने का काम कर रही है, जिसका प्रभाव समाज में दिखने लगा है। विधायक दिनेश रावत ने कहा कि अखंड भारत व हिंदू संगठित रहकर काम करें। इस यात्रा की शुरुआत बजरंग दल ने शुरू की थी। हिंदू समाज को संगठित करने का काम बजरंग दल ने किया है। अयोध्या में जन्मे प्रभु श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में बजरंग दल ने मुख्य भूमिका निभाकर काम किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत मंत्री देवेंद्र राष्ट्रीय कवि रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी शिव किशोर तिवारी खंजन प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह नगर अध्यक्ष हरिभाई नगर मंत्री देव शंकर शुक्ला प्रखंड संयोजक बजरंग दल अभिषेक गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू एडवोकेट प्रदीप बाजपेई डब्बू अवस्थी विजय हिंदुस्तानी राम प्रकाश वर्ष गौरी शंकर पांडे अचल कुमार मिश्रा एडवोकेट बृजेंद्र प्रताप सिंह राहुल दीक्षित दिव्यांश श्रीवास्तव प्रतीक सरगम रोहित मिश्रा उमेश सोनी आशीष साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ग्राम सराय रावत में गोष्ठी आयोजित



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

**प्रधानमंत्री** ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम सराय रावत में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान संतोष शुक्ला उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रधान संतोष शुक्ला ने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर जीवन यापन कर रहे हर गरीब परिवार को पक्की छत मुहैया कराना सरकार की मंशा है। उन्होंने ग्रामीण आवास योजना के लिए पात्रता की शर्तें वी पात्रता के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि हर गरीब परिवार को पूरी पारदर्शिता के साथ आवास मिलेगा। गोष्ठी में प्रमुख रूप से शिवानंद तिवारी, शिव शंकर तिवारी, पवन कुमार तिवारी, बाबा बक्स शुक्ला, गोकरण तिवारी, दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, सतीश मोहन पाण्डेय, हरीस मोहन पाण्डेय, पी एन पाण्डेय, एम डी पाण्डेय, कृष्ण मंगन पाण्डेय, मनीष मिश्रा, अलोक शुक्ला, आशीष मिश्रा करुणा शंकर मिश्र, पी एन श्रीवास्तव लवकुश मिश्रा, पवन रावत, बब्बन रावत राम नेवाज रावत, कन्हैया रावत सहित सैकड़ो ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बन्द पड़े मकान में चोरों ने धावा बोला, लाखो के जेवर नकदी चुराए

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पिछले लगभग एक माह से बंद पड़े एक घर को निशाना बनाते हुए चोर नगदी सहित लाखों रुपए की संपत्ति ले उड़े। थाना लोनीकटरा के सरैया डीह मजरे दहिला गांव निवासी लाल बहादुर ने बताया की उनके पौत्र अखंड प्रताप सिंह पुत्र जगदीश प्रसाद अपनी बीमार मां के इलाज के लिए पिछले लगभग एक माह से परिवार सहित दिल्ली में रह रहे थे और उनके गांव स्थित घर में ताला बन्द था।। बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में जिला जज के ड्राइवर जगदीश प्रसाद के पुत्र अखंड प्रताप अपने परिवार के साथ सरैया डीह मजरे दहिला गांव में निवास करते है। पिछले चार-पांच महीने से उनकी मां की तबीयत खराब चल रही थी लगभग एक माह पूर्व तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर मां की देखभाल के लिए वह पूरे परिवार सहित बागपत चले गए और इलाज के सिलसिले में वही रह रहे थे। गत 17 अगस्त को मां की मौत होने के बाद दसवां और 13वीं संस्कार के लिए परिवार वहीं रुका हुआ था। आज सुबह उनके घर के बगल में स्कूल चलाने वाले उनके बाबा इंद्र राज सिंह ने गुरुवार की सुबह सूचना दी कि आपके घर में चोरी हो गई हैं। गृह स्वामी ने बताया कि चोरी में चोर कुछ माह पूर्व हुई उनकी शादी में ससुराल से मिले लगभग ?60,000 कीमत के पीतल के बर्तन उनकी पत्नी के लगभग 80 90 हजार रुपए कीमत के सोने के जेवर, एल सी डी,3 बड़े ट्रॉली बैग कपड़े के अलावा दहेज में मिला बहुत सारा सामान चुराकर चंपत हो गए हैं। गृह स्वामी ने बताया कि उन्होंने इसकी सूचना सुबह ही 112 पुलिस को दी थी आधे घंटे के अंदर आई पुलिस जांच करके चली गई जिसके बाद थाना लोनी कटरा पुलिस भी मौके पर आई थी और छानबीन करके वापस चली गई। बताया कि इस घटना की उन्होंने ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करा दी है।

### इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने कैसरबाग के लिए बसों के संचालन की किया मांग

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित स्वागत समारोह एवं नुक्कड़ सभाओ में हिस्सा लेने आए सांसद तनुज पुनिया से कार्यकर्ताओं ने हैदरगढ़ से कैसरबाग के लिए संचालित होने वाली बसों का संचालन फिर से शुरू कराये जाने की मांग की हैं। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सियाराम यादव एडवोकेट, बद्री प्रसाद साहू, पवन कुमार यादव, देवी प्रसाद, रामसागर आदि कार्यकर्ताओं ने सांसद को बताया कि पिछले लगभग तीन माह से कैसरबाग के लिए बसों का संचालन नहीं हो रहा है। जिससे लखनऊ एवं बाराबंकी जनपदों में पड़ने वाले टोल प्लाजा, त्रिवेदीगंज, मंगलपुर भिलवल सहित विभिन्न चौराहो के लिए प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों को तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर चलने वाली लॉन्ग रुट की बसें लोकल सवारी को बैठाती नहीं हैं, यदि बैठाती भी है तो हैदरगढ़ से लखनऊ तक का किराया वसूल करती हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि या तो कैसरबाग तक चलने वाली बस सेवा उपलब्ध कराई जाय या फिर लॉन्ग रुट की बसो का स्टापेज सुनिश्चित किया जाय अथवा लखनऊ जनपद के गंगागंज कस्बा तक चलने वाली महानगर बस सेवा का रूट बढ़ाकर हैदरगढ़ बस स्टेशन से संचालित करने की मांग की गई। सांसद तनुज पुनिया ने शीघ्र ही अधिकारियों से वार्ता करके समस्या का समाधान कराया जाने का आश्वासन दिया हैं।

### भारतीय सेवा में एमएनएस बनी वैष्णवी सिंह का हुआ स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** भारतीय सेना में एमएनएस के पद पर सफलता हासिल करने वाली वैष्णवी सिंह की यह उपलब्धि युवाओं के लिए वह प्रेरणा है। जिसे आत्मसात करके अन्य युवा भी अपने जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति कर सकेंगे। उक्त बात हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने आज ग्राम गोतौना में वैष्णवी सिंह को सम्मानित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वैष्णवी की सफलता से क्षेत्र के उन तमाम युवाओं को दिशा मिलेगी जो अपने जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राजू भैया ने कहा कि वैष्णवी सिंह की सफलता यह जाहिर करती है कि बेटियां भी सफलता का कोई भी स्वर्णिम इतिहास लिखने में पीछे नहीं है। स्वागत कार्यक्रम में वैष्णवी सिंह के पिता प्रदीप सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। जबकि इस दौरान वैष्णवी सिंह ने सभी का आशीर्वाद लेते हुए अपनी नई जिम्मेदारी को ईमानदारी पूर्वक निभाने एवं देश की सेवा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बाबा दुख हरण सिंह, राजकुमार सोनी, प्रधान निलेश कुमार, पूर्व प्रधान सुभाष सिंह, अतुल सिंह, पुतान भाई, मोहित सिंह, ननकऊ जी, रवि प्रताप सिंह, जगत नारायन यज्ञसैनी सहित अन्य तमाम लोग उपस्थित थे।

### सूचना अधिकारी ने केजीबीवी का किया निरीक्षण

**बाराबंकी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, सूरतगंज का आज जिला सूचना अधिकारी श्रीमती आरती वर्मा द्वारा औचक निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास, क्लासरूम, शौचालय, रसोई घर और मीना कक्ष को देखा। उन्होंने वार्डन को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय परिसर में पर्याप्त साफ सफाई रखी जाए। इसके साथ ही उन्होंने रसोई घर में जाकर बच्चों को प्रतिदिन दिए जाने वाले मेनू को देखा और स्टोर रूम में रखे राशन और मसाले इत्यादि की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्लासरूम में जाकर बच्चों से बात की और उन्हें प्रेरित भी किया। इस मौके पर वार्डन कमलेश मौर्य, शिक्षिका निशा मिश्रा, अनामिका सिंह, वंदना भार्गव, अर्चना देवी, अर्चना वर्मा आदि मौजूद रहें।

### मतदाताओं के द्वारा मतदाता सूची के सत्यापन कार्य पूरा करने का एसडीएम ने दिया निर्देश

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 20 अगस्त से चल रहे घर घर मतदाताओं की बी एल ओ द्वारा जांच कार्य मतदाता सत्यापन कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने को लेकर उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी के कार्यालय में पूरेडलई ,दरियाबाद, सिरौलीगौसपुर, रामनगर,के राजस्व, विकास,शिक्षा,चिकित्सा, पंचायत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में एस डी एम ने सम्बंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के निर्देश के क्रम में बी एल ओ घर घर जाकर मतदाताओं की पहचान कर मतदाता सूची का काम पूर्ण करेंगे। कार्यक्रम 20अगस्त से चल रहा है जो 10 सितम्बर को पूर्ण होगा।इस कार्य में लगे जो भी बी एल ओ आदि ने यदि लापरवाही बर्ती तो उनके विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराने की बात एसडीएम ने कही है।

# प्राधिकरण सचिव ने किया राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह (किशोर) का औचक निरीक्षण

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त एक्शन प्लान/कार्ययोजना वर्ष-2024-2025 के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा द्वारा राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह (किशोर) का औचक निरीक्षण किया गया।इसी क्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व प्राधिकरण सचिव श्री वर्मा के निर्देश पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनवीरपुर तथा पी.एस. पूरे सीताराम तिवारी विद्यालय बीकापुर में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन कराया गया।इसमें सहायक अध्यापक अनुपम सिंह, शिप्रा श्रीवास्तव व रीता सिंह के साथ साथ पी.एल.वी प्रियंका त्रिपाठी उपस्थित रहीं।प्राधिकरण सचिव श्री वर्मा द्वारा बताया गया कि भारत में खेल दिवस मेजर ध्यानचंद के जयंती के उपलक्ष्य में 29 अगस्त को प्रतिवर्ष मनाया जाता है।पहली बार राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त 2012 को मनाया गया था।तब से प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को हॉकी के महान खिलाड़ी,पूर्व ओलंपिक पदक विजेता मेजर ध्यानचंद के जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। मेजर ध्यानचंद को हॉकी के जादूगर के नाम से जाना जाता है।हॉकी के इस महान खिलाड़ी का जन्म 29 अगस्त 1905 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद (प्रयागराज) जिले में हुआ था। सन् 1922 ई0 में मेजर ध्यानचंद सेना में सिपाही की नौकरी शुरू किये थे।राष्ट्रीय खेल जगत में तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मेजर ध्यानचंद द्वारा दिये गये अपने अमूल्य योगदान के सम्मान में भारत सरकार द्वारा इनके जयंती के अवसर पर 29 अगस्त को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा 2012 में की गयी।इस दिन स्कूल,कॉलेजों व अन्य सरकारी विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है तथा विजेताओं को उचित पुरस्कार दिया जाता है।

# धार्मिक प्रतियोगितायें हम सभी को अपनी संस्कृति से जोड़े रखते: सीओ

- गहोई महिला मंडल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर कराया प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कोंच (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**गहोई** महिला मंडल कोंच द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर गहोई भवन में कार्यक्रम सहित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मीना रावत ने की। मोंटी गुप्ता, उर्मिला पहारिया, माधुरी लोहिया, सावित्री ऊंचागांव, सोमवती सकेरे, राममूर्ति कस्तवार, रामप्यारी तरसौलिया, कमला देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहीं। महिला पदाधिकारियों ने सीओ का स्वागत किया। कार्यक्रम में बालिका आन्या ने सुदामा, नित्या ने श्रीकृष्ण, अयांशी ने बासुदेव के चरित्र का शानदार अभिनय कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बालिका छाया डेंगरे, आशी पहारिया, शुभी कस्तवार, ईशचीकू इंदुरख्या, नेहा गुप्ता, स्नेहा बिलैया, प्रियंक रेजा आदि ने शानदार नृत्य किया। कान्हा बनाओ प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में बालिका वैष्णवी सेठ और आन्या नगरिया एवं सीनियर वर्ग में आशवी लोहिया और परी गुप्ता ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तोरण सजाओ प्रतियोगिता में अयांशी कस्तवार और शिवानी कस्तवार ने प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किया। पंच्युलिटि गेम्स में शोभा रावत ने बाजी मारी। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में सुधा सोनी एवं आरती तरसौलिया शामिल रहीं। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ने कहा कि महिला मंडल द्वारा बहुत ही सुन्दर आयोजन किया गया है। इस प्रकार के आयोजन हम सभी को अपनी संस्कृति से जोड़े रखते हैं। अध्यक्ष रजनी डेंगरे और मंत्री सुमन सेठ ने संचालन किया। सरिता इंदुरख्या और नीलम लोहिया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गहोई सेवा समिति अध्यक्ष आनंद सकेरे, पप्पू रेजा, विनोद गुप्ता, आकाश बिलैया, रामू गुप्ता, आयुष सोनी, बलराम डेंगरे, पारुल, राधिका, नीलम, मीना, पुष्पा आदी उपस्थित रहीं।

**निर्देश** | लोनिवि अधिकारियों ने गड्ढों में गिट्टी, डस्ट डालने के दिये निर्देश

# देवनगर चौराहे से चुर्खी रोड तक गड्ढों की भरमार, राहगीर परेशान

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**



**नगर के** प्रवेश द्वार देवनगर चौराहे से नगर की सीमा तक चुर्खी रोड ध्वस्त हो गया है। महीने के पहले सप्ताह में गिट्टी व डस्ट डालकर गढ्ढे भरने का प्रयास किया गया था। बारिश के बाद एक बार फिर गढ्ढे हो गए हैं। लोक निर्माण की टीम ने गुरूवार को नगर में पहुंचकर उपरोक्त सड़क का निरीक्षण किया और गढ्ढे भरने के लिए गिट्टी व डस्ट डालने के निर्देश दिए।

नाला निर्माण के बाद से चुर्खी मार्ग गढ्ढों में तब्दील हो गया है। मार्ग ध्वस्त होने के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र की जनता परेशान हैं। इस मार्ग से लगभग एक दर्जन से ज्यादा गांवों का तहसील मुख्यालय से संपर्क जुड़ता है। इसके साथ ही इस मार्ग पर प्राथमिक से परास्नातक तक के स्कूल, कॉलेज व उत्सव गृह संचालित हो रहे हैं। मार्ग ध्वस्त होने के कारण जनता परेशान हैं। जनता की परेशानी को लेकर लगातार प्रकाशित हो रही खबरों को सज्ञान में लेते हुए क्षेत्रीय विधायक गौरीशंकर वर्मा लोक निर्माण विभाग की टीम के साथ तीन अगस्त को निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद लोक निर्माण विभाग ने जनहित को देखते हुए गिट्टी व डस्ट से गढ्ढे भरवाने का काम चार अगस्त से शुरू करा दिया था। गिट्टी व डस्ट गिरने के बाद सड़कों के बड़े-बड़े गढ्ढों से राहत मिल गयी थी। लेकिन बारिश के चलते डस्ट पानी के साथ बह गई है। जिससे एक बार फिर गढ्ढे हो गए हैं। गुरुवार को लोक निर्माण विभाग प्रथम के सहायक अभियंता दिनेश भाटिया, विशाल सिंह जेई पुनीत कुमार ने मौके पर आकर निरीक्षण किया। जो गढ्ढे हैं उन्हें भरने के लिए गिट्टी व डस्ट की आवश्यकता महसूस की गई। सहायक अभियंता दिनेश भाटिया ने निरीक्षण के बाद बताया कि इस मार्ग में अभी गढ्ढे रह गए हैं उनको भरने के लिए शुक्रवार से पुनः काम शुरू कराया जाएगा। लोगों की परेशानी कम करने के लिए फौरी तौर पर व्यवस्था की जा रही है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, सभासद रवि कुशवाहा, नमन श्रीवास्तव, जेई नगर पालिका प्रवीण कुमार, मलखान जाटव, लवकुश आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक, शिक्षा मित्र प्रशिक्षण सैफई ब्लॉक संसाधन केंद्र पर सम्पन्न

**सैफई/इटावा।** प्राथमिक शिक्षकों को दिए जा रहे मिशन प्रेरणा के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित आधारित प्राथमिक स्तरीय प्रशिक्षण का उद्देश्य के वर्ष 2025 तक कक्षा 3 का प्रत्येक बच्चा कम से कम 60 शब्द प्रति मिनट की दर से समझ के साथ पढ़ने, 999 तक की संख्याएं पढ़ने और लिखने तथा सरल गुणन समस्याओं को हल करने में सक्षम होना है। यह बात खंड शिक्षा अधिकारी सैफई नबाब वर्मा ने सैफई ब्लॉक संसाधन केंद्र पर अयोजित बुनियादी भाषा एवं गणित शिक्षण पर आधारित चार दिवसीय शिक्षक, शिक्षा मित्र प्रशिक्षण के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मार्च 2025 तक प्रत्येक बच्चे को प्राथमिक स्तर पर बुनियादी साक्षरता और अंकगणित कौशल प्राप्त होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में कमी लाना तथा परिषदीय स्कूलों के छात्रों की संख्या में वृद्धि करना है।

# गांधी सभागार में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की हुई बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**




बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन की बैठक संपन्न हुई। उन्होनें कहा कि ड्रोन से कृषि, हवाई निरीक्षण, फोटोग्राफी, निगरानी आदि क्षेत्र में अनेक सम्भावनाएं हैं।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अन्तर्गत इंजीनियरिंग कालेज में ड्रोन ट्रेनिंग बैच बनाकर कोर्स शुरू किया जाएं।

जेल में संचालित प्रशिक्षण में 120 के सापेक्ष 66 कैदी को प्रशिक्षित हुए है। शेष कैदियों को भी अच्छे से प्रशिक्षण दिया जाएं के साथ ही झोला, एलईडी बल्ब, झालर आदि दीपावली वाले प्रोडक्ट बनाये जाने पर कार्य शुरू किया जाये। तकनीकि कौशल के अन्तर्गत प्रशिक्षितों द्वारा सरकारी कार्यालयों में बल्ब, पंखे आदि जो खराब हो जाते है। उन्हें ठीक कराया जाएं। उन्होनें जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि प्रवीण योजना के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेजों में अध्यनरत कक्षा 9 से 12 के युवाओं को कौशल प्रदान करने पर जोर दिया जाये। जो कोर्स दिये जा रहे है सभी प्रिसिंपल रूचि लेकर कार्य करें और रोस्टरवाइज क्लास शुरू करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा सम्मान योजना के अन्तर्गत 28361 लाभार्थियो का पंजीकरण किया गया है। जिसमें फर्स्ट लेवल में 17477, सेकेण्ड लेवल में 461 एवं थर्ड लेवल में 311 लोगो का वैरीफिकेशन किया जा चुका है। शीघ्र ट्रेनिंग शुरु की जाए। उन्होंने एस0एस0डी0एफ0 योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, आरसेटी आदि बिन्दुओ की समीक्षा करते हुये निर्देश दिए कि नामित संस्थाओं द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष युवक/युवतियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाएं। बेहतर स्किल देने के साथ ही रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराया जाएं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बैठक आयोजित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**




**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 14 सिंतबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाएं जाने उ?द्देश्य से जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार द्वारा न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक न्यायालय में संपन्न हुई। बैठक में न्यायालय की ओर से कुल 3140 प्रस्तावित वादो एवं प्रशासन की तरह से कुल 22667 प्रस्तावित वादों की सूची लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्रस्तुत की गयी। इसी कम में अपर जिला जज / नोडल अधिकारी लोकेश वरूण की अध्यक्षता में न्यायालय के मीटिंग हॉल में प्री-ट्रायल बैठक आयोजन किया गया है। लवली श्रीवास्तव अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि लघु आपराधिक वादो के निस्तारण हेतु जिला न्यायालय में लगने वाली विशेष लोक अदालत 14 सितम्बर को दीवानी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में नोडल अधिकारी प्रशासनिक विभाग उप जिलाधिकारी अशोक कुमार, विद्युत विभाग अधिशाषी अभियन्ता मगन सिंह सहित आदि लोग रहे।

# खबरें चलते-चलते

## जनता की समस्याओं को निदान कराने का काम करें पार्टी नेतागणः अमरमणि कश्यप

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** सोहेल देव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक में पार्टी के मध्यांचल प्रदेश अध्यक्ष ने कहा जब तक जनता की समस्याओं के निदान कराने काम नहीं करोगे तब तक जनता का उस पार्टी पर भरोसा कभी नहीं होगा इसलिए जनता के विकास व उत्थान करने का प्रयास करने होंगे तभी पार्टी मजबूत होगी। गुरूवार को क्षेत्र के मलिकपुर पंचायत सभागार में सोहेलदेव भारतीय समाज पार्टी मध्यांचल प्रदेश अध्यक्ष अमरमणि कश्यप ने कार्यकर्ता व पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक में बोलते हुऐ कहा हमारी पार्टी का मुख्य उद्देश्य है समाज में उन शोषित मजदूर किसान नौजवान अति पिछड़े दलित जिन्हें तमाम सरकार बदलने के वाद भी आज तक दर- दर भटकने के वाद सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला ऐसे पात्र लोगों को चिह्नित करके सूची तैयार करे और जल्द पार्टी मुख्यालय भेजकर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री से निदान कराने का काम करेंगे। पार्टी के प्रदेश महासचिव अजय यादव ने कहा पार्टी संगठन को और मजबूत सशक्त बनाने के लिये जुझारू कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी बना कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस दौरान पार्टी के कानपुर मण्डल अध्यक्ष लालू राजपूत, असरफ ख़ान, निवर्तमान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, ओमप्रकाश पाल, संगठन मंत्री पुष्पेंद्र राठौर, निर्मला राठौर, सरिता गुप्ता आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता समीक्षा बैठक में मौजूद रहे।

## बिना बाउन्ड्री के खाली पडे प्लाटों की जियोटैग करें कर्मीः ईओ

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सभी नगर वासियों को सूचित किया जाता है कि जिन व्यक्तियों के प्लाट मोहल्लों के अंदर खाली पड़े हुए हैं और उनमें गंदगी अधिक मात्रा में पाई जाती है। जो कि स्वच्छ सर्वेक्षण अधिनियम के विरुद्ध है। अतः जिन लोगों के खाली प्लाट बस्ती के अंदर बिना बाउंड्री के हैं उनमें बाउंड्री करवा लें बाउंड्री ना करवाये जाने की स्थिति में कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी जिसके वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। यह जानकारी गुरुवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि नागरिक पालिका द्वारा चलाए जा रहे स्वछता अभियान में सहयोग कर स्वच्छता को सतत बनाए रखें। इससे पूर्व उन्होनें सफाई नायक राजन राजपूत एवं सफाई इंचार्ज अशोक कुमार को नगर में खालीपडे प्लाटों की जियोटैग फोटो के साथ प्रस्तुत करनें के निर्देश दिये। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ लिपिक आरपी सिंह जिलेदार सिंह अशोक शर्मा राजेश वर्मा जगदीश सिंह वीर सिंह मनोज तिवारी गौरव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** एसपी अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, एएसपी अजय कुमार के मार्गदर्शन एवं सीओ सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण मे कोतवाली पुलिस द्वारा एक युवक के पास से अबैध तमंचा व कारतूस सहित हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। गुरूवार को समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने हेड कांस्टेवल अशोक कुमार, कांस्टेवल अजय कुमार के साथ संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान कस्वा समधन मेन रोड सौरिखी मस्जिद के पास से मो. करार पुत्र इकराम निवासी मोहल्ला सिकन्दरनगर समधन के पास से एक 315 बोर का तमंचा व दो कारतूस बरामद कर हिरासत में लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा मे न्यायालय भेजा गया।

## आज मनाया जायेगा भगवान श्रीकृष्ण का छठी महोत्सव

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के तहत नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर के राम जानकी मण्डपम परिसर एवं प्राचीन सती माता मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की छठी पर शुक्रवार 30 अगस्त को विशाल भण्डारा कार्यक्रम कर धूमधाम से मनाया जायेगा। यह जानकारी आयोजकों वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता व पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि इन्द्र कुमार गुप्ता नें दी।

# एमएसपी गारंटी कानून को लेकर भाकियू (प्रधान) ने दिया ज्ञापन

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**भारतीय** किसान यूनियन (प्रधान) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर एमएसपी गारंटी कानून को लेकर एडीएम को ज्ञापन दिया गया। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि हमारा संगठन एमएसपी गारंटी किसान मोर्चा का सदस्य है जिसकी आखिरी बैठक 21 अगस्त को दिल्ली में हुई। इस बैठक में तय किया गया कि जिन सिफारिशों के आधार पर आपने 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को एमएसपीकी गारंटी लागू करने को कहा था आज जब आप स्वयं प्रधानमंत्री हैं तो उन्ही सिफारिशों को मानते हुये आप हमें अनाज, फल, सब्जियां एवं दूध की एमएसपी गारंटी कानून पारित कर हमें हक क्यों नहीं दे सकते हो। हमारा कृषि प्रधान देश है। क्या हम कृषकों को शोभा देता है कि हम अपनी इतनी पुरानी मांग के लिए दर दर भटकते रहें खास कर तब जब आपके चार सहयोगी दल तेलगुदेशम पार्टी, जनता दल (यू), जनता दल (एस) एवं राष्ट्रीय लोकदल द्वारा लिखित में हमारी मांग का समर्थन किया गया है। 21 अगस्त 2024 को आपको एमएसपी गारंटी किसान मोर्चा द्वारा लिखी गयी चिटठी संलग्न कर रहे हैं जिसके साथ लगभग 20 राजनैतिक दलों का समर्थन भी संलग्न है। आपसे अपेक्षा है कि एमएसपी गारंटी किसान मोर्चा द्वारा लिखी गयी चिटठी का संज्ञान लेते हुये आगामी संसद सत्र में एमएसपी गारटी बिल पारित किया जाये । भाजपा सांसद कंगना रनौत द्वारा किसान अन्दोलन के बारे में किसानों पर जो घृणित निन्दनीय व मिथ्या आरोप लगाये गये हैं उससे किसानों व संसद की गरिमा धूमिल हुई है। ऐसी सांसद को संसद की सदस्यता से बर्खास्त किया जाये। इस दौरान जदुनाथ सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष (पूर्वी), चन्द्रजीत यादव एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ) व मोहित यादव प्रदेश अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ),अजय यादव प्रदेश सचिव विधि प्रकोष्ठ,अभिषेक कुमार जिला अध्यक्ष, अभिषेक दुबे प्रदेश सचिव विधि प्रकोष्ठ,प्रबल प्रताप प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ ,वैभव दुबे, प्रदेश सचिव, लक्ष्मण सिंह जिला महासचिव युवा प्रकोष्ठ, जयन्त जीत प्रदेश महासचिव युवा प्रकोष्ठ,महासचिव- अंशुमन यादव जिला कोषाध्यक्ष

राजीव राजपूत जिला सचिव शिक्षक प्रकोष्ठ सौरव सिंह नगर उपाध्यक्ष छिबरामऊ कुलदीप सिंह नगर सचिव छिबरामऊ विशाल कुमार नगर उपाध्यक्ष छिबरामऊ अमन यादव जिला कार्यालय प्रभारी जाफर अरमान नगर सचिव छिबरामऊ सौरव तिवारी जिला महासचिव उदय सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष प्रभात कुमार यादव जिला उपाध्यक्ष राज कश्यप जिला उपाध्यक्ष तिर्वा अंकित कुमार जिला सचिव सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हर गरीब परिवार के ऊपर छत देने का काम किया पूर्व राज्य मंत्री



**छिबरामऊ कन्नौज।** खंड विकास कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना उन्मुखीकरण गोष्टि को पूर्व राज्य मंत्री ने किया संबोधित। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकास खंड छिबरामऊ में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सर्वे 2024 उन्मुखीकरण गोष्ठी में ग्रामपंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित किया। सरकार का प्रयास है कि हर जरूरतमंद के सर पर छत हो। पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे ने सभी को निर्देशित किया कि हर गरीब को आवास उपलब्ध कराया जाए सरकार की है प्राथमिकता है कि हर सर पर छत हो बैठक में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुमन पाल खंड विकास अधिकारी ग्राम प्रधान बीटीसी सदस्य सहित खंड विकास कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना जरूरी हैः अरशद अली

- टीएसआई ने पैंतालिस वाहनों के काटे चालान, दी हिदायत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**




डीसीएम का चालान काटते टीएसआई — समृद्धि न्यूज

**नगर** में फैंसी नम्बर प्लेट के साथ दौड़ रहे वाहनों पर नकेल कसने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर टीएसआई अरशद द्वारा विशेष अभियान शुरू करते हुये चालानी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

गुरूवार को टीएसआइ अरशद अली के नेतृत्व में नगर के प्रमुख चौराहे व तिराहे पर अभियान चलाकर फैंसी नम्बर प्लेट बाले वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान टीएसआइ ने बताया कि हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाना बहुत जरूरी है। टीएसआइ के अनुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की अनिवार्यता कर दी गई है। खास तौर पर वे लोग सचेत हो जाएँ जिन्होंने गाड़ी में फैसी नम्बर प्लेट लगा रखा है। क्योंकि चेकिंग के दौरान ऐसे वाहनों पर उनकी खास नजर रहेगी। बताया कि वाहन चालकों की ओर से वाहनों की नम्बर प्लेट पर स्टाइलिश नंबर लिखवा लिए जाते है। जिसकी वजह से कई बार कैमरे इन नंबरों की जाँच नहीं कर पाते। इसके अलावा अपराधी भी ऐसे नम्बरों का फायदा उठाकर पुलिस की पकड़ से बचने का प्रयास करते हैं। ऐसे वाहनों के न सिर्फ चालान काटे जाएंगे बल्कि वाहन को सीज भी किया जा सकता है। टीएसआई द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 45 वाहनों के चालान काटे गए। इस अभियान में कांस्टेबल टीपी अजीत कुमार, पीआरडी सतीश कुमार, सर्वेश कुमार, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# भरभरा कर धराशायी हुई पेड़ की भारी डाल, सब्जी विक्रेता घायल

- रिमझिम बरसात में हुआ हादसा

**छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**सब्जी** मंडी के सामने पुरानी मंडी गेट के पास पीपल के पेड़ की भारी डाल अचानक टूट कर धराशाई हो गई। उसके नीचे आकर ठेली पर सब्जी बेच रहा युवक घायल हो गया जबकि बिजली के पोल व केबिल सहित एक लोडर भी क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना गुरुवार दोपहर की है। रिमझिम बरसात हो रही थी। मंडी के अंदर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू अपने प्रतिष्ठान पर बैठे थे तभी तेज चरचराहट की आवाज सुनते ही वह बाहर भागे। उसी समय पीपल के पेड़ की काफी बड़ी डाल टूट कर धराशाई हो गई। उनके सूचना देते ही पुलिस बल सहित प्रभारी निरीक्षक सचिन सिंह तत्काल आ गए। आनन फानन नीचे दबे सब्जी विक्रेता 20 वर्षीय करन पुत्र बलवीर निवासी मोहल्ला गणेश चौधरी को बाहर निकाल कर उपचार के लिए भेजा गया। उसकी दो पसलियां टूट गई और एक पैर में भी चोट आई। गेट के पास खड़ा बिजली का पोल और उस पर लगी केबिल टूट गई जबकि एक लोडर भी क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ ही मेन रोड पर आवागमन ठप हो गया। प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ पेड़ की कुछ टहनियां हटाकर यातायात बहाल कराया। सूचना पाकर पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे भी आ गए। पालिककर्मियों की टीम ने टहनियां काटी जबकि जेसीबी से ट्रैक्टर ट्राली में भरी गई। आज साप्ताहिक बाजार बंदी का दिन होने से बहुत बड़ा हादसा टल गया क्योंकि अन्य सामान्य दिनों में इस जगह पर काफी भीड़ रहती है और सब्जी व फल की कई ठेली लगती हैं। तत्परतापूर्वक कार्य करने पर शैलेंद्र गुप्ता लालू सहित सभी व्यापारियों ने प्रभारी निरीक्षक सचिन सिंह व पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे के प्रति आभार जताया है।

# जेल में बंदियो को दिया एलईडी बनाने का प्रशिक्षण




प्रशिक्षण में मौजूद जेल अधीक्षक व बंदी — समृद्धि न्यूज

- प्रशिक्षण में भाग लेने बाले बंदियों को दिए गए प्रमाण-पत्र

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**निरूद्ध बंदियो** में प्रभावकारी परिवर्तन लाने, उनके बहुमुखी कल्याण, स्वरोजगार एवं बंदियो के जीवन में उन्नति के उद्देश्य से क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार में जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत न्यू टेक एजूकेशनल सोसाइटी के द्वारा 14 बंदियों को एलईडी बनाने एवं मरम्मत कराये जाने सम्बन्धी प्रशिक्षण समाप्त होने के पश्चात मूल्यांकन परीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परीक्षा के उपरान्त सभी प्रशिक्षार्थी बंदियों को प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। प्रशिक्षण के पश्चात एक बंदी कारागार से रिहा हो गया था। उसके द्वारा भी कारागार पर उपस्थित होकर परीक्षा दी गयी। अधीक्षक मो. अकरम खॉ द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बंदियों की सहायता करने हेतु पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर सहायक शिक्षा अध्यापक मनोज कुमार कटियार, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, पवन मिश्रा न्यू टेक एजूकेशनल सोसाइटी प्रोजेक्ट हेड, मूल्यांकनकर्ता इन्द्रमणि, सेन्टर मैनेजर पवन कुशवाहा, कक्ष निरीक्षक भूपेन्द्र वर्मा जेल वार्डर उपस्थित रहे।

**डायरिया का प्रकोप** | हसेरन ब्लाक के आदमपुर माखन गांव का मामला

# डायरिया से दो बच्चों की मौत, दो की हालत बिगड़ने पर इटावा में भर्ती

- रक्षाबंधन के पर्व पर मैनपुरी से बच्चों को लेकर मायके आई थी विवाहिता
- स्वास्थ्य विभाग का तर्क दूषित भोजन खाने से बच्चों की बिगड़ी हालत
- स्वास्थ्य टीम ने कैम्प लगाकर 65 बच्चों का किया उपचार



आदमपुर माखन गांव में जानकारी करती स्वास्थ्य विभाग की टीम — समृद्धि न्यूज



फाइल फोटो मृतक प्रेम कुमार

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

हसेरन विकास खण्ड की ग्राम सभा रौंसा के मजरे आदमपुर माखन गांव में बुधवार की रात उल्टी व दस्त से दो बच्चों की मौत हो गई। दो अन्य बच्चों को गंभीर हालत में निकटवर्ती जनपद इटावा के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। गांव में कैम्प लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। करीब 65 मरीजों का उपचार कर उन्हे दवाईयां दी गई। मामले में स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि डायरिया से दोनो बच्चों की मौत हुई है। आदमपुर माखन गांव निवासी रामाधार की विवाहित पुत्री पिंकी अपने तीन बच्चों के साथ रक्षाबंधन के पर्व पर मायके आई थी। बुधवार की रात पिंकी की पुत्री प्रियल ;08द्ध की हालत बिगड़ी। परिजन उसको लेकर अस्पताल जा रहे थे। रास्ते में ही प्रियल ने दम तोड़ दिया। परिजन उसका शव लेकर घर पहुंचेए तो देखा की चार बर्षीय प्रेम कुमार की भी हालत खराब थी। इस पर परिजन प्रियल का शव घर छोड़कर प्रेम कुमार अस्पताल ले जाने लगे। उसने भी रास्ते में ही दम तोड़ दिया। दोनो की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। इसी बीच तीसरे पुत्र राज ;02द्ध की भी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे लेकर इटावा पहुंचे। यहां उसे एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है। मामले को लेकर सीएचसी हसेरन के चिकित्सा अधीक्षक डॉण्जगदीश निर्मल ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम को गांव भेजा गया। गुरूवार को टीम ने कैम्प लगाकर गांव के 65 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इनमें से कुछ को उल्टीए दस्त की समस्या थी। कुछ बुखार से पीड़ित थे। सभी को दवाईयां दी गई। मौत को लेकर अधीक्षक का तर्क है कि डायरिया के कारण दोनो बच्चों की मौत हुई है। इसके अलावा परिवार के ही एक अन्य बच्चे की हालत बिगड़ने पर उसे भी परिजनों ने इटावा के नर्सिंग होम में भर्ती कराया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से किन्नर की मौत, चार हिरासत में

- कोतवाली फतेहगढ़ के बाहर घटना को लेकर किन्नरों ने किया हंगामा
- पुलिस ने लाली किन्नर की तहरीर पर सोनी पांडे के विरुद्ध दर्ज की रिपोर्ट


फतेहगढ़ कोतवाली के बाहर हंगामा करते किन्नर — समृद्धि न्यूज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज**

**संदिग्ध परिस्थितियों** में गोली चलने से किन्नर की मौत हो गयी। पुलिस ने मौके पर शराब पी रहे चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। वहीं किन्नरों के दबाव बनाने पर थानाध्यक्ष ने थाना जहानगंज के ग्राम पकरिया रुनी चुरसाई निवासी किन्नर लाली की तहरीर पर सोनी पांडे के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम नगला चूड़ा मुरास कन्हैया निवासी किन्नर सुनीता उर्फ रामशंकर की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। बताया गया की किन्नर सुनीता बीती रात 9.30 बजे अपने मकान में शराब पी रही थी। उसके साथ शिवकुमार पुत्र बांकेलाल तथा नन्द राम पुत्र सोहन भी दारू पी रहे थे। किसी बात को लेकर गुरु गुस्सा हो गए और कहने लगे मेरे घर से निकल जाओ नहीं तो खुद को गोली मार लूंगी। अवैध असलाह को छीनने के चक्कर में खुद के ही हाथों से गुरु के गोली लग गई थी। उसे सीएचसी मोहम्मदाबाद ले जाया गया। जहां डॉक्टर प्रशांत सेंगर ने किन्नर को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी मनोज भाटी ने नगला चूड़ा निवासी नंदराम, शिवकुमार, पट्टी खुर्द निवासी नसरुद्दीन एवं थाना नवाबगंज के ग्राम बसेली निवासी सुशील पांडे की पत्नी सोनी पांडे को हिरासत में ले लिया। पुलिस को मौके पर 315 का तमंचा, एक खोखा कारतूस व दो कारतूस जिन्दा मिले। फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर नमूने लिये। मौके पर क्षेत्राधिकार अरुण कुमार पहुंचे और मामले की जानकारी ली। दरोगा महेंद्र सिंह ने पंचनामा भरकर शव को पीएम के लिए भिजवाया। सोनी कोतवाली गुरसहायगंज के ग्राम मतौली गढ़िया निवासी सुरेश तिवारी की पुत्री है। वह बीते करीब 6 माह से किन्नर सुनीता के साथ रहती थी। सोनी ने पुलिस को बताया की घटना के दौरान हम सभी लोग सुनीता किन्नर के मकान में शराब पी रहे थे। उसी समय तमंचे की छीना झपटी में सुनीता के सीने में गोली लग गई। नजदीक से घातक गोली लगने से सुनीता की हालत गंभीर हो गई। शिवकुमार एवं नंदराम ने पुलिस को बताया कि वह सुनीता के पड़ोस में रहते हैं और घटना के समय अपने मकान के सामने मौजूद थे। पुलिस हादसे में गोली लगने अथवा गोली मारने की जांच में उलझ गई है। कोतवाली प्रभारी मनोज भाटी ने बताया मामले की पूछत्रक्षाक्ष चल रही है। जो सही पाया जाएगा उसी के आधार पर कार्यवाही की जाएंगी। वहीं देर शाम किन्नरों के दबाव में पुलिस ने चेली सोनी पांडे के विरुद्ध दर्ज की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मानसिक व शारीरिक विकास के लिए खेल जरुरी: प्रधानाचार्य

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**सीपी विद्या** निकेतन इण्टर कालेज कायमगंज में प्रभातकालीन सभा मे विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश चन्द्र तिवारी ने छात्र एवं छात्राओं को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में खेलों का महत्व बताते हुए कहा कि खेल शारीरिक मानसिक व सामाजिक विकास के लिए बहुत जरूरी होते हैं। वहीं विद्यालय के उप प्रधानाचार्य मनोज तिवारी ने खेल दिवस पर बच्चों को मेजर ध्यानचन्द्र के जीवन के बारे में बताते हुए कहा भारत का नाम विश्व मे रोशन किया। विद्यालय के अंग्रेजी अध्यापक अर्जुन सिह ने राष्ट्रीय खेल दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि खेल बच्चों के अन्दर टीम वर्क तथा राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत करते हैं। वही विद्यालय में चारों सदनों के


साइकिल रेस प्रतियोगिता को झडी दिखाकर रवाना करते प्रधानाचार्य

छात्रों द्वारा स्लो साइकिल रेस का आयोजन किया गय। जिसको प्रधानाचार्य ने हरी झण्डी दिखाकर प्रारम्भ किया। जिसमें स्थान प्रथम स्थान पर अनुराग राजपूत, द्वितीय स्थान पर अहमद हसन, तृतीय स्थान पर मंयक पाल, चतुर्थ स्थान सुरभि ने प्राप्त किया। विद्यालय में व्यायाम शिक्षक मि0 अनिकेत भारद्वाज एवं किशन दीक्षित ने अन्य प्रतियोगिताएं सम्पन्न करायीं। छात्राओं ने को खो-खो, कैरम बोर्ड, शतरंज, बैडमिन्टन आदि जिसमें बच्चो ने बढ़-चढकर भाग लिया। खेलों के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य उप प्रधानाचार्य इन्चार्ज आदि उपास्थित रहे।

# खतरे के निशान के करीब पहुंचीं गंगा, ग्रामीणों में दहशत





**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बीते कई** दिनों से गंगा नदी में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जिससे गंगा खतरे के निशान से महज 10 से0मी0 दूर हैं। इसके अलावा निचले गांव जलमग्न हो गये। जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अमृतपुर तहसील क्षेत्र में गंगा का जलस्तर बढ़ने से कई गांव में बाढ़ का पानी भर गया है। कई गांवों में तो आवागमन तक बंद हो चुका है। किसानों की सैकड़ों बीघा फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। चित्रकूट डीप पर 2 फीट पानी बह रहा है। हालांकि पुलिस की तरफ से सुरक्षा के मद्देनजर बांस लगाये गये हैं, लेकिन वाहन चालक पुलिस की नहीं मान रहे हैं और अपने वाहन निकाल रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ का पानी लायकपुर, बमियारी, रामपुर, जगतपुर, कंचनपुर सबलपुर, भावपुर चौरासी, तीसराम की मड़ैया, भुड़ियाभेड़ा, चित्रकूट, अंबरपुर, कुतलूपुर, कुसमापुर आदि दर्जनों में पानी भर गया है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक नरौरा बांध से गंगा में 77.233 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बिजनौर बैराज से 44.168 क्यूसेक और हरिद्वार बैराज से 59.110 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे गंगा का जलस्तर और बढ़ने की आशंका है। उधर रामगंगा का जलस्तर पांच सेंटीमीटर घटकर 136 मीटर ऊंचाई पर पहुंच गया है, जो चेतावनी बिंदु 136.60 मीटर से 60 सेंटीमीटर नीचे है। खोह, हरेली व रामनगर बैराज से 8591 क्यूसेक पानी रामगंगा में छोड़ा गया है। इससे रामगंगा का जलस्तर बढ़ने की आशंका है।

# मारपीट में घायल अधेड़ की उपचार के दौरान मौत


पीएम हाउस मैं मौजूद मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**मारपीट में** घायल हुए अधड़े की उपचार के दौरान मौत हो गी। जानकारी के अनुसार विदेश उर्फ ढपलू पुत्र स्वर्गीय रघुनाथ सिंह कौम यादव उम्र 42 साल निवासी रानीपुर गौर कोतवाली कायमगंज 26 तारीख को गांव के ध्रुव सिंह से लेट की बटाई को लेकर झगड़ा हो गया था, तभी विदेश उर्फ ढपलू घायल हो गया था। जहां परिजन उसको सीएचसी कायमगंज लेकर गए। जहाँ उसको लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहा इलाज के दौरान 28 तारीख को सुबह 6 बजे डॉक्टर ने इनको मृत घोषित कर दिया पैसे से किसान थे।

# खबरें चलते-चलते

## बच्चों को स्कूल में दण्डित करना अब गुरुजी को पड़ेगा भारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरकारी व निजी स्कूलों में छात्र-छात्राओं को डॉटना, फटकारना, किताब-कॉपी न लाने पर क्लास के बाहर खड़ा करना आदि दण्ड देना तथा दुर्व्यहार करना शिक्षकों को शासन के नये आदेशों के तहत भारी पड़ेगा। इस मामले में अब सभी स्कूलों में एक शिकायती पेटिका भी लगायी जायेगी। जिसमें बच्चे स्वयं दंड मिलने पर अपनी शिकायत संबंधित शिक्षक-शिक्षिका का नाम लिखकर डाल सकेंगे। जानकारी के मुताबिक स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन शर्मा ने बच्चों को किसी भी प्रकार का दण्ड न दिये जाने तथा उनका मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न न करने आदि के संबंध में शिक्षाधिकारियों को आदेश जारी किये हैं। जिसके अनुसार अब छात्रों का किसी भी प्रकार का मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न करने वाले गुरुजनों की खैर नहीं होगी। स्कूलों में छात्रों की गलती पर उन्हें डॉटना, फटकारना, बेइज्जत करना, कॉपी किताब न लाने पर क्लास में खड़ा करना, चिकोटी लेना, छड़ी से मारना, दौड़ लगाने का दण्ड देना आदि पर शासन ने प्रतिबंध लगा दिया है। स्कूल महानिदेशक के आदेश में यह भी कहा गया है कि दण्ड के प्रति बच्चों को स्कूलों में शिक्षकों द्वारा जागरुक किया जाये। प्रत्येक स्कूल में एक शिकायत पेटिका लगेगी। जिसमें बच्चे अपने प्रति दिये गये दण्ड की शिकायत लिखकर डाल सकेंगे। पेटिका की शिकायत को शिक्षक-अभिभावक संघ (पी.टी.ए.) भी संज्ञान में लेगा तथा उच्चाधिकारियों को अवगत करायेगा। विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को उनके अधिकारों से परिचित कराने तथा उनके साथ भेदभाव न किये जाने के संबंध में सुरक्षा एवं संरक्षण प्रशिक्षण का माड्यूल भी शिक्षा विभाग तैयार करेगा। उ0प्र0मा0 शिक्षक संघ (शर्मा गुट) की प्रदेश कार्यसमिति के वरिष्ठ सदस्य नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी ने कहा कि विद्यार्थियों को श्रेष्ठ बनाने के लिए उन्हें थोड़ा डॉटना, फटकारना तथा दण्ड का भय दिखाना जरुरी है। शिक्षक छात्रों को अपने पुत्र के समान ही समझाकर उनसे व्यवहार करते हैं। उन्होंने दण्ड के नाम पर शिक्षकों पर कार्यवाही करने को उचित करार नहीं दिया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के अंतर्गत ग्राम नगला पजाबा निवासी शिवांग उर्फ संजू पुत्र शिवनाथ उम्र 26 वर्ष मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बीती शाम करीब 6 बजे उसे छत के कुंडे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब पिता शिवनाथ ने शिवांग को फांसी पर लटका देखा, तो उन्होंने आनन-फानन में उतारकर सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी सोनी का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल युवक ने फांसी क्यों लगायी, परिजन कुछ भी बताने को तैयार नहीं हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकार पोस्टमर्टम कराया।

# बच्चों को संस्कारवान बनाना मेरा उद्देश्य: विजय

## शिक्षा के प्रहरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विशलेषण समाचार के अंक में शिक्षा की प्रहरी बने उच्च प्राथमिक विद्यालय बाग लकूला के सहायक अध्यापक विजय कनौजिया ने बताया कि मेरे पिता स्व0 अमृतलाल कनौजिया जो पूर्व सूबेदार मेजर से सेवानिवृत्त हुए। उनकी प्रेरणा से मैं आगे बढ़ा और पढ़ाई के साथ

नाम- विजय कनौजिया
पद- सहायक अध्यापक, उच्च प्राथमिक विद्यालय बाग लकूला
पिता-पूर्व सूबेदार मेजर स्व0 अमृतलाल कनौजिया
जन्मतिथि- 11.04.1980
योग्यता- एमए, बीएड
प्रेरण श्रोत- मेरे गुरु एके त्रिपाठी
आदर्श- डा0 भीमराव अम्बेडकर व संत गाडगे
हावी- पढ़ाना व खेलना
तैनाती- उच्च प्राथमिक विद्यालय बाग लकूला, फर्रुखाबाद।
मांग- पुरानी पेंशन बहाल की जाये
प्रिय खेल- क्रिकेट व बैडमिंटन
सम्मान- मुख्यमंत्री द्वारा सम्मान व शिक्षक सम्मान आदि


विजय कनौजिया
सहायक अध्यापक
उच्च प्राथमिक विद्यालय
बाग लकूला, फर्रुखाबाद


छात्र को सम्मानित करते सहायक अध्यापक विजय कनौजिया

## हॉवी- पढ़ाना और खेलना

समाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। हाईस्कूल 1995 में केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़ से किया। इंटर की भी शिक्षा केंद्रीय विद्यालय से 1997 में पूर्ण की। बीए डीएन डिग्री कालेज से 2000 में उत्तीर्ण किया। एमए की शिक्षा क्राइस्ट चर्च कालेज कानपुर से पूर्ण की। 2002 में आगरा यूनिवर्सिटी से बीएड किया। मेरी हावी पढ़ाई के साथ खेल में रही। मेरा प्रिय गेम क्रिकेट व बैडमिंटन है। 2005 में अध्यापक बना और पहली तैनाती प्राथमिक विद्यालय किराचिन ब्लाक राजेपुर में मिली। 2007 में प्राथमिक विद्यालय महरुपुर सरजू में अध्यापन कार्य किया। जनवरी 2008 में उच्च प्राथमिक विद्यालय बाग लकूला में स्थानांतरण किया गया। यहां का माहौल सुधारने में काफी समस्या आयी। ग्रामीण अंचल के साथ-साथ गिहार बस्ती थी। उन बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना और घर-घर जाकर विद्यालय में प्रवेश हेतु नामांकन बढ़ाये। उसी दौरान 2014 में प्राथमिक विद्यालय किदरापुर भेजा गया जो नया विद्यालय था, वहां पढ़ाया। 2020 से 2022 तक एआरपी रहा। फिर पुनः उच्च प्राथमिक विद्यालय बाग लकूला का कार्य संभाला। तब से अभी तक अध्यापन कार्य कर रहा हूं। विद्यालय में 79 बच्चे पढ़ रहे है। दो शिक्षक है। 30 बच्चे गिहार बस्ती के है। ब्लाक स्तर पर बच्चों ने कबड्डी, खो-खो, दौड़ आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया और जीते। मेरे पढ़ाये हुए कई बच्चे सरकारी पदों पर कार्यरत है। जिसमें सुनील कुमार, विजय कुमार बच्चे नौकरी कर रहे है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित हो चुका हूं। साथ ही शिक्षक दिवस पर भी सम्मानित हुआ हूं। अन्य शैक्षिक गोष्ठियों में भी कई बार सम्मान मिला है। बच्चों को पढ़ाना साथ ही शासन द्वारा योजनाओं को क्रियांवन करने के लिए स्वच्छता अभियान रैली, स्कूल चलो अभियान, संचारी रोग नियंत्रण रैली, पर्यावरण संरक्षण आदि की रैली निकाली है। प्राथमिक शिक्षक संघ में संयोजक सदस्य हूं। बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ उनके अंदर संस्कार पैदा करना मेरा उद्देश्य है।

शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का निःशुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।

# न्याय पाने के लिए थाने व एसपी कार्यालय के चक्कर लगा रही युवती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**रिपोर्ट दर्ज** कराने के लिए घायल युवती सावित्री कई दिनों से कोतवाली से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय भटक रही है, लेकिन उसे अभी तक न्याय नहीं मिला है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज के ग्राम कुबेरपुर निवासी स्वर्गीय गंगाराम जाटव की पुत्री सावित्री गुरुवार को भतीजी सोनी के साथ एसपी आलोक प्रियदर्शी से मिली। सावित्री ने आज पुनः शिकायती पत्र देकर एसपी को अवगत कराया कि कोतवाली कायमगंज पुलिस ने अभी तक मेरी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है, बल्कि महिला सिपाही सीमा चुपचाप बैठने की बात कहकर धमका रही है कि तुम्हें मारपीट कर जेल में डाल देंगे। सावित्री ने बताया कि मैं 24 अगस्त की रात 8 बजे घर में दो भतीजियों


चोटों के निशान दिखाती युवती

के साथ बात कर रही थी। उसी समय पड़ोसी मदारीलाल जाटव के पुत्र प्रेमपाल एवं मुकेश टकोरा व डंडा लेकर घर में घुसे। प्रेमलाल ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि तू मेरी बात नहीं मानती। प्रेमलाल ने पिटाई कर और दांतों से हाथ में तीन जगह काट लिया। जाते समय प्रेमलाल सावित्री एवं उसकी भाभी का मोबाइल फोन उठा ले गया। सावित्री ने बताया कि प्रेमलाल आते-जाते पीछा करता है। मुझे आशंका है कि वह मुझे जान से भी मार सकता है। इससे पहले मैं पुलिस अधीक्षक से 25 अगस्त को मिल चुकी हूँ। एसपी ने थाने जाने को कहा था। दूसरे दिन सिपाही सीमा चिकित्सा परीक्षण करने के लिए कायमगंज अस्पताल ले गई। डॉक्टर ने काटे गए घाव को देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिय, लेकिन सीमा मुझे लेकर लोहिया अस्पताल नहीं गई। सावित्री ने बताया कि मेरे मां-बाप की मौत हो चुकी है। रक्षाबंधन पर मायके आई थी। मुकेश छेड़खानी के मामले में बंद रह चुका है। भय के कारण मैं फर्रुखाबाद रिश्तेदारी में रुकी हूँ।

# सरकार की योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचायें पंचायत सहायक: बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**खंड विकास** अधिकारी तथा जिला प्रोवेशन अधिकारी ने विकास खंड सभागार में ग्राम सचिव, पंचायत सहायकों के साथ बैठक की। जिसमें सरकार की योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचाने की पंचायत सहायकों को जानकारी दी।

नवाबगंज विकासखंड सभागार परिसर में गुरुवार को विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने तथा जिला प्रोवेशन अधिकारी अनिल चंद्रा ने ग्राम पंचायत के सचिव तथा पंचायत सहायकों की सामूहिक बैठक बुलाई। बैठक के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन के बारे में पंचायत सहायकों को बताया कि वह ग्राम सचिवों की तरह ग्राम पंचायत में जाकर प्रत्येक लाभार्थी की जानकारी जुटाएं और कोई भी लाभार्थी सरकार की योजनाओं से वंचित न रह सके। इसके लिए अभियान चलाकर सभी ग्राम पंचायत में उनके प्रपत्र तैयार कर जिला प्रोवेशन अधिकारी कार्यालय तथा एडीओ समाज कल्याण


बैठक लेते बीडीओ व जिला प्रोवेशन अधिकारी — समृद्धि न्यूज

को उपलब्ध करा दें। जिससे कि सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों, वंचितों, दिव्यांगों आदि को मिल सके। किसी भी सरकारी योजना से शासन की मंशा के अनुरूप कोई भी लाभार्थी लाभ से वंचित न रह सके। वहीं विकास खंड अधिकारी ने पंचायत सहायकों को उनके अन्य कर्तव्यों के बारे में भी जानकारियां दीं तथा ग्राम सचिवों को बताया कि जो पंचायत सहायक सही से कार्य कर रहे हैं उनका मानदेय भी समय से उपलब्ध करा दें, ताकि सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंचने में इनका भी मन लगा रहे। वहीं विकास खंड अधिकारी ने ग्राम सचिवों से क्षेत्र में बन रहे आरसी सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्र आदि की भी समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने बताया ग्राम सचिव सफलता से कार्य करें, क्योंकि उच्च अधिकारियों के निर्देशन में कार्य को आगे बढ़ाते रहें। जिससे कि विकास खंड की प्रगति समीक्षा में विकास खंड कार्यालय को अच्छा स्थान मिल सके। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, जिला प्रोवेशन अधिकारी अनिल चंद्रा,तथा जिला दिव्यांग अधिकारी, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, ग्राम सचिव जगवीर सिंह यादव, बृजनंदन लाल, कुलदीप राजपूत, अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, अरविंद कुमार, सुनील कुमार, मोतीलाल यादव, बृजेश यादव, अखिलेश कुमार तथा क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक पंचायत सहायक बैठक में मौजूद रहे।

# मृतक किशोरियों के परिजनों से मिला सपा का प्रतिनिधि मण्डल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- परिजन बोले हम चाहते है सीबीआई जांच
- घटना का खुलासा न हुआ तो राघवदत्त करेंगे आंदोलन

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के आदेशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल कायमगंज के भगवतीपुर गांव पहुंचा। जहां मृतक किशोरियों के परिजनों से मिला। समाजवादी पार्टी ने घटना की जानकारी लेने के बाद सीबीआई जांच की मांग की। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार गुरुवार को ग्राम भगवतीपुर सपा का प्रतिनिधि मण्डल पहुंचा। प्रतिनिधि मण्डल में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव, उर्मिला राजपूत, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य, पूर्व कायमगंज विधानसभा प्रत्याशी सर्वेश अंबेडकर, नगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा, प्रदेश महासचिव अनुसूचित प्रकोष्ठ शशिमा दोहरे, कायमगंज विधान सभा अध्यक्ष सोमेंद्र यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी आदि लोग ने गांव भगवीतपुर पहुंचकर मृतक किशोरियों के परिजनों से मिले। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने बताया कि वहां मौजूद पीड़ित परिवार से जब



भगवतीपुर गांव में किशोरियों के परिजनों से बात करता सपा का प्रतिनिधि मण्डल — समृद्धि न्यूज

प्रतिनिधिमंडल ने बात की, तो पूरे परिवार ने एक साथ सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि यह आत्महत्या नहीं है, बल्कि हत्या है। परिवार ने कहा पोस्टमार्टम में भी गड़बड़ी की गई है। उधर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह जघन्य अपराध होने के बावजूद प्रदेश सरकार इसे दबाने का प्रयास कर रही है। सर्वेश अम्बेडकर ने कहा कि यहां पर पुलिस प्रशासन सादी वर्दी में घूम कर पीड़ित परिवार को दबाने का प्रयास कर रहा है।

वह लगातार कोशिश की जा रही है कि पीड़ित परिवार अपनी बात मीडिया और विपक्षी पार्टी के नेताओं तक ना कह सकें। वहीं महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने कहा कि शासन प्रशासन ने पांच दिन के अंदर घटना का खुलासा नहीं किया तो सपा महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर उतरकर आवाज उठायी जायेगी।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगितायें सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**गुरुवार को** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कायमगंज में खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचन्द्र के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। छात्राओं ने अपने सदन के अनुसार प्रतिभाग किया। कबड्डी प्रतियोगिता में रेड हाउस विजेता, ब्लू हाउस उपविजेता रहा। खो-खो प्रतियोगिता में यलो हाउस विजेता रहा। रेड हाउस उपविजेता रहा। गोला फेंक प्रतियोगिता में जिज्ञासा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व राशि ने द्वितीय स्थान पाया। दौड़ प्रतियोगिता में गोपी ने प्रथम स्थान प्राप्त



कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

किया व रिचा ने द्वितीय स्थान एवं वंदना तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता का सफलता पूर्ण आयोजन विद्यालय के स्टाफ द्वारा हुआ। निर्णायक की भूमिका शारीरिक शिक्षा अध्यापक सचिन अवस्थी ने निभाई। खेलकूद की व्यवस्था प्रभारी वार्डेन रेचन कटियार ने देखी।

## खबरें एक नजर में

### सुहेलदेव पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अतुल बाथम के नेतृत्व में समीक्षा बैठक का आयोजन एक पैलेस हुआ। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अमरमणि कश्यप ने कार्यकत्ताओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया तथा संगठन को मजबूत करने का निर्देशित किया। प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और तलवार भेंट की। बैठक में अजय यादव, ओमप्रकाश पाल, मुश्ताक अहमद, अशरफ खान, लालू राजपूत, सरिता गुप्ता, विनोद राजपूत, वीरेन्द्र कश्यप, अनूप पाल, गुन्जन यादव, मयंक यादव, सुनील गिहार, संजय कठेरिया, सुधीर कटियार, अरविन्द बाथम, सनी बाथम, उमेश बाथम, मसीह सिद्दीकी आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### आईटीआई में द्वितीय चरण प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 2 सितम्बर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा प्रदेश में चल रहे राजकीय निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश सत्र अगस्त 2024 में द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के परिणाम रिक्त सीटों का विवरण बेवसाइड पर उपलब्ध कर दिया गया है। अभ्यार्थी प्रथम एवं द्वितीय चरण में कोई सीट आवंटित नहीं है। द्वितीय चरण के प्रवेश एवं उच्चीकरण के परिणामों की रिक्तियों के लिए नये विकल्पों का ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रवेश हेतु इच्छानुसार संस्थान में पंजीकृत करा सकते है। जिसकी अंतिम तिथि 2 सितम्बर 12 बजे तक है।

### मांगों को लेकर कर्मचारी 2 सितम्बर को जायेंगे लखनऊ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवर सहायक मेंट संघ सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के जिलाध्यक्ष गौरव पाठक ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मांग की है कि कर्मचारियों को अवगत कराया गया है कि 2 सितम्बर को प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग लखनऊ के सक्षम कर्मचारी साथी शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगे रखने हेतु कर्मचारी 2 सितम्बर को कार्यालय अभियंता सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग लखनऊ पहुंचेगे।

### ग्रामीणों ने प्रधान, सचिव पर लगाया सरकारी धन हड़पने का आरोप

**कोंच (जालौन)।** नदीगाँव ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पचीपुरा में प्रधान व सचिव पर सरकारी धन हड़पने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। गुरुवार को एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र देकर ग्रामीणों ने बताया कि गंगा, मुनू, हरनाम के खेतों में समतलीकरण किए जाने के नाम पर प्रधान और सचिव ने सरकारी धन डकार लिया है जबकि समतलीकरण कार्य हकीकत में हुआ ही नहीं है, खेतों में धान की फसल खड़ी हुई है। उक्त कार्य में 17 अगस्त के मस्टररोल में 145 आदमियों की हाजिरी दर्शायी गयी है जिनमें शामिल तमाम आदमी गाँव में ही नहीं रहते हैं और बाकी के कई लोग आर्थिक रूप से संपन्न हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया की पात्रों को शासन की योजनाओं का लाभ न देकर अपात्रों को लाभ दिया जा रहा है और विरोध करने पर प्रधान व सचिव झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों ने कार्यवाही किए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र देने वाले ग्रामीणों में सौरभ गुर्जर, हरिओम, अभिषेक, उदय प्रताप, नारायण दास, विजय पाल, सुघर पाल, रामाधार कोरी, सुशील कुमार,रामकुमार आदि शामिल रहे।

### ग्रामीणों ने प्रधान पर लगाया मिट्टी समतलीकरण को लेकर की लीपापोती

**कोंच (जालौन)।** नदीगांव विकास खंड क्षेत्र के ग्राम धौरपुर निवासी ग्रामीण अमित कुमार पुत्र छोटेराजा ने गुरुवार को एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि मिट्टी समतलीकरण के नाम पर प्रधान और सचिव ने मिलकर सरकारी लाखों रुपये का घालमेल किया है।

# सपा प्रत्याशी की याचिका पर फर्रुखाबाद के सांसद को हाईकोर्ट ने भेजा नोटिस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

- चुनाव की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर मांगा जवाब, सुनवाई 21 अक्टूबर को

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** के न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा ने फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को नोटिस जारी कर उनके चुनाव की वैधता को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर जवाब मांगा है। याचिका की अगली सुनवाई आगामी 21 अक्टूबर को सुनिश्चित की गई है। सपा प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य के अधिवक्ता नरेंद्र कुमार पांडेय ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनाव याचिका जनप्रतिनिधित्व कानून के उपबंधों का पालन करते हुए दाखिल की गई। याचिका में चुनाव को अवैध करार देकर रद्द करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि भाजपा प्रत्याशी की 2,676 वोटो से जीत हुई है। एक प्रत्याशी अमर सिंह जिनका नामांकन दोषपूर्ण था, फिर भी स्वीकार किया गया। अमर सिंह को 3,500 वोट मिले हैं। यदि उनका नामांकन नियम का पालन न करने के कारण निरस्त हो गया होता तो याची विजयी होता। आरोप है कि पीडीए के मतदाताओं पर लाठीचार्ज कर उन्हें भगा दिया गया। वोट डालने से रोका गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा ने फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को नोटिस जारी कर उनके चुनाव की वैधता को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर जवाब मांगा है। सुनवाई के लिए अगली तिथि 21 अक्टूबर की तिथि नियत की गई है।

## अदालत का मुझे नहीं मिला नोटिसः सांसद मुकेश राजपूत

**फर्रुखाबाद।** आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद मुकेश राजपूत ने लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी द्वारा लगाए गए आरोप एवं इलाहाबाद हाई कोर्ट के द्वारा जारी किए गए नोटिस पर कहा कि उनको ऐसा किसी भी प्रकार का नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा जब से लोकसभा चुनाव की



पार्टी कार्यालय पर वार्ता करते सांसद मुकेश राजपूत

घोषणा हुई थी तब से ही समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का इंडिया गठबंधन पूरे चुनाव में जनता को भ्रमित करता रहा। पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल बनाने का प्रयास किया गया था। मतदान से पूर्व ही जनता को भ्रमित करने के लिए कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जिसमें मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी ने पूरे प्रदेश में पिछड़े एवं दलित समाज वर्ग के लोगों को संविधान और आरक्षण के नाम पर गुमराह करने का कार्य किया। सपा प्रत्याशी ने बिजली काटने और धांधली करने का आरोप लगाया था और अलीगंज में 30 और 29 में राउंड में धांधली करने का आरोप लगाया जो की पूर्ण रूप से निराधार है। वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## डीआईओएस ने संचालित कोचिंग सेंटरों को पंजीकरण कराने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी जनपद में संचालिक कोचिंग संस्थाओं की स्थलीय अभिलेखीय जांच के संबंध में बैठक आहूत की गई। जिसके आधार पर जनपद में 17 पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं को नवीन शासनादेशों के अधीन कोचिंग संचालित किये जाने तथा पंजीयन के संचालित कोचिंग सेंटरों को नियमानुसार कोचिंग पंजीयन 10 दिन में कराये जाये जाने का निर्देश जारी किया गया है। संचालित कोचिंग सेंटरों द्वारा पालन न करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कोचिंग सेंटरों के पंजीयन कराने के लिए निर्देश जारी किये है।

# नि:शुल्क कैम्प में कान और गले के 65 मरीजों ने कराया परीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

नेहा नर्सिंग होम लोहई रोड पर नि:शुल्क कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में कान और गले के 65 मरीज का परीक्षण किया गया। कानपुर से डॉ0 विवेक कुमार केसरवानी ने परीक्षण किया। जिसमें लोगों को कम सुनाई देना, कान में आवाज आना की शिकायत पाई गई। डॉक्टर ने लोगों परामर्श दिया की एयरफोन लगाकर देर तक बातें करना, गाने सुना तेज साउंड बचाव करें। गले के लिए ठंडी गर्म चीजों का भी परहेज बताया। कैम्प की व्यवस्था डॉक्टर मनोज मेहरोत्रा, डॉक्टर राहुल राजपूत, विनोद अग्निहोत्री, श्यामू, अंकित, विमलेश शाश्वत, कुमार आकाश सिंह आदि ने कैम्प की व्यवस्था देखी।



परीक्षण करते चिकित्सक

# कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन के लिए आंदोलन का किया ऐलान

- ट्वीटर अभियान चलाकर चार लाख पोस्ट हुई ओपीएस के समर्थन में

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अटेवा** द्वारा पुरानी पेंशन को लेकर आंदोलन की रणनीति बनी। 29 अगस्त को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर देशभर में ट्वीटर अभियान चलाया गया। जो देर रात तक लगभग 4 लाख पोस्ट ओपीएस के समर्थन में हुई। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने ट्वीटर अभियान चलाते हुए सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की और कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। 2 सितम्बर से 6 सितम्बर तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण एवं कार्यालयों में कार्य करेंगे। 15 सितम्बर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में होगी। 26 सितम्बर को सभी जिला मुख्यालयों पर एनपीएस व यूपीएस के खिलाफ प्रदर्शन होगा। अगर सरकार ओपीएस बहाल नहीं करती तो अक्टूबर महीने में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर दिल्ली में राष्ट्रीय अधिवेशन होगा। नवम्बर और दिसम्बर में संसद भवन दिल्ली का घेराव करने की योजना बनायी जा रही है। सभी ब्लाक एवं जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन होगा। जिसके लिए शिक्षक व कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन के लिए आंदोलन का ऐलान किया है। ट्वीटर अभियान चलाने के दौरान नेहा त्रिपाठी, ज्वेल त्रिपाठी, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, विनय कुमार, देवाशीष पाठक ने एक्स पर मुद्दे के ट्रेंड कराया।



ट्वीटर अभियान चलाते अटेवा के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# डीएम को शिक्षा गुणवत्ता मिली चौपट, बच्चे नहीं लगा पाये सवाल

- निरीक्षण के दौरान डीएम को विद्यालय में मिली गंदगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह ने प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय महरूपुर सहजू का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में शिक्षा का स्तर अत्यंत ही निम्न पाया गया। गणित विषय का एक सवाल किया जिसका किसी भी छात्र द्वारा सही उत्तर नहीं दिया गया। डीएम ने बच्चों से मिड-डे-मिल की जानकारी ली। विद्यालय में साफ -सफाई का अभाव मिला। डीएम ने साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने व विद्यालय में खिड़कियों पर लोहे की जाली लगवाने एवं मरम्मत का कार्य कराने के लिये निर्देशित किया। कक्षाओं में लगे दरवाजों पर पेंट नहीं पाया गया। छत पर पेड़ों की टहनियां आने लगीं हैं जिनकी छंटाई कराने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह व डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु नितीशराज उपस्थित रहे।



बच्चों से सवाल लगवाते डीएम — समृद्धि न्यूज

# पास्को एक्ट में वांछित युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पास्को एक्ट में वांछित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जहानगंज थाना प्रभारी भोलेन्द्र चतुर्वेदी ने अपने हमराह उपनिरीक्षक अच्छेलाल पाल ने टीम के साथ पास्को एक्ट में वांछित राहुल सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी ग्राम काशीपुर थाना रुरा जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 21 अगस्त को वादी ने धारा 137(2)/87 बीएनएस व पास्को एक्ट के तहत राहुल पर मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि राहुल वादी की दो पुत्रियों को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इसी मामले में आरोपी वांछित चल रहा था। पुलिस आरोपी की तलाश में दविश दे रही थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।



## जनैया सठैया के प्रधान ने मध्यान्ह भोजन चेक पर हस्ताक्षर करने से किया मना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड बढ़पुर के प्राथमिक विद्यालय जनैया सठैया की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका निशीवाला यादव ने मध्यान्ह भोजन चेक पर प्रधान द्वारा हस्ताक्षर न करने के संबंध में खण्ड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि प्राथमिक विद्यालय जनैया सठैया ब्लाक बढ़पुर के मध्यान्ह भोजन चेक पर प्रधान द्वारा हस्ताक्षर नहीं किये जा रहे है। 20 अगस्त को दूरभाष द्वारा सूचना दी गई, परन्तु प्रधान द्वारा अभी तक चेक पर हस्ताक्षर नहीं किये गये है। तीन बार मध्यान्ह भोजन संबंधित दस्तावेज लेकर प्रधान के घर गया, प्रधान द्वारा बोला गया कि हस्ताक्षर नहीं करूंगा और उचित कोई कारण भी नहीं बताया गया। ऐसे में हस्ताक्षर न हो पाने के कारण मध्यान्ह भोजन बनाने में असुविधा हो रही है। कार्यवाही करने की इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने मांग की है।

बैठक

बैंक संबंधित लम्बित प्रकरणों को भी किया गया निस्तारित

# व्यापार बंधु की बैठक में डीएम ने बेडिंग जोन व पार्किंग स्थल बनाने के दिये निर्देश

- किसी ने अभी तक नहीं कराया कुत्ता पालन का पंजीकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्युत संबंधी समस्याओं के लंबित होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जतायी और शीघ्र ही समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिये। 6 सितम्बर को जीएम डीआईसी के कार्यालय में 3 बजे अपरान्ह जरदोजी विषय पर बैठक होगी। एक्सिस बैंक से किसी के न आने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। बैंक ऑफ बड़ौदा ने मात्र एक प्रकरण को स्वीकार किया। 26 प्रकरण अभी तक लंबित है। प्रकरण में उच्चाधिकारी को सूचित करने का निर्देश दियो। सेन्ट्रल बैंक में 16 में से 13 प्रकरण निस्तारित किये। स्थिति से जीएम को अवगत कराने के निर्देश दिये गये। एसबीआई द्वारा 40 प्रकरणों में से 20 प्रकरणों को निरस्त कर दिये। निरस्त करने का कारण अनुचित बताये गये। उच्चाधिकारी को लिखने के निर्देश दिये गये। यूबीआई से कोई भी उपस्थित नहीं था। प्रकरण लंबित है। पीएनबी द्वारा 4 में से 2 स्वीकृत हुए और 2 प्रकरण लंबित है। सभी बैंकर्स नियमानुसार लोन स्वीकृत करें। शासन का सहयोग करें। अपात्रों को ऋण न दें, परन्तु पात्रों को ऋण स्वीकृत करने में संकोच न करें। साथ ही जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि ई-रिक्शा के सुनिश्चित संचालन हेतु एक सप्ताह में बैठक कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका द्वारा अवगत कराया गया कि 15 दिसम्बर तक पार्किंग व्यवस्था हेतु स्थल सुव्यवस्थित कराकर दिया जायेगा। नगर मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी व ईओ समन्वय स्थापित कर बेडिंग जोन बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। दो मार्ग चिन्हित करें, दुकानदारों से सहमति पत्र ले लें, ताकि बेडिंग जोन हेतु सहयोग प्राप्त हो सकें। फागिंग करने के ईओ को निर्देश दिये गये। जिसे वायरल बुखार से बचा जा सकें। साथ ही सीएमओ को निर्देश दिये कि आवारा गौवंशों की समस्याओं हेतु डीएम ने नियामनुसार कार्यवाही के निर्देश दिये। कुत्ता पालन हेतु अभी तक किसी ने आवेदन नहीं दिये है। आयुष्मान कार्ड हेतु नियमों में स्थानीय स्तर पर संसोधन संभव नहीं है। मंगलवार को फतेहगढ़ में जाम की समस्या हेतु नगर मजिस्ट्रेट व सीओ एवं ईओ को मिलकर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। व्यापार बंधु की बैठक में तहसीलदार सदर को 2500 वर्ग फिट भूमि निःशुल्क निर्वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। ताकि राज्य कर कार्यालय का निर्माण हो सकें। घुमना बाजार में क्षतिग्रस्त पोल को बदलवाने हेतु विद्युत अधिकारियों को निर्देश दिये गये। जर्जर विद्युत तारों को बदलने आदि का कार्य 15 सितम्बर तक कर दिया जाये, जिससे रामबारात में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के ईओ को निर्देश दिये गये। साथ ही ई-रिक्शा में दोनों ओर व्यू मीटर लगाने के निर्देश दिये। दारु पीकर बिना डीएल के ई-रिक्शा न चलाये। एआरटीओ को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में अधिकारी के अलावा व्यापारी नेता मौजूद रहे। इस मौके पर अनिल मिश्रा, सरल दुबे, रोहित गोयल, मुकेश गुप्ता, शरद श्रीवास्तव, संजीव मिश्रा बॉबी, प्रमोद गुप्ता, रविकांत गुप्ता, प्रबल महेश्वरी, गौरव रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक लेते डीएम — समृद्धि न्यूज

**सूचना**

मेरा नाम पैन कार्ड JSHPS4658N में SHABLU है। जो कि त्रुटिवश लिख गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम आधार व मार्कशीट में SHAHAB KHAN दर्ज है। अतः मुझे वास्तविक नाम से जाना व पहचाना जाये।

**शहाब खान पुत्र तहसीन खान निवासी गढ़ी मंझोला सुभानपुर कायमगंज, जिला फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरी इंटर मीडिएट वर्ष 2015 का अनुक्रमांक 1180408 की मार्कशीट जो वास्तव में कहीं खो गयी है।

**अबूतालिब पुत्र असद अली नि0ग्रा0 पपड़ी खुर्द बुजुर्ग बरझाला, कायमगंज, फर्रु0**

## रेवंत के खिलाफ कैश फॉर वोट मुकदमा स्थानांतरित करने की गुहार नामंजूर

# विशेष अभियोजक नियुक्त करेगा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली।



उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना में 2015 के कथित कैश फॉर वोट घोटाला मामले की जांच राज्य से बाहर स्थानांतरित करने की गुहार ठुकराते हुए गुरुवार को कहा कि वह इस मुकदमे में एक विशेष अभियोजक नियुक्त करेगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी इस मामले में आरोपियों में शामिल हैं। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत विशेष अभियोजक के नाम के लिए तेलंगाना के सहयोगी न्यायाधीशों के साथ परामर्श करेगी।

पीठ के समक्ष भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक गुंटाकंडला जगदीश रेड्डी और तीन अन्य ने मुकदमे को राज्य से बाहर स्थानांतरित करने की गुहार लगाई थी। इन याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी आर्यमा सुंदरम ने मुकदमे को स्थानांतरित करने की मांग करते हुए कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री इस मामले पर सार्वजनिक रूप से बयान दे रहे हैं। उन्होंने दलील देते हुए मुख्यमंत्री पर पुलिसकर्मियों की पिटाई करने संबंधी सार्वजनिक बयान देने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि मामले की जांच करने वाला भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यमंत्री के नियंत्रण में आता है, क्योंकि उनके पास गृह मंत्रालय का प्रभार भी है। श्री रेड्डी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने मुकदमे को राज्य से बाहर स्थानांतरित करने की याचिका का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के कारण मामले में सुनवाई रोक दी गई थी।

मुकदमे को भोपाल स्थानांतरित करने की मांग करने वाली याचिका में स्वतंत्र और निष्पक्ष सुनवाई का मुद्दा उठाते हुए कहा गया है कि रेवंत रेड्डी अब तेलंगाना के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री बन गए हैं।

इसके बाद पीठ ने महसूस किया कि केवल आशंका के आधार पर सुनवाई स्थानांतरित करने की याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, यदि हम ऐसी याचिकाओं पर विचार करते हैं, तो हम अपने न्यायिक अधिकारियों पर विश्वास नहीं करेंगे। आखिरकार, हमें उनकी रक्षा करनी है। याचिकाकर्ताओं की दलील पेश कर रहे श्री सुंदरम ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री स्वयं गृह मंत्री हैं। उन्होंने कहा, ÷प्राकृतिक न्याय का नियम है कि किसी भी व्यक्ति को अपने मामले में न्यायाधीश नहीं होना चाहिए।÷

इसके बाद पीठ ने कहा कि वह विश्वास जगाने के लिए एक स्वतंत्र सरकारी वकील नियुक्त करने का आदेश पारित करेगी।

तेलुगू देशम पार्टी के तत्कालीन नेता रेवंत रेड्डी को विधान परिषद चुनावों में पार्टी उम्मीदवार वेम नरेंद्र रेड्डी का समर्थन करने के लिए मनोनीत विधायक एल्विस स्टीफेंसन को 50 लाख रुपये की रिश्वत देते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 31 मई 2015 को गिरफ्तार किया था। एसीबी ने श्री रेड्डी के अलावा कुछ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया, जिन्हें बाद में जमानत दे दी गई थी।

### एनआईए ने विशाखापत्तनम जासूसी मामले में 16 ठिकानों पर की छापेमारी

नई दिल्ली। पाकिस्तानी नेतृत्व के विशाखापत्तनम जासूसी मामले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को संदिग्धों की तलाश में देश भर के सात राज्यों में 16 ठिकानों पर छापेमारी कर तलाशी ली। इस दौरान एनआईए ने 22 मोबाइल फोन सहित कई संवेदनशील दस्तावेज भी बरामद किए। एनआईए ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एनआईए के मुताबिक पाकिस्तानी आईएसआई के जरिए गोपनीय रक्षा सूचनाएं लीक करने के मामले में गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 16 स्थानों पर व्यापक तलाशी ली गई। भारत में जासूसी गतिविधियों के लिए पाकिस्तान से धन प्राप्त करने वाले संदिग्धों के परिसरों की भी तलाशी ली गई। एनआईए ने जुलाई 2023 में मामले को अपने हाथ में ले लिया था। जनवरी 2021 में काउंटर इंटेलिजेंस सेल, आंध्र प्रदेश द्वारा मामला दर्ज किया गया था।

## एससीओ समिट के लिए पाकिस्तान ने पीएम मोदी को किया आमंत्रित

एजेंसी, इस्लामाबाद।



पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में होने जा रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया है।

साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने गुरुवार को कहा कि बैठक में भाग लेने के लिए एससीओ देशों के प्रमुखों को निमंत्रण भेजा गया है।उन्होंने कहा ÷ भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी निमंत्रण भेजा गया है। कुछ देशों ने पहले ही बैठक में भाग लेने की पुष्टि कर दी है।

प्रवक्ता ने कहा कि समय आने पर बताया जाएगा कि किस देश ने पुष्टि की है। भारत के साथ संबंधों के बारे में पूछे जाने पर प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान का भारत के साथ कोई सीधा द्विपक्षीय व्यापार नहीं है। पाकिस्तान 15-16 अक्टूबर को एससीओ के शासनाध्यक्षों की बैठक की मेजबानी करने वाला है। इस कार्यक्रम से पहले मंत्रिस्तरीय बैठक और वरिष्ठ अधिकारियों की कई दौर की बैठकें होंगी, जो एससीओ सदस्य देशों के बीच वित्तीय, आर्थिक, सामाजिक-सांस्कृतिक और मानवीय सहयोग पर केंद्रित होंगी। पिछले साल मई में तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की परिषद की दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए भारत आए थे। वह लगभग 12 वर्षों में भारत का दौरा करने वाले पहले पाकिस्तानी विदेश मंत्री थे।

## शिवराज ने की 'मातृ वन' की शुरुआत

एजेंसी, नई दिल्ली।



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक एकड़ मातृ वन की शुरुआत करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधा रोपण किया।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने यहां बताया कि' एक पेड़ मां के नाम' अभियान में देशभर की 800 से अधिक संस्थओं में भाग लिया और चार हजार तक पौधे रोपे गये।श्री चौहान और मंत्रालय के अधिकारियों ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के पूसा परिसर में पौधारोपण किया।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, सचिव डेयर एवं महानिदेशक आईसीएआर डॉ. हिमांशु पाठक, कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय के लगभग दो सौ अधिकारी और कर्मचारी तथा स्कूली छात्र भी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देशभर में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सभी अधीनस्थ कार्यालय, आईसीएआर संस्थान, सीएयू, केवीके और एसएयू भी अपने-अपने स्थानों पर इसी तरह का वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वैश्विक अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम'का शुभारंभ किया था। वैश्विक अभियान के हिस्से के रूप में, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सितंबर 2024 तक देशभर में 80 करोड़ पौधे और मार्च 2025 तक 140 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

# मंडाविया ने मेजर ध्यानचंद को अर्पित की पुष्पांजलि

एजेंसी, नई दिल्ली।



केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की। आज यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित समारोह में श्री मंडाविया और सुश्री खडसे ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और च्एक पेड़ माँ के नामज् मुहिम के तहत वृक्षारोपण भी किया।

इस दौरान दोनों मंत्रियों ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अधिकारियों के साथ रस्साकशी और एक मैत्री फुटबॉल मैच भी खेला। इस अवसर पर केन्द्रीय खेल मंत्री फिटनेस और स्वास्थ्य के महत्व पर बल देते हुए कहा कि देश के नागरिक को फिट और स्वस्थ्य रहना चाहिए। एक स्वस्थ्य नागरिक ही स्वस्थ्य राष्ट्र का निर्माण करता है।

2047 में विकसित भारत के निर्माण के लिए हर नागरिक को स्वस्थ्य और फिट रहना आवश्यक है्। उन्होंने कहा कि फिट रहने के लिए खेलों में शामिल होना जरूरी है। इसलिये सभी नागरिको को अपनी रूचि के अनुसार एक घंटे खेलना चाहिए। मैं आज एक घंटा फुटबॉल खेलूंगा।

श्रद्धांजलि देने के बाद, डॉ. मंडाविया और सुश्री खडसे फिटनेस और खेल के संदेश को बढ़ावा देने के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम गए। वहां एक सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ. मंडाविया ने अपना संदेश दोहराया और सभी नागरिकों से राष्ट्रीय खेल दिवस पर कम से कम एक घंटा आउटडोर खेलों के लिए समर्पित करने का आग्रह किया, जो पूरे भारत में खेल और शारीरिक फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देने की व्यापक पहल को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के च्जो खेलेंगे, वो खिलेंगे के दृष्टिकोण के अनुरूप, हम सभी को खेलों को सक्रिय रूप से अपनाना चाहिए। दुनिया भर में सबसे युवा देशों में से एक के रूप में, खेलों के जरिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखना हमारी प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों के स्वास्थ्य और पर्यावरण को लेकर साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि साइकिल चलाना न केवल सबसे अच्छा व्यायाम है, बल्कि यह छोटी दूरी के लिए परिवहन का एक पर्यावरण-अनुकूल साधन भी है। यह ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के खिलाफ एक शक्तिशाली उपकरण है। साइकिल चलाना प्रदूषण का सबसे अच्छा समाधान है।

उल्लेखनीय है कि हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रुप में मनाया जाता है। ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को प्रयागराज में हुआ था। उन्हें हॉकी के जादूगर के नाम से भी जाना जाता है।

### मोदी ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर देशवासियों को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरुवार को देशवासियों को बधाई दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स् पर लिखा, राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुभकामनाएं। आज के दिन हम मेजर ध्यानचंद को श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि यह उन सभी को बधाई देने का अवसर है जिनमें खेलों के प्रति जुनून हैं तथा जो भारत के लिए खेले है। हमारी सरकार खेलों का समर्थन करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि अधिक से अधिक युवा खेलों में अपनी चमक बिखेरे।

## महिलाओं के लिए शी-बॉक्स पोर्टल आरंभ





एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज करने और उनकी निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत मंच नया शी-बॉक्स पोर्टल का शुभारंभ किया है।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को यहां एक समारोह में पोर्टल 'शी बाक्स' का शुभारंभ किया गया। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान मंत्रालय की नयी वेबसाइट का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। नया शी-बॉक्स पोर्टल देश भर में गठित आंतरिक समितियों (आईसी) और स्थानीय समितियों (एलसी) से संबंधित सूचनाओं के केंद्रीकृत भंडार के रूप में कार्य करेगा जिसमें सरकारी और निजी दोनों क्षेत्र शामिल हैं। यह शिकायत दर्ज करने, उनकी स्थिति को ट्रैक करने और आईसी की शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक साझा मंच प्रदान करेगा। यह पोर्टल शिकायतों का सुनिश्चित निवारण और सभी पक्षों के लिए सुव्यवस्थित प्रक्रिया प्रदान करेगा। यह नामित नोडल अधिकारी के माध्यम से शिकायतों की वास्तविक समय पर निगरानी करने की सुविधा प्रदान करेगा।

# रिलायंस ने 1.7 लाख नई नौकरियां दी

एजेंसी, मुंबई।




समूह में कुल 6.5 लाख कर्मचारी


रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कंपनी में नौकरियों में कटौती की खबरों को गुरुवार को भ्रामक बताते हुए खारिज किया और कहा कि कंपनी ने रिलायंस ने वित्त वर्ष 2023-24 में वास्तव में लाखों की संख्या में नयी नौकरियां दी हैं जिनमें नियुक्ति के नए मॉडल चुनने वाले कर्मचारी भी हैं।

श्री अंबानी ने रिलायंस की 47वीं वार्षिक महासभा (एजीएम) में शेयरधारकों को बताया कि रिलायंस ने कुल 1.7 लाख नई नौकरियां दी हैं और समूह में कर्मचारियों की कुल संख्या बढ़कर अब 6.5 लाख से अधिक हो गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुनिया भर में आज कर्मचारी नौकरियों के मॉडल अपना रहे हैं और रिलांस समूह में इस तरह का बदलाव हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में कर्मचारियों की संख्या में कमी दिखाई दी थी। इस कमी पर श्री अंबानी ने कहा कि कर्मचारियों की संख्या में गिरावट की वजह कर्मचारियों द्वारा नौकरी के एक अलग मॉडल चुनाव था न कि उनका निकाला जाना। श्री अंबानी ने कहा कि रोजगार सृजन की प्रकृति वैश्विक स्तर पर बदल रही है, जिसका मुख्य कारण तकनीकी हस्तक्षेप और लचीले व्यापार मॉडल हैं। इसलिए, सिर्फ़ पारंपरिक प्रत्यक्ष रोज़गार मॉडल के बजाय, रिलायंस नए प्रोत्साहन-आधारित जुड़ाव मॉडल को अपना रहा है। इससे कर्मचारियों को बेहतर कमाई करने में मदद मिलती है और उनमें उद्यम की भावना पैदा होती है।

यही कारण है कि प्रत्यक्ष रोज़गार संख्या वार्षिक आंकड़ों में थोड़ी गिरावट दिखी है, हालाँकि रिलायंस द्वारा सृजित कुल रोज़गार में वृद्धि हुई है। उन्होंने भारत के युवाओं के लिए रोजगार सृजन को सर्वोच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता का दर्जा दिया।

उन्होंने बताया कि कई एजेंसियों द्वारा रिलायंस को भारत के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता के रूप में स्थान दिया गया है। रिलायंस भारत में सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है।


### कंगना रनौत को लेकर पूर्व सांसद सिमरनजीत मान के बिगड़े बोल



एजेंसी, चंडीगढ़। फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर छिड़े विवाद के बीच अकाली दल अमृतसर के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सिमरनजीत सिंह मान ने एक आपत्तिजनक बयान दिया है। मान ने कहा कि कंगना रानौत को रेप का अनुभव है, उनसे पूछ सकते हैं कि रेप कैसे होता है। पूर्व सांसद सिमरनजीत मान गुरुवार को करनाल में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। करनाल में सिमरनजीत सिंह मान से पूछा गया कि कंगना ने बयान दिया कि अगर केंद्र में भाजपा की सरकार न होती तो किसान आंदोलन के वक्त पंजाब का वही हाल होता, जो बांग्लादेश का हुआ है। इसके जवाब में मान ने कहा कि कंगना रानौत को रेप का बहुत तजुर्बा है। उनसे आगे पूछ सकते हैं कि रेप कैसे होता है, लोगों को समझाया जाए। मान ने कहा कि जैसे आप साइकिल चलाते हैं तो आपको साइकिल चलाने का तजुर्बा हो जाता है। इसी तरह उनको रेप का तजुर्बा है।

# महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए मिलकर प्रयास करने की जरूरत : खडगे

एजेंसी, नई दिल्ली।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि देश में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की घटनाएं बार-बार हो रही हैं और उन्हें रोकने के लिए मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में कोई कदम नहीं उठाए हैं इसलिए इस दिशा में सबको मिलकर काम करने के सख्त जरूरत है।

श्री खडगे ने कहा कि हमारी महिलाओं के साथ हुआ कोई भी अन्याय असहनीय, पीड़ा दायक और घोर निंदनीय है। हमें 'बेटी बचाओ' नहीं 'बेटी को बराबरी का हक़ सुनिश्चित करो' चाहिए। महिलाओं को संरक्षण नहीं, भययुक्त वातावरण चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में हर घंटे महिलाओं के खिलाफ़ 43 अपराध रिकॉर्ड होते हैं। हर दिन 22 अपराध ऐसे हैं, जो हमारे देश के सबसे कमज़ोर दलित-आदिवासी वर्ग की महिलाओं और बच्चों के खिलाफ़ दर्ज होते हैं। अनगिनत ऐसे अपराध है जो दर्ज ही नहीं होते - डर से, भय से, सामाजिक कारणों के चलते। प्रधानमंत्री मोदी जी लाल किले के भाषणों में कई बार महिला सुरक्षा पर बात कर चुके हैं, पर उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में ऐसा कुछ ठोस नहीं किया, जिससे महिलाओं के ख़िलाफ़ अपराधों में कुछ रोकथाम हो। उल्टा, उनकी पार्टी ने कई बार पीड़िता का चरित्र हनन भी किया है, जो शर्मनाक है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हर दीवार पर बेटी बचाओ पेंट करवा देने से क्या सामाजिक बदलाव आएगा या सरकारें व क़ानून व्यवस्था सक्षम बनेगी। क्या हम सुरक्षात्मक क़दम उठा पा रहे हैं। क्या हमारी न्याय व्यवस्था में सुधार हुआ है। क्या समाज के शोषित व वंचित अब एक सुरक्षित वातावरण में रह पा रहे हैं। क्या सरकार और प्रशासन ने वारदात को छिपाने का काम नहीं किया है। क्या पुलिस ने पीड़िताओं का अंतिम संस्कार जबरन करना बंद कर दिया है, ताकि सच्चाई बाहर न आ पाये। श्री खडगे ने कहा कि हमें ये सोचना है कि जब 2012 में दिल्ली में निर्भया के साथ वारदात हुई तो जस्टिस वर्मा कमेटी की सिफ़ारिशें लागू हुई थी, आज क्या उन सिफ़ारिशों को हम पूर्णतः लागू कर पा रहे हैं। क्या 2013 में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन अपराध रोकने संबंधी कानून के प्रावधानों का ठीक ढंग से पालन हो रहा है, जिससे कार्यस्थल पर हमारी महिलाओं के लिए भययुक्त वातावरण तैयार हो सके।

### गुजरात में भारी वर्षा का सिलसिला जारी, मांडवी तालुका में सर्वाधिक 231 मिमी

एजेंसी, गांधीनगर। गुजरात में पिछले कई दिनों से हो रही भारी मानसूनी वर्षा का सिलसिला गुरुवार को भी जारी है। राज्य में पिछले आठ घंटे के दौरान कच्छ जिले के मांडवी तालुका में सर्वाधिक 231 मिमी बारिश होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। राज्य के इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (एसईओसी) की ओर से आज जारी बुलेटिन के अनुसार पिछले आठ घंटे में अपराह्न दो बजे तक बजे तक 154 तालुकाओं में एक मिमी से 231 मिमी तक बारिश दर्ज की गयी। इस दौरान तीन तालुकाओं में 116 से 231 मिमी, 10 तालुकाओं में 28 से 61 मिमी और 141 तालुकाओं में एक मिमी से 22 मिमी बारिश दर्ज की गयी। गरुवार सुबह छह बजे तक पिछले 24 घंटे में राज्य के सभी 33 जिलों के कुल 251 में से 238 तालुकाओं में बरसात हुई। सर्वाधिक 295 मिलीमीटर वर्षा देवभूमि द्वारका जिले के भानवड में दर्ज की गयी थी। लगातार वर्षा से राज्य में अब मानसून की वर्षा का प्रतिशत 109.42 से अधिक हो गया है।

### असम मुस्लिम विवाह और तलाक अनिवार्य पंजीकरण विधेयक पारित

एजेंसी, गुवाहाटी। असम विधानसभा ने असम मुस्लिम विवाह और तलाक अनिवार्य पंजीकरण विधेयक 2024 पारित कर दिया है। इस अधिनियम के तहत विवाह को पंजीकृत करना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने इस विधेयक के पारित होने के बाद आज के दिन को ऐतिहासिक बताया। असम विधानसभा में राज्य के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री जोगेन मोहन ने मंगलवार को असम मुस्लिम विवाह और तलाक अनिवार्य पंजीकरण विधेयक पेश किया था। जिसे एक लंबी चर्चा के बाद विपक्ष की आपत्तियों का निराकरण करने के बाद पारित किया गया। सदन में विपक्ष के उठाए सवालों का मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बड़ी बेबाकी के साथ जवाब दिया और विपक्ष की सभी शंकाओं का निराकरण किया। चर्चा के दौरान मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और एआईयूडीएफ के विधायकों ने अपनी आपत्तियों को सदन के पटल पर रखा। विपक्ष के प्रश्नों का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि काजियों के किए गए विवाहों के सभी पूर्व पंजीकरण वैध रहेंगे और केवल नए विवाह ही कानून के दायरे में आएंगे।

# ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 लॉन्च

**टीवीएस जूपिटर 110 : बेजोड़ डिजाइन, जबरदस्त परफॉर्मेंस, सुविधा के साथ पूरा आराम**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




टूव्हीलर और थ्रीव्हीलर बनाने में दुनिया की नामी कंपनियों में से एक टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) ने आज ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 लॉन्च किया है। यह स्कूटर नेक्स्ट जनरेशन के इंजन और भविष्य के लिहाज से सेगमेंट में पहली बार पेश किए गए कई फीचर्स से लैस है। ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 ज्यादा के सार को दर्शाता है - ज़्यादा स्टाइल, माइलेज, प्रदर्शन, आराम, सुविधा, सुरक्षा और तकनीक। टीवीएस जूपिटर एक अटूट साथी के रूप में अपने 65 लाख ग्राहकों की कई तरह की जरूरतों को लगातार पूरा करता आया है। .

ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 के लॉन्च पर बोलते हुए टीवीएस मोटर कंपनी के निदेशक और सीईओ श्री के.एन. राधाकृष्णन ने कहा कि नया टीवीएस जुपिटर 110 ग्राहकों की अपेक्षाओं, इंजीनियरिंग, तकनीक, डिजाइन और एर्गोनॉमिक्स पर निवेश करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, यह समय से बहुत आगे की चीज है। हमने टीवीएसएम शोरूम में ग्राहक अनुभव की गुणवत्ता को भी अपग्रेड किया है और नया टीवीएस जूपिटर 110 एक्सपीरियंस के इस पूरे पैकेज को आगे ले जाता है। हमें विश्वास है कि टीवीएस जूपिटर अपने कई फर्स्ट-इन-सेगमेंट फीचर्स के साथ टू-व्हीलर मार्केट में हमारी पोजीशन को और मजबूत करेगा। लॉन्च के मौके पर टीवीएस मोटर कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, हेड कम्यूटर बिजनेस और हेड कॉरपोरेट ब्रांड और मीडिया श्री अनिरुद्ध हलधर ने कहा कि टीवीएस जुपिटर 110 पिछले एक दशक से टीवीएस मोटर स्कूटर पोर्टफोलियो का अगुवा रहा है। समय के साथ, 65 लाख परिवारों ने इस उत्पाद में अपना विश्वास जताया है, जिससे यह भारत के सबसे बड़े ऑटोमोटिव ब्रांडों में से एक बन गया है।

### छत्तीसगढ़ में नारायणपुर व कांकेर की सीमा पर मुठभेड़ में तीन महिला नक्सली ढेर

एजेंसी, रायपुर/नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और कांकेर जिलों की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में गुरुवार सुबह सर्चिंग पर निकली सुरक्षबलों की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। मारे गए तीनों नक्सली महिला हैं, जिनके शव बरामद कर लिये गए हैं। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तीनों महिला नक्सलियों के शव बरामद कर लिये गए हैं। अभी मुठभेड़ जारी है। बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के बाद डीआरजी, एसटीएफ और बीएसएफ के संयुक्त दल को मौके पर रवाना किया गया था। इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने नक्सलियों का मुंहतोड़ जवाब दिया। जवानों की जवाबी कार्रवाई में तीन नक्सली ढेर हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी जवान सुरक्षित हैं। सर्च अभियान जारी है। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं।

## आयुर्वेद उपचार रूमेटोइड आर्थराइटिस के उपचार में प्रभावी

एजेंसी, नई।

दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले ऑटोइम्यून विकार रूमेटोइड आर्थराइटिस (आरए) के उपचार में आयुर्वेद महत्वपूर्ण रुप से प्रभावी है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि एक शोध से पता चलता है कि आयुर्वेद उपचार न केवल आरए की पीड़ा कम करता है बल्कि रोगियों में मेटाबॉलिक (चयापचय) के सामान्यीकरण को भी प्रोत्साहित करता है। यह अध्ययन प्रतिष्ठित शोध संस्थानों के वरिष्ठ शोधकर्ताओं के एक समूह ने किया है। इस शोध में आर्थराइटिस ट्रीटमेंट एंड एडवांस्ड रिसर्च सेंटर (ए-एटीएआरसी), काय चिकित्सा विभाग, राज्य आयुर्वेदिक कॉलेज एवं चिकित्सालय, लखनऊ विश्वविद्यालय; सेंटर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च (सीबीएमआर), एसजीपीजीआईएमएस कैंपस, लखनऊ; और अभिनव अनुसंधान अकादमी (एसीएसआईआर), गाजियाबाद के वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह अध्ययन आयुर्वेद के समग्र चिकित्सा व्यवस्था के दृष्टिकोण के साथ आरए का इलाज किए जाने के मामले में संभावित पैथोलॉजी रिवर्सल के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। इस शोध के प्रथम शोधकर्ता डॉ. संजीव रस्तोगी ने कहा कि यह अध्ययन संप्राप्ति विघटन की आयुर्वेदिक अवधारणाओं का समर्थन करता है जिसमें रोगजनन के कारणों और रोग की जटिलताओं को समाप्त कर



दिया जाता है और दोष को सामान्य स्थिति में लाया जाता है।

जर्नल ऑफ आयुर्वेद एंड इंटीग्रेटेड मेडिसिन (जेएआईएम) में प्रकाशित, अध्ययन ने आयुर्वेद उपचार से प्राप्त करने वाले आरए रोगियों के बीच प्रमुख नैदानिक मापदंडों में पर्याप्त सुधार का उल्लेख किया है। अध्ययन में पाया गया है कि डिजीज एक्टिविटी स्कोर-28, एरिथ्रोसाइट सेडिमेंटेशन रेट (डीएएस-28 ईएसआर) में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। साथ ही सूजे हुए और कमजोर पड़े शारीरिक जोड़ों की स्थिति में सुधार हुआ है। इसके अलावा, उपचार के बाद शरीर में टॉक्सिन की मौजूदगी का आंकलन करने वाले एएमए एक्टिविटी मेज़र (एएएम) में भी काफी कमी भी देखी गई। शोध के तहत आरए रोगियों की चयापचय का भी अध्ययन किया गया। अध्ययन की शुरुआत में, आरए रोगियों के कुछ मेटाबोलाइट्स के स्तर को बढ़ा हुआ पाया, जिसमें सकसिनेट, लाइसिन, मैननोज़, क्रिएटिन और 3-हाइड्रॉक्सीब्यूट्रेट (3-एचबी) शामिल हैं। साथ ही, पाया कि ऐलेनिन के स्तर में कमी आई है। हालांकि, आयुर्वेद उपचार के बाद, ये चयापचय सकेंतक स्वस्थ व्यक्तियों में पाए जाने वाले स्तर की तरह बढ़ने लगे, जो अधिक संतुलित चयापचय स्थिति में वापसी का संकेत देते हैं।

शोधकर्ताओं के अनुसार, यह अध्ययन आरए के उपचार में आयुर्वेद की नैदानिक प्रभावकारिता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने वाला अपनी तरह का पहला अध्ययन है।